


वर्ष : 2 अंक: 180 मूल्य : 4 रु.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

रविवार, 21 फरवरी 2021

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## नीति आयोग की बैठक, आर्थिक विकास के लिए केंद्र और राज्यों को मिलकर काम करना जरूरी: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की छठी बैठक में कहा कि भारत में व्यापार करना आसान बनाने (एंरी ङ्गा ऊङ्गल्लॅ इ४२ल्ली२२) और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और राज्यों को लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई बैठक में उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र को सरकार के आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम का हिस्सा बनने का पूरा अवसर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया बताती है कि देश तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ना चाहता है। कृषि क्षेत्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने ने कहा कि खाद्य तेल जैसी कृषि वस्तुओं के उत्पादन और उनके आयात को कम करने के प्रयास किए जाने चाहिए। इससे किसानों को फायदा होगा।

### बजट ने देश का मूड बताया

प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक को संबोधित करते



हुए कहा कि इस वर्ष के बजट पर जिस तरह की सकारात्मक प्रतिक्रिया आई, उसने बता दिया कि ह्यमूड ऑफ द नेशनह्न क्या है। देश तेजी से आगे बढ़ना मन बना चुका। देश अब समय नहीं गंवाना चाहता। देश के मन को बनाने में देश का युवा मन बहुत बड़ी भूमिका अदा कर रहा है। इस बार के बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए दिए फंड की भी काफी चर्चा हो रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने वाला ये खर्च देश की अर्थव्यवस्था को कई स्तर पर आगे बढ़ाने का काम करेगा और रोजगार के कई अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान, एक ऐसे भारत का निर्माण का मार्ग है जो न केवल अपनी आवश्यकताओं के लिए बल्कि विश्व के लिए भी उत्पादन करे और ये उत्पादन विश्व श्रेष्ठता की कसौटी पर भी खरा उतरे।

### गरीबों के जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला

प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान कहा कि पिछले कुछ वर्षों में बैंक खाते खुलने, टीकाकरण और स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि, मुफ्त बिजली कनेक्शन और मुफ्त गैस कनेक्शन से गरीबों के जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। 2014 के बाद से गांव और शहरों को मिलाकर 2 करोड़ 40 लाख से ज्यादा घरों का निर्माण किया गया है। देश के 6 शहरों में आधुनिक तकनीक से घर बनाने का एक अभियान चल रहा है। एक महीने में नई तकनीक से अच्छे घर बनाने के नए मॉडल तैयार होंगे। पानी की कमी और प्रदूषित पानी से होने वाली बीमारी लोगों के विकास में बाधा न बने इस दिशा में मिशन मोड में काम हो रहा है। जल मिशन के बाद से साढ़े 3 करोड़ से भी अधिक ग्रामीण घरों को पाइप वाटर सप्लाई से जोड़ा जा चुका है।

### कोरोना कालखंड में राज्य और केंद्र ने मिलकर काम किया

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण की शुरूआत में कहा कि हमने कोरोना कालखंड में देखा कि कैसे राज्य और केंद्र सरकार ने मिलकर काम किया। इससे देश सफल हुआ। दुनिया में भारत की एक अच्छी छवि का निर्माण हुआ।आज जब देश अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे करने जा रहा है तब गवर्निंग काउंसिल की बैठक और महत्वपूर्ण हो गई है। मैं राज्यों से आग्रह करूंगा कि आज्दी के 75 वर्ष के लिए अपने-अपने राज्यों में समाज के सभी लोगों को जोड़कर समितियों का निर्माण हो।

## सबसे आधुनिक टैंक रोधी मिसाइलों- हेलिना और ध्रुवास्त्र का सफल परीक्षण, जानें कितने घातक हैं ये हथियार

**नई दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को स्वदेश निर्मित टैंक रोधी मिसाइलों- हेलिना और ध्रुवास्त्र का सफल परीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि इन मिसाइलों को क्रमशः सेना और वायुसेना में शामिल किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने इन मिसाइलों को दुनिया में सबसे आधुनिक टैंक रोधी हथियारों में एक करार दिया है। इन मिसाइलों का परीक्षण राजस्थान के पोखरण रेगिस्तान में किया गया।



रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मिसाइल प्रणाली में सभी मौसम में दिन और रात के समय काम करने की क्षमता है। यह परंपरागत बख्तरबंद के साथ विस्फोटक लक्ष्यों को भी नष्ट कर सकता है। मिसाइल की न्यूनतम और अधिकतम क्षमता का मूल्यांकन करने के लिए पांच परीक्षण किए गए। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि स्थिर और गतिशील लक्ष्यों पर मिसाइल से निशाना साधा गया।

कुछ परीक्षणों में युद्धक हथियारों को भी शामिल किया गया। एक परीक्षण में उड़ते हेलीकॉप्टर से गतिशील लक्ष्य पर निशाना साधा गया। हेलिना और ध्रुवास्त्र तीसरी पीढ़ी की एंटी टैंक गाइडेड मिसाइलें हैं। मंत्रालय ने कहा कि दोनों मिसाइलों का एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर प्लेटफॉर्म से भी परीक्षण किया गया। इन दोनों मिसाइलों का विकास रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने किया है।

'हेलीना' मिसाइल 7-8 किलोमीटर की दूरी तक लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। 'हेलीना' एंटीटैंक गाइडेड मिसाइल 'नाग' का हेलीकॉप्टर से दागे जाने वाला प्रारूप है। कुछ मिशनों को युद्धक टैंकों के साथ युद्धाभ्यास किया गया। 'हेलीना' का परीक्षण आर्मी के हेलीकॉप्टर से किया गया। यह मिसाइल इंफ्रारेड इमेजिंग सीकर (आईआईआर) से गाइड होती है। यह मिसाइल पूर्ण रूप से स्वदेशी तकनीक से बनाई गई है।

उल्लेखनीय है कि बीते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को चेन्नई में सेना को उन्नत श्रेणी के स्वदेशी अर्जुन टैंक एमके-1ए टैंक को सौंपा था। यह टैंक पूरी तरह से स्वदेशी है। इसके डिजाइन से लेकर विकास और मैन्युफैक्चरिंग तक का काम देश में ही किया गया है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन यानी डीआरडीओ के चेन्नई स्थित युद्धक वाहन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान द्वारा यह निर्मित किया गया है।

**संक्षिप्त समाचार**

## स्मृति ईरानी का अमेठी में होगा अपना घर



नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति ईरानी अपने एक दिवसीय दौरे पर 22 तारीख को अमेठी आ रही हैं। इस दौरान स्मृति जायस स्थित राजीव गांधी पेट्रोलियम इंस्टीट्यूट के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। इसके साथ ही अपने आवास के लिए भूमि का बैनामा भी करवाएंगी। स्मृति ने चुनाव के दौरान अमेठी में आवास बनाने का वादा किया था ,इसे पूरा करने के लिए यहां जमीन ले रही हैं। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सोमवार सुबह 9:50 पर लखनऊ एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से होते हुए हैदरगढ़, जगदीशपुर व जामो होते हुए गौरीगंज पहुंचेंगी। कलेक्ट्रेट स्थित उपनिबंधक कार्यालय गौरीगंज पहुंचकर जमीन का बैनामा कराएंगी। स्मृति ईरानी दोपहर तीन बजे बहादुरपुर में राजीव गांधी पेट्रोलियम संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। यहां से निकलकर वो चार बजे सलोन विधानसभा के गोपालपुर गांव में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। जहां सलोन, छतोह और डीह में निर्मित कई नए भवनों का लोकार्पण करने के साथ ही पार्टी कार्यकताओं से मुलाकात भी करेंगी। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी यही से शाम सात बजे लखनऊ एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

## बिहार मैट्रिक परीक्षा में पेपर लीक पर तेजस्वी ने नीतीश सरकार पर कसा तंज

पटना। बिहार में मैट्रिक परीक्षा में पेपर लीक को लेकर तेजस्वी ने एक बार फिर नीतीश सरकार पर तंज कसा है। तेजस्वी ने एक विडियो जारी करते हुए ट्वीट कर कहा कि बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा के लगातार पेपर लीक हो रहे हैं। सरकार गहरी निद्रा में है। हमेशा हमें सरकार को बताना पड़ता है कि ऐसा हुआ है। प्रतिभाशाली और गरीब बच्चों का भारी नुकसान हो रहा है। बिहार बोर्ड के उच्च अधिकारियों की मिलीभगत से ऐसा होता है लेकिन उनपर कोई कारवाई नहीं होती बता दें कि शुक्रवार को पहली पाली में होने वाली सोशल साइंस की परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। शुक्रवार से शुरू हो रहे बिहार बजट के दौरान सदन को नेता प्रतिपक्ष ने पेपर लीक होने की जानकारी दी थी उधर एक बार फिर मैट्रिक परीक्षा के चौथे दिन अंग्रेजी का एक एक पर्चा सोशल मीडिया में वायरल हो गया। इसे आज आयोजित की गई अंग्रेजी की परीक्षा का पर्चा बताया गया।

**बंगाल चुनाव 2021:**

## TMC ने उठाया स्थानीय बनाम बाहरी का मुद्दा, दिया 'बंगाल को चाहिए अपनी बेटी' का नारा

**कोलकाता।** बंगाल विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, प्रदेश में चुनावी सरगर्मी तेज होती जा है। टीएमसी और बीजेपी सहित तमाम राजनीतिक दल चुनावी तैयारियों में जुटे हुए हैं। इसी बीच तृणमूल कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बंगाल की बेटी बताते हुए शनिवार को 'बंगाल को चाहिए अपनी बेटी' का नारा दिया और राज्य में 'स्थानीय बनाम बाहरी' की बहस छेड़ दी।

इस नारे के साथ बनर्जी की फोटो वाले होर्डिंग पूरे कोलकाता में लगा दिए गए हैं। सत्तारूढ़ पार्टी ने ईएम बाईपास के पास स्थित अपने मुख्यालय से आधिकारिक रूप से इसकी शुरूआत की।



तृणमूल कांग्रेस के महासचिव पार्थ चटर्जी ने कहा, राज्य के लोग अपनी बेटी चाहते हैं जो पिछले कई साल से मुख्यमंत्री के रूप में उनके साथ है। हम बंगाल में किसी बाहरी को नहीं लाना चाहते हैं।

तृणमूल कांग्रेस की भाजपा के साथ तल्ख राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता चल रही है और वह भाजपा के नेताओं को बाहरी कहती है, जो राज्य में चुनावी सैर-सपाटे के लिए आए हैं।

इससे पहले भी ममत बनर्जी ने भाजपा नेताओं खासकर अमित शाद पर जमकर हमला बोला था। टीएमसी प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा था कि बीजेपी नेता कहते हैं कि बंगाल में सरस्वती पूजा नहीं होने देंगे। उन्हें मां दुर्गा और काली के बारे में कुछ पता नहीं है और बंगाल में राजनीति करना चाहते हैं।

इस दौरान उन्होंने बीजेपी नेताओं को सरस्वती मंत्र बोलने की चुनौती भी दे दी थी। अपने भाषण में ममता ने कई देवी-देवताओं के नाम भी गिनाए थे और कहा था कि वह भाजपा को हिन्दू धर्म का पाठ सिखाएंगी।

## सरकार एमएसपी पर कानून बनाए या फिर इस छलावे को खत्म करे: योगेंद्र यादव

**नई दिल्ली।** तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा के प्रमुख सदस्य और स्वराज इंडिया के नेता योगेंद्र यादव ने फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी की मौजूदा व्यवस्था को पाखंड करार देते हुए कहा है कि या तो सरकार इसको कानून के दायरे में लाए या फिर इसे समाप्त कर दे। यादव ने कहा कि एमएसपी के नाम पर इस देश में पिछले 50 वर्षों से पाखंड हो रहा है और अब तक किसानों के साथ छलावा किया जाता रहा है। सरकार को अब इस व्यवस्था को या तो कानूनी जामा पहनाना चाहिए या फिर इसे समाप्त कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि एमएसपी का निधार्रण करने वाला कृषि लागत और मूल्य आयोग सरकारी संस्था तो है, लेकिन इसे संवैधानिक दर्जा हासिल नहीं है। इसलिए इसकी सिफारिशें सरकार पर बाध्यता नहीं होतीं। यही कारण है कि एमएसपी की व्यवस्था केवल कागजों तक ही सीमित रहती है और जमीनी स्तर पर लागू नहीं हो पाती। मंडियों में किसानों की दुर्दशा का



हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि जब किसान फसल मंडी में लेकर जाता है तो किसी न किसी बहाने से उसे एमएसपी के बराबर कीमत नहीं दी जाती और उसकी फसल की बोली एमएसपी से नीचे ही लगाई जाती है। उन्होंने कहा कि देश में करीब 14 करोड़ किसान हैं, लेकिन मौजूदा एमएसपी व्यवस्था का लाभ बमुश्किल दस से 15 फीसदी किसानों को ही मिल पाता है और उसमें भी ज्यादातर बड़े किसान शामिल होते हैं। एमएसपी को कानून के दायरे में लाने का एक और फायदा यह होगा कि यदि किसी भी किसान की फसल एमएसपी से नीचे खरीदी जाती है तो उसके पास कानून का दरवाजा खटखटाने का विकल्प होगा। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि उसके बाद किसान की फसल की बोली एमएसपी के बराबर या उससे उपर से ही शुरू होगी। यह पूछे जाने पर कि सरकार एमएसपी के बारे में लिखित आश्वासन देने के लिए तैयार है, उन्होंने कहा कि सरकार अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाडना चाहती है।

## राजद सुप्रीमो लालू यादव रह गए भीतर, चिराग पासवान पर पड़े थपेड़े

**पटना।** बिहार पॉलिटिक्स बजट सत्र का शुभारंभ शुक्रवार को हो गया। कोई चूल्हा-लकड़ी लेकर पहुंचा तो कोई साइकिल पर। ये सब विरोधी थे मंहगाई के, कृषि कानूनों के। सदन में सरकार तन कर खड़ी थी जीडीपी के आंकड़ों के साथ, जो उसे केंद्र से ऊपर दिखा रहे थे। कोरोना में जब सबकी हालत खस्ता थी तो खेती ने बिहार को उबारा था। सत्ता पक्ष उत्साहित था तो दूसरी तरफ राजनीति भी गरम होने वाली थी, क्योंकि रांची जेल में सजा काट रहे लालू प्रसाद की जमानत पर सुनवाई चल रही थी। बाहर आने की उम्मीद का प्रतिशत बढ़ा हुआ था, लेकिन शाम को पानी फिर गया। सीबीआइ की दलील को



अदालत ने मान लिया कि अभी सात साल की सजा, आधी नहीं कटी है। आधी पूरी होने पर ही वह बाहर आ सकते हैं। जबकि लालू पक्ष के मुताबिक आधी कट चुकी थी।

इससे पहले बिहार में बहुत कुछ घटा। लोक जनशक्ति पार्टी पर जदयू का ग्रहण लगा। चुनाव में खता खाए नीतीश ने न केवल लोजपा में गहरी सेंध लगाई, बल्कि चिराग के संसदीय क्षेत्र में भी कांटे बो दिए। सबको मालूम है चुनाव में नीतीश को हराने के लिए चिराग ने हर जतन किए थे। जदयू के खिलाफ हर सीट पर प्रत्याशी उतारे। कुछ हद तक कामयाब भी माने गए जब जदयू को केवल 43 सीटें मिलीं।

## 'हाइब्रिड वॉरफेयर' से निपटने में सक्षम है भारतीय सेना: ध्रुव कटोच



**नई दिल्ली।** हमारा पड़ोसी देश अब सूचनाओं के सहारे युद्ध लड़ने की कोशिश कर रहा है लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि इस तरह के ह्यहाइब्रिड वॉरफेयरह्न से निपटने में भारतीय सेना पूरी तरह से सक्षम है। यह विचार मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) ध्रुव कटोच ने भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) द्वारा सैन्य अधिकारियों के लिए आयोजित मीडिया संचार पाठ्यक्रम के समापन समारोह में व्यक्त किए। इस अवसर पर आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी, अपर महानिदेशक (प्रशासन) के. सतीश नंबूदिरीपाड, अपर महानिदेशक (प्रशिक्षण) ममता वर्मा, डीन (अकादमिक) प्रो. गोविंद सिंह एवं प्रो. प्रमोद कुमार भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर विचार व्यक्त करते हुए ध्रुव कटोच ने कहा कि ह्यहाइब्रिड वॉरफेयरह्न दुश्मन के साथ जंग करने का नये जमाने का तरीका है। इस युद्ध में डेटा का खेल होता है और उस डेटा के विश्लेषण के बाद दुश्मन के खिलाफ चालें चली जाती हैं। उन्होंने कहा कि इस डेटा की मदद से आप दुश्मन देश में गलत सूचनाएं फैलाकर हिंसा और तनाव की स्थिति को जन्म दे सकते हैं। हमारा पड़ोसी देश आजकल यही कार्य कर रहा है, लेकिन भारत ने सूचनाओं के सही प्रयोग से उसे करारा जवाब दिया है। कटोच के अनुसार आज हम जिस दौर में रह रहे हैं, वहां सूचनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। हम मीडिया को मैनेज नहीं कर सकते, हम सिर्फ सूचनाओं को मैनेज कर सकते हैं।

शेष भाग पेज २

## राहुल, प्रियंका ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि को लेकर केंद्र पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी को लेकर शनिवार को सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि इस सरकार के राज में महंगाई का विकास हो रहा है। कांग्रेस से पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पेट्रोलियम उत्पादों के दाम में वृद्धि का हवाला देते हुए ट्वीट किया, महंगाई का विकास, जबकि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा सरकार को सप्ताह के उस दिन का नाम 'अच्छा दिन' कर देना चाहिए जिस दिन डीजल-पेट्रोल के दामों में बढ़ोत्तरी न हो।

प्रियंका ने कहा महंगाई की मार के चलते बाकी दिन तो आमजनों के लिए बेहद महंगे दिन हैं। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को पेट्रोल की कीमत 90 रुपए प्रति



लीटर के स्तर को पार कर गई, जबकि डीजल का दाम बढ़कर 80.60 रुपए प्रति लीटर हो गया। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार 11वें दिन बढ़ोतरी की। शुक्रवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक पेट्रोल की कीमत में 31 पैसे प्रति लीटर और डीजल में 33 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है।

देश में पेट्रोल की बढ़ती कीमतों को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार को फिर एक बार निशाने पर लिया। राहुल गांधी ने ट्वीट कर मोदी सरकार पर तंज कसते हुए लिखा 'महंगाई का विकास'। राहुल गांधी ने अपने ट्वीट के साथ ही एक फोटो भी पोस्ट की।

## ग्राहकों को हक एवं न्याय दिलाना अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का मुख्य उद्देश्य: दिनकरजी सबनीस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ग्राहकों के हित एवं उन्हें न्याय दिलाने के लिए कई दशकों से संघर्षरत है। मदरलैंड वॉइस के वरिष्ठ संवाददाता संजय उपाध्याय ने अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रमुख दिनकर सबनीस से संगठन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से बातचीत की प्रस्तुत हैं बातचीत के अंश:-

**प्रश्न:- अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की स्थापना एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालें ?**

उत्तर:- इस संस्था की स्थापना 1974 में हुई थी। दरअसल अनाज की देश में भारी कमी थी और गोदामों में अनाज की अवैध जमाखोरी चरम पर। लोगों को खाने के लिए अनाज नसीब नहीं हो रहा था, ऐसे में ग्राहक पंचायत ने इसके खिलाफ आंदोलन छेड़ा इसके बाद 25-25 की टोली में सामूहिक खरीदारी शुरू हुई। जिसे लोग बाद में आपस में बांट लेते थे।

**प्रश्न:- कंज्यूमर एक्ट 1986 में अस्तित्व में आया इसमें आपकी संस्था का कोई योगदान ?**



उत्तर:- ग्राहक पंचायत ग्राहकों के हित की लड़ाई पहले से ही लड़ती आ रही है। इसे कानून का शक्ल देना जरूरी था। हमारी संस्था की ओर से हैं प्राइवेट बिल के रूप में इसे संसद में पेश किया गया। जिसके प्रस्तावक तत्कालीन सांसद रामभाऊ बल्गी और अनुमोदक जी एम बनातवाला थे। राजीव गांधी की सरकार में यह बिल पास हुआ । यह हमारी बड़ी उपलब्धि है।

**प्रश्न:- ग्राहक पंचायत के अभी तक के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डालें ?**

उत्तर:- कंज्यूमर एक्ट आने के बाद ग्राहकों को कानूनी संबल मिला। बिल्डरों की मनमानी एवं हेराफेरी से भी ग्राहक परेशान थे। ग्राहक पंचायत के कार्यकर्ताओं ने इस ज्वलंत विषय पर आंदोलन शुरू किया। जिसके बाद बिल्डरों के खिलाफ एफआईआर होने लगा। भाजपा ने आश्वासन दिया कि अगर उनकी सरकार आती है तो रियल एस्टेट पर भी कानून बनाए जाएंगे। भाजपा सरकार के आने के बाद रियल एस्टेट की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए कानून बने। इसके अलावा पंजाब एवं महाराष्ट्र के कई बैंकों में आर्थिक संकट आने पर बैंक ने यह तय किया कि ग्राहकों को ₹1 लाख दिए जाएंगे। जो यथोचित नहीं था, फिर ग्राहक पंचायत ने सरकार पर दबाव बनाया और यह राशि ₹5लाख बढ़ा दी गई। ग्राहकों को उसका पूरा पैसा मिले इसके लिए संस्था अभी भी प्रयासरत है।

**प्रश्न:- ग्राहकों को जागरूक करने के लिए ग्राहक पंचायत क्या करती है ?**


उत्तर:- ग्राहक पंचायत के कार्यकर्ता स्कूलों में जाकर छात्रों को मिलावट, नापतोल आदि के बारे में सजग करते हैं। उन्हें सोशल मीडिया के खतरों के बारे में भी बताया जाता है। इसके अलावा धार्मिक कार्यक्रमों मेला, क्लब आदी में भी प्रदर्शनी लगाकर लोगों को जागृत किया जाता है।

**प्रश्न:- संगठन के स्वरूप के बारे में बताएं ?**

उत्तर:- यह संगठन लगभग पूरे देश में कार्य कर रहा है। वर्तमान में 40 प्रांतों में ग्राहकों की समस्या एवं न्याय दिलाने के लिए संगठन प्रयत्नशील है इसकी अखिल भारतीय, प्रांत एवं जिला स्तर पर कार्यकारिणी है जो विभिन्न विषयों को देखती है।

## राष्ट्रपति से पूर्व न्यायाधीशों और अधिकारियों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग

**नई दिल्ली ।** टूलकिट मामले में जलवायु कार्यकर्ता दिशा रवि की गिरफ्तारी की आलोचना करने वालों की न्यायपालिका और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के पूर्व सदस्यों ने निंदा करते हुए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को एक पत्र लिखा है। उन्होंने इसमें आरोप लगाया है कि निहित स्वार्थ वाले लोग अपनी राष्ट्र विरोधी हरकतों को छिपाने के लिए ऐसा कर रहे हैं और दिल्ली पुलिस पर कीचड़ उछाल रहे हैं। पुलिस की कार्रवाई का बचाव करते हुए उन्होंने कहा कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सूचना यह



स्पष्ट तौर पर साबित होता है कि टूलकिट दस्तावेज के तार आईएसआई (पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी) और खालिस्तानी संगठनों से जुड़े हुए हैं। राष्ट्रपति को लिखे पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले 47 लोगों में राजस्थान के पूर्व मुख्य न्यायाधीश वी एस कोकजे, दिल्ली और पटना उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश रह चुके न्यायमूर्ति राजेंद्र मेनन, पंजाब के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पी सी डोगरा, सीबीआई के पूर्व निदेशक नागेश्वर राव तथा केरल के पूर्व डीजीपी आर पद्मनाभन शामिल हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि दिल्ली पुलिस को निहित स्वार्थ वाले लोगों के गैर वाजिब दबाव के बगैर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से मामले की जांच करने दिया जाए तथा भारत में और विदेश में अलगावावादी ताकतों के हाथों की कठपुतली बने लोगों को न्याय के दायरे में लाने दिया जाए। उल्लेखनीय है कि कई विपक्षी पार्टियों और संगठनों ने दिशा की गिरफ्तारी की आलोचना करते हुए आरोप लगाया है कि यह लोकतंत्र पर हमला है। साथ ही, उन्होंने सरकार पर अपनी आलोचना करने वालों को खामोश करने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया है।

# नई दिल्ली जिला पुलिस द्वारा पुलिस नागरिक सदभावना कार्यक्रमों से सुरक्षा के प्रति किया आम नागरिकों को जागरूक

» **विजय गौड़ विशेष संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के स्थापना दिवस पर नई दिल्ली जिला पुलिस द्वारा विभिन्न पुलिस नागरिक सदभावना कार्यक्रम आयोजित किये गए इन कार्यक्रमों की कड़ी में जिले के अतिरिक्त आयुक्त पुलिस ने गेट नंबर 01, कनॉट प्लेस मेट्रो स्टेशन पर पहुंचा। लोगों को Addl द्वारा संबोधित किया गया था। डीसीपी- क / नई दिल्ली जिला और एसीपी कनॉट प्लेस। दर्शकों के बीच मिठाइयां भी बांटी गईं। रेडक्रॉस सोसाइटी की मदद से नई दिल्ली जिले के पुलिस स्टेशन पार्लियामेंट स्ट्रीट कॉम्प्लेक्स में एक रक्तदान शिविर में नई दिल्ली जिले के 50 पुलिस कर्मियों ने शिविर में लोगों के बहुमूल्य जीवन को बचाने के लिए रक्तदान किया।





जिले में 69 बैठकों में माध्यम से कुल 231 वरिष्ठ नागरिकों से संपर्क कर उनका फूलों से स्वागत किया गया । मौके पर वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर किया गया।

वरिष्ठ नागरिकों को किसी भी आपात स्थिति में दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ नागरिक ऐप और वरिष्ठ नागरिक हेल्पलाइन नंबर 1291 के बारे में भी बताया गया।,

बाल सहयोग , बाराखंभा रोड पर जाकर दिल्ली पुलिस के कामकाज के बारे में बच्चों को जागरूक किया गया। बच्चों के बीच मिठाई भी बांटी गई। नई दिल्ली जिले के सभी पुलिस थानों में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन / मार्केट वेलफेयर एसोसिएसहन के साथ १२ बैठकों में समन्वय, सुरक्षा, आतंकवादी मुद्दे, किरायेदार सत्यापन, नौकर सत्यापन और कुछ व्यक्तिगत मुद्दे पर जिले के पुलिस अधिकारिओं ने खुली बातचीत की दिल्ली हार्ट एंड लंग इंस्टीट्यूट के सहयोग से नई दिल्ली जिले के पुलिस कर्मियों के लिए निः शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर पुलिस स्टेशन संसद मार्ग परिसर, नई दिल्ली जिले में आयोजित किया गया

इंडिया गेट पर दिल्ली पुलिस बैंड का लाइव प्रदर्शन आयोजित किया गया। पुलिस मित्र और सुरक्षा गार्ड के ग्रुप में बैठक कर जिले की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया समस्त कार्यक्रमों का आयोजन जिला उपायुक्त पुलिस ईश सिंघल भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी के कुशल निर्देशन में हुआ।

# मानस परिवार सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित संगीतमय श्री राम कथा मनोहारी

» **स्वतंत्र सिंह भुल्लर**

नई दिल्ली। मानस परिवार सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित संगीतमय श्री राम कथा के तृतीय दिवस में प्रेम मूर्ति युवा संत सर्वेश जी महाराज ने शिवजी के पावन विवाह का वर्णन किया कि बाबा शिव जी को पाने के लिए पार्वती जी ने घोर तप किया। पार्वती तप किनह अपारा करहु तास अब अंगी कारा तब शिव बाबा ने स्वीकार किया और कहा सिर धर आयसु करब तुम्हारा परम धर्म यह नाथ हमारा और कथा प्रसंग को बढ़ाते हुए बताया कि शिव बाबा और पार्वती जी के बीच विवाह में कहीं भी दहेज की चर्चा नहीं आई संत सर्वेश जी महाराज ने कहा कि दुल्हन ही दहेज है आज समाज की सबसे बड़ी विडंबना दहेज है दहेज रूपी दानव हिंदू समाज को खोखला कर रहा है हर किसी को इस से सजग होना चाहिए हमारे समाज से दहेज रूपी दानव समाप्त होना चाहिए बाबा शिव जी ने पुनः विवाह किया और इसी बीच में बाबा तुलसी मानस में लिखते हैं पानी ग्रहण जब कीन्ही महेशा हिय हरशे तब सकल सुरेशा।



हर किसी को आनंद हुआ यहां तक इंद्र आदि सब देवी देवता आक- ाश मार्ग से पुष्प वृष्टि किए और साथ ही विदाई बाबा शिव जी की पार्वती के साथ हुई मैना माता ने पार्वती जी को विदाई के समय समझाया और कहा करेहु सदा शंकर पद पूजा नारी धर्म पति देव न दूजा वचन कहत भरी लोचन बारी बहुरी लाइ कर लिनह चीनहारी बाबा तुलसी ने श्री रामचरि- तमानस में वर्णित किया है और कथा के विवाह शिव विवाह प्रसंग में के दौरान मौजूद रहे धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू भैया रवि मिश्रा जी संतोष मिश्रा जी शिवम पांडे जी डीपी सिंह जी आध्या सिंह ललिता तिवारी रेशम सिंह सुभरा शुक्ला सौरभ त्रिपाठी श्री रामनरेश त्रिपाठी शुभम मिश्रा पप्पू मिश्रा रवी शास्त्री केशव शास्त्री शुभम तिवारी राकेश दुबे अजय शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

# 'हाइब्रिड वॉरफेयर' से निपटने में ...

**पेज १ का शेष**

कटोच ने कहा कि न्यू मीडिया के इस दौर में समाज के हर वर्ग के लिए मीडिया साक्षरता अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज जब लगभग हर व्यक्ति के हाथ में स्मार्टफोन है, तब मीडिया के दुरुपयोग की संभावना कई गुना बढ़ गई है और इसे केवल मीडिया साक्षरता के माध्यम से ही नियंत्रित किया जा सकता है। कटोच ने कहा कि मीडिया साक्षरता से हमें उस मनोवैज्ञानिक युद्ध का मुकाबला करने में भी मदद मिलेगी, जिसे आज हम पूरी दुनिया में देख रहे हैं। हमें भारत विरोधी ताकतों द्वारा एक उपकरण के रूप में अपनाए जा रहे इस मनोवैज्ञानिक युद्ध से सचेत रहना होगा। हमें यह सीखना होगा कि देश और देशवासियों की बेहतरी के लिए मीडिया की ताकत का इस्तेमाल कैसे किया जाए। इस अवसर पर आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी ने कहा कि हमारे देश में सेना को हमेशा सम्मान और गर्व के भाव से देखा जाता है। इसलिए सभी सैन्य अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वह अपनी संचार कुशलता से और संचार माध्यमों के सही प्रयोग से भारतीय सेना की उस छवि को बनाए रखें। प्रो. द्विवेदी ने कहा कि मौजूदा समय बदलाव का समय है। 21वीं शताब्दी ह्यइंटरनेट और सोशल मीडियाह्न के युग की शताब्दी मानी जा रही है। आज फेक न्यूज अपने आप में एक बड़ा व्यापार बन गई है और डिजिटल मीडिया ने भी इसे प्रभावित किया है।

# नोएडा में 5500 करोड़ का निवेश करेगी आइंकिया लगभग 22 हजार को रोजगार



» **अजय प्रताप सिंह**

नोएडा। नोएडा के लोगों के लिए यह खबर बहुत महत्वपूर्ण है। वजह है कि इंगका सेंटर्स इंडिया नामक बहुराष्ट्रीय कंपनी अब नोएडा में बड़ा निवेश करने जा रही है। यह बहुराष्ट्रीय कंपनी नोएडा में होटल, शापिंग माल, रिटेल और आउटलेट आदि का निर्माण करेगी, इससे लगभग दो हजार लोगों को प्रत्यक्ष जबकी बीस हजार को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की संभावना जताई जा रही है। इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल माध्यम से आइंकिया और नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के बीच भूमि की लीज डीड का आदान प्रदान किया गया।

योगी ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अब सरकारी प्रयासों से नोएडा, ग्रेटर नोएडा, व यमुना अथारिटी देश में सबसे अधिक निवेश के लिए लुभावने स्थान बनकर उभरे हैं। औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महानता ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में नोएडा और समूची यूपी विकास और स्थायित्व के नित नये मानदंड स्थापित कर रहे हैं। जिसका श्रेय मुख्यमंत्री जी को जाता है।

# दुर्गेश पाठक ने चांदनी चौक के हनुमान मंदिर में विश्व शांति के लिए की पूजा



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने चांदनी चौक के प्राचीन हनुमान मंदिर में संकट मोचन प्रभु पवन सुत हनुमान जी की स्थानीय लोगों के साथ पूजा अर्चना की। पूजा करते हुए उन्होंने विश्व शांति के लिए प्रार्थना की। दुर्गेश पाठक के साथ बैठकर पूजा करने के लिए स्थानीय जनता की भारी भीड़ उमड़ आई। जनता ने दिल्ली में आए बदलाव और उन्हें मिली सुख सुविधाओं के लिए आम आदमी पार्टी का धन्यवाद किया। एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने हनुमान जी के इस मंदिर को तोड़ दिया था, लेकिन जनता ने अपनी श्रद्धा से इसे फिर से बनाकर खड़ा कर दिया है। जनता विश्वास और उम्मीदों के साथ सरकार चुनती है। ऐसे में हम उनके विश्वास और उम्मीदों पर खरा उतरने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। दिल्ली की भाजपा ने जनता के विश्वास और उम्मीदों को कुचल कर रख दिया। दिल्ली की जनता एमसीडी में बैठी भाजपा से परेशान हो चुकी है और अब यह ज़िम्मेदारी आप सरकार को सौंपना चाहती है।

आम आदमी पार्टी के एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि, यह कहते हुए बहुत दुख होता है कि चांदनी चौक में संकट मोचन हनुमान जी के इस मंदिर को उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने तोड़ दिया था। ऐसा करके एमसीडी ने भक्तों की श्रद्धा के साथ खिलवाड़ किया। लेकिन भक्तों ने फिर से यह मंदिर बनाया है। आप सरकार भक्तों के साथ है और हम यहां प्रार्थना करने आए हैं कि संकट मोचन हनुमान जी देश और दुनिया के सारे संकट दूर करे और सबको सद्बुद्धि दें। कोरोना के समय में लोगों की नौकरियां गई हैं, लोगों को भारी स्वास्थ्य हानि हुई है, प्रभु बजरंगबली सबकी रक्षा करें, सबके जीवन से समस्याओं का खात्मा करें। मेरी उनसे यही प्रार्थना है, जिसके लिए आज हम यहां उपस्थित हुए हैं। आम आदमी पार्टी ने हमेशा यही माना है कि जब आप की जनता सुखी और खुश रहेगी, तभी सत्ता में बैठी सरकार आगे बढ़ सकती है।

# वेंकैया नायडू ने कहा, भारतीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार में योगदान दें

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस से पहले, शनिवार को संसद सदस्यों से आह्वान किया कि वे भारतीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार में योगदान दें। उन्होंने सबसे पहले सीखी जाने वाली और बोली जाने वाली मातृको ह्यजीवन की आत्मा करार दिया। सांसदों को ईमेल से भेज तीन पृष्ठों के पत्र में इन भाषाओं को प्रोत्साहित करने की अपील की। राज्यसभा के सभापति ने कहा कि मातृकिसी भी बच्चे के लिए दुनिया का पहला झरोखा होता है और इस बात के पर्याप्त साक्ष्य हैं कि घर पर सीखी जाने वाली पहली से शैक्षणिक प्रदर्शन को सुधारने में मदद मिलती है और दूसरी को सीखने में सुविधा होती है। नायडू ने पत्र में इस बात का उल्लेख किया कि भाषीय अवरोधों को खत्म करके बच्चों की रचनात्मक क्षमताओं को फल-फूलने का मौका दिया जाना चाहिए।

# माता सरस्वतीजी से सद्बुद्धि एवम मंगलकामना की प्रर्थना

## एंजेलिक मॉडर्न स्कूल में सरस्वतीजी पूजनोत्सव



» **मदरलैंड संवाददाता**

नई दिल्ली। आरडब्लूए, ई ब्लॉक,जवाहर पार्क द्वारा पहली बार ऐतिहासिक कदम के तहत मशहूर समाजसेवी एवं आरडब्लूए के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक चेयरमैन प्रदीप कुमार दूबे सर द्वारा एंजेलिक मॉडर्न स्कूल के परिसर में विद्या एवं ज्ञान की महादेवी माता सरस्वती जी का पूजन एवं देश , समाज एवं कॉलोनी निवासी के सुख शांति एवं सद्बुद्धि के लिए मांगलिक सामूहिक हवन किया गया।

इस अवसर पर अनेक गण मान्य की उपस्थिति एवं भव्य सामूहिक हवन एवं संध्या आरती एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति सराहनीय एवं चर्चा का विषय बना। इस शुभ अवसर पर डॉक्टर सुनील कुमार, नवीन ठाकुर, ब्रज भूषण मिश्रा, संजीव शर्मा, सोहन दास, मोहर सिंह,जय भगवान दास, जय राम शर्मा, भोला शर्मा, बंसल जी, कृष्ण कुमार बिंदल, परमानंद सोनी, नितिन, अभिषेक, सोनू, विनोद सिंह एवं कई गण मान्य उपस्थित होकर पुष्पांजलि अर्पित किए।एंजेलिक मॉडर्न स्कूल की प्रिंसिपल गीता विष्ट एवं शिक्षिकाओं द्वारा माता सरस्वती पूजा समारोह में शामिल होकर सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। डॉक्टर सुनील कुमार के अनुपम योगदान को बहुत सराहा गया।

प्रधान मिथिलेश कुमार एवं आर डब्लू ए टीम द्वारा कॉलोनी में गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस , मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, कोरोना योद्धा सम्मान समारोह,महत्वपूर्ण हस्तियों को प्रशस्ति पत्र और अब पहली बार सार्वजनिक रूप से ऐतिहासिक सरस्वती पूजा समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली पुलिस ने किया दिशा की बेल का विरोध, कोर्ट में कहा वह भारत में पैदा करना चाहती थीं अशांति

नई दिल्ली। 'टूलकिट' मामले में गिरफ्तार पर्यावरण एक्टिविस्ट दिशा रवि की जमानत याचिका पर शनिवार को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई जारी है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र राणा की कोर्ट दिशा की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही है। अदालत में सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने दिशा रवि की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि यह महज एक ह्यटूलकिटह्न नहीं थी, उनका असली मंसूबा भारत को बदनाम करने और अशांति पैदा करना था। दिशा ने वॉट्सऐप पर हुई चैट मिटा दी थी, वह कानूनी कार्रवाई से अवगत थी। इससे यह जाहिर होता है कि ह्यटूलकिटह्न के पीछे नापाक मंसूबा था। पुलिस ने कहा कि दिशा रवि भारत को बदनाम करने और किसानों के प्रदर्शन की आड़ में अशांति पैदा करने की वैश्विक साजिश के भारतीय चैप्टर का हिस्सा थी। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में कहा कि एक प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस ने 11 जनवरी को इंडिया गेट और लाल किले पर खालिस्तानी झंडा फहराने वाले को इनाम देने की घोषणा की थी। दिल्ली पुलिस ने कहा कि किसी तरह यह टूलकिट सोशल मीडिया पर लीक हो गया और सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध था, उसी को हटाने की योजना बनाई गई और प्रदर्शन किया गया। दिल्ली पुलिस ने अदालत के सामने कहा कि ये संगठन कनाडा से संचालित था और चाहता था कि कोई व्यक्ति इंडिया गेट, लाल किले पर झंडा फहराए। वे किसानों के विरोध की आड़ में ऐसी गतिविधियों को अंजाम देना चाहते थे और यही कारण है कि पोएटिक जस्टिस फाउंडेशन शामिल हैं।

### मोदी सरकार जिस प्रकार से देश को लूट रही, उससे गरीब लोगों की कमर टूट रही हैं: राघव चड्ढा

नई दिल्ली । देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफा लगातार जारी है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण आम लोगों को महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। विपक्ष लगातार मोदी सरकार पर हमलावर है। आम आदमी पार्टी के नेता चड्ढा ने भाजपा पर हमला किया है। राघव चड्ढा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी जिस प्रकार से इस देश को लूट रही है, जिस प्रकार से गरीब लोगों की कमर तोड़ रही है और लोगों की जेब पर डाका डाल रही है, मुझे नहीं लगता है इस देश के इतिहास में इस तरह से किसी भी सरकार ने किया होगा। वहीं, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने दावा किया है कि पेट्रोल और डीजल के दाम वैश्विक बाजार तय करता है, हमने महंगाई कम करने के लिए समय-समय पर दाम घटाया है। भारत सरकार इनके दाम घटाने के लिए कृतसंकल्पित रहती है।

### देश की राजधानी में भी महिला सुरक्षित नहीं हर 5 घंटे 10 मिनट पर होता है एक रेप

नई दिल्ली। देश की राजधानी में महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति क्या है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दिल्ली में हर पांच घंटे दस मिनट पर एक महिला का रेप होता है। आंकड़ों में इस बात का खुलासा हुआ है। 2020 में बीते साल की तुलना में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की कुल संख्या में कमी आई। इसके बावजूद राष्ट्रीय राजधानी में अभी भी 1,699 बलात्कार, 2,186 छेड़छाड़ और बच्चों के खिलाफ यौन उत्पीड़न के 65 मामले दर्ज किए गए। साल 2019 में 2,168 बलात्कार, 2,921 छेड़छाड़ और पास्को अधिनियम (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012) के तहत 109 मामले दर्ज किए गए थे।

# सिविल डिफेंस ऑफिस में सिविल डिफेंस पदाधिकारियों की मीटिंग का आयोजन

» **मदरलैंड संवाददाता**



फरीदाबाद। फरीदाबाद सेक्टर 12 स्थित सिविल डिफेंस ऑफिस में सिविल डिफेंस पदाधिकारियों की मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें कंपनी कमांडर अनिल कुमार सीडीआई ईश्वर सिंह चीफ वार्डन सिविल डिफेंस डॉ एमपी सिंह होमगार्ड से रंजीत सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अनिल कुमार ने कहा कि जिनका नाम वैक्सीन के लिए पोर्टल पर आया हुआ है वह अवश्य वैक्सीन लगवा ले तथा सी डी आई ईश्वर सिंह ने सिविल डिफेंस की जानकारी दी। इस अवसर पर चीफ वार्डन सिविल डिफेंस डॉ एमपी सिंह ने सरूरपुर से महावीर को जनता कॉलोनी से राकेश झाम को टू बी ब्लॉक से भरत भाटिया को टू एन ब्लॉक से संदीप भाटिया को टू ए ब्लॉक से सुरेंद्र को थ्री एच ब्लॉक से विशाल भाटिया को वन ए ब्लॉक से उमित भाटिया को दो नंबर जे ब्लॉक से मनोज भाटिया को 3जी से सुधीर भाटिया को तिलपत गांव से जय कुमार गुप्ता को इंदिरा कॉलोनी से संजय कुमार गुप्ता को तिरखा कॉलोनी से योगेश कुमार को वार्डन बनाया तथा इस्माइलपुर अगवानपुर बसंतपुर का श्याम कुमार जवाहर कॉलोनी पर्वतीय कॉलोनी से अवतार सिंह 2 एम 3डी 3 ई से गुरकीरत सिंह को पोस्ट वार्डन नियुक्त किया तथा उनकी जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी अंत में रंजीत सिंह ने आए हुए सभी स्वयंसेवकों का धन्यवाद किया।

# 34 दिनों में 1 करोड़ लोगों को लगी वैक्सीन भारत में सबसे तेज टीकाकरण

**नई दिल्ली।** भारत में दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान जारी है। सबसे तेज टीका लगाने के मामले में भारत दुनियाभर में अमेरिका के बाद दूसरा देश है। भारत में एक करोड़ से अधिक लोगों को वैक्सीन लग चुकी है और सबसे खास बात यह है कि भारत ने यह आंकड़ा महज 34 दिनों में पार किया है। शुक्रवार तक देश में एक करोड़ से ज्यादा लोगों को कोरोना का टीका लगाया जा चुका है और पूरी दुनिया में ऐसा करने वाला भारत दूसरा देश है। इससे पहले अमेरिका 31 दिनों में एक करोड़ लोगों को टीका लगा चुका है। भारत ने ये आंकड़ा 34 दिनों में पूरा किया है। भारत ने 16 जनवरी को कोरोना से लड़ने के लिए लोगों को टीका लगाना शुरू कर दिया था ।

# फरीदाबाद के कॉन्फ्रेंस रूम में डिस्टिक टास्क फोर्स की मीटिंग



» **हृदयेश कुमार**

फरीदाबाद। लघु सचिवालय फरीदाबाद के कॉन्फ्रेंस रूम में डिस्टिक टास्क फोर्स की मीटिंग का आयोजन अतिरिक्त उपायुक्त फरीदाबाद सतवीर मान के नेतृत्व में किया गया जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रणदीप पूनिया डिप्टी सीएमओ डॉ रमेश चंद्र चीफ वार्डन सिविल डिफेंस डॉ एमपी सिंह ईएसआई हॉस्पिटल से डॉ अनीता डॉ चारू डॉ पूजा गोयल आई एम ए की प्रधान डॉ पुनीता हसीजा डीडीपीओ प्रदीप कुमार डीडीपीओ सतीश कुमार पुलिस विभाग से सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह सीआईएसएफ से इंस्पेक्टर जेपी यादव सीआरपीएफ से सब इंस्पेक्टर के एस यादव रिवेन्यू से गुरु करण सिंह डीपीओ अनीता शर्मा डब्लू सीडी शकुंतला रखेजा डब्ल्यू सीडी मीनाक्षी चौधरी डब्लू सीडी मायरा तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे इस सभा को संबोधित करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त सतवीर मान ने कहा कि जिनका नाम लिस्ट में आ गया है उन सभी को वैक्सीन का टीका लगवा लेना चाहिए इससे किसी प्रकार का कोई शारीरिक नुकसान नहीं होता है।

# रिजवान इदरीशी को बनाया गया विधानसभा अध्यक्ष

» **मदरलैंड संवाददाता**

लोनी। क्षेत्र के इनाम विहार कॉलोनी में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। यह मीटिंग अख्तर इदरीशी के आवास पर की गई। जिसमें अंजुमन इदरीसिया सामाजिक संस्था के जिला अध्यक्ष इरशाद प्रधान इदरीसी द्वारा रिजवान इदरीशी को इनाम विहार कॉलोनी से विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया।

जिला अध्यक्ष इरशाद प्रधान इदरीशी ने वहां पर मौजूद बिरादरी के लोगों को अंजुमन इदरीसिया सामाजिक संस्था के कार्यों के बारे में बताया। रिजवान इदरीशी ने कहा कि वे अंजुमन इदरीसीया सामाजिक संस्था के पद का सम्मान करते हुए। संस्था के उद्देश्य के बारे में बिरादरी के लोगो को जागरूक करने का कार्य करेंगे।

साथ ही गरीब, मजबूर, बेसहारा, यतीम लोगों की मदद करेंगे और अशिक्षित बच्चों को हर संभव शिक्षा दिलाने का काम भी करेंगे, और संस्था को एक अच्छी टीम बनाकर देंगे।



इस मौके पर बिरादरी के सम्मानित लोग, लियाकत अली इदरीसी, इकबाल इदरीसी, अनवर इदरीसी, फौजी इब्राहीम इदरीसी, फिरोज इदरीसी, आशमोहम्मद इदरीसी,रियासत इदरीसी अजरूद्दीन इदरीसी, फरमान इदरीसी, बशरूद्दीन इदरीसी, साजिम इदरीसी, इकराम इदरीसी, वार्ड नंबर 54 के सभासद अफफाक अली इदरीशी, सोनू इदरीशी,मोमिन,चांद मोहम्मद इदरीशी, फरमान इदरीशी और जिला अध्यक्ष इरशाद प्रधान इदरीसी आदि सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# कागारौल में पुलिस ने दबोचा सट्टेबाज सीओ की अगुवाई में हुई कार्रवाई

» शंकरदेव तिवारी



आगरा। कस्बा कागारौल में सट्टेबाजी और जुआ की खुलेआम सजती गद्दियों के खिलाफ सीओ ने मोर्चा संभाल लिया। गुरुवार शाम सीओ अछ्नेरा महेश कुमार ने अपनी टीम के साथ गोपनीय तरीके से कागारौल में कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिसकर्मियों को कुख्यात सट्टेबाज की गद्दी पर सट्टा लगाने के लिये भेज दिया। इसी दौरान सट्टेबाज को पुलिस कर्मियों ने सट्टा लगाने की बात की और सट्टा लगा लिया इतने में पुलिस ने सट्टेबाज पकड़ लिया। उसके कब्जे से 9400 रुपये और सट्टे की पर्चियां बरामद हुई हैं। वहीं कस्बे में हुई अचानक कार्रवाई से हड़कंप मच गया।कस्बे के अन्य सट्टेबाज अपने ठिकानों से भाग निकले।उल्लेखनीय है कि कस्बा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर सट्टे का काम खुलेआम संचालित किया जा रहा है। स्थानीय पुलिस के कथित रूप से संरक्षण में चल रहे इस अवैध कारोबार की भनक लगते ही सीओ ने खुद कार्रवाई को अंजाम दिया। थाना पुलिस को सीओ की कार्रवाई की भनक भी नहीं लग पायी। सीओ महेश कुमार ने बताया कि सट्टेबाजी और जुआखोरी को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लायी जायेगी। बाद में सी ओ महेश कुमार ने थाना अध्यक्ष प्रशांत त्यागी एवं थाना पुलिस को मौके पर बुलाकर अन्य सट्टा लगाने वाले लोगों को पकड़ने के लिए दविस दी लेकिन जब तक सटोरिया भाग निकले। टीम में हेड कांस्टेबल राजेंद्र सिंह कॉन्स्टेबल धर्मेंद्र कुमार थाना अध्यक्ष कागरोल प्रशांत त्यागी कुलदीप मलिक, नितिन यादव आदि लोग शामिल थे।

# ब्लॉक प्रमुख पिनाहट सुग्रीव चौहान का जोरदार स्वागत

» मदरलैंड संवाददाता



आगरा। सुशासन का सही मायने भाजपा सरकार है। देश में मोदी और प्रदेश में योगी सरकार ने निर्देशन से ही समग्र राष्ट्र का निर्माण हो रहा है। शुक्रवार को किंदरपुरा में ब्लाक प्रमुख पिनाहट सुग्रीव सिह चौहान का स्वागत समारोह आयोजित जिसमें आयोजन कर्ता एबरन सिंह यादव ने 101 किलो के फूलो की माला पहनाकर व चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख पिनाहट सुग्रीव सिह चौहान ने सभा को सम्बोधित करते हुऐ कहा कि भाजपा सरकार की मतलब सुशासन है। दिखाना तो दूर आंख मिलाकर बात नही कर रहे है। देश में मोदी और प्रदेश में योगी अब तक बाह विधानसभा को विकास के आयामों से वंचित रखा गया है। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा अब बाह में भी विकास के संसाधन जल्द स्थापित किये जायेगे। हमें राजनीति में कुछ सुधारों की जरूरत है। जिनके बाद ही हमें बदलाव नजर आयेगा उन्होने कहा कि भाजपा सरकार विकासशील भारत को विकसित बनाने वाली सरकार है। इस दौरान सुनील सीए,कमल सिंह राजेश परिहार,सियाराम त्यागी राजकुमार गुर्जर,संजय यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# किठौर बाजार से बाइक चोरी,दी थाने में तहरीर



» मदरलैंड संवाददाता

किठौर। कस्बे के बाजार में किसी काम से आए युवक की अज्ञात चोर बाइक चुराकर कर ले गए इसकी तहरीर थाने में दी है। जानकारी के अनुसार सलमान पुत्र शरीफ निवासी गांव बाढ़ली थाना बाबूगढ़ कार्य से किठौर बाजार आया था वह अपनी बाइक खड़ी कर सामान खरीदने लगा माल खरीद कर वापस लौटा तो बाइक गायब थी काफी तलाश करने के बाद जब उसकी बाइक नहीं मिली उसने इसकी सूचना थाने मे दी है पुलिस ने तहरीर लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### बच्ची को अपहृत कर दुष्कर्म करनेवाला आरोपी पुलिस मुठभेड में गोली लगने के बाद गिरफ्तार



कांति प्रसाद ,गढमुक्तेश्वर। सिंभावली क्षेत्र से पांच वर्षीय बच्ची को अपहत करके उसके साथ दुष्कर्म करने वाले पाक्सो एक्ट के आरोपी को संयुक्त पुलिस टीम ने मुठभेड के बाद गोली लगने पर गिरफ्तार करने में कामयाबी पायी है। आरोपी के कब्जे से बच्ची की कॉपी, बाईक उसका बैग, अवैध तंमचा व कारतूस बरामद हुऐ हैं।एसपी नीरज कुमार जादौन ने संयुक्त पुलिस टीम को 25 हजार का इनाम देने की घोषणा की है। एसपी नीरज कुमार जादौन ने जानकारी देते हुऐ बताया कि थाना सिंभावली क्षेत्र के एक गांव से बृहस्पतिवार को करीब साढे तीन बजे एक बाईक सवार आरोपी युवक ने गावं निवासी सात वर्षीय बहन के साथ टयूशन पढने जा रही पांच वर्षीय बच्ची का अपहरण कर लिया था। आरोपी युवक बच्ची को बाईक पर लेकर जनपद मेरठ के थाना किठौर क्षेत्र के गांव महलवाला के जंगल में पहुंचा ओर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। एक किसान ने बच्ची की चीख सुनकर बच्ची के पास पहुंचा लेकिन जब तक आरोपी वहां से भाग चुका था। बच्ची को मेरठ मैडीकल अस्पताल में भर्ती कराने के बाद अज्ञात आरोपी को पकडने के लिए सिंभावली थानाध्यक्ष राहुल चैधरी, गढ कोतवाली प्रभारी शीलेश कुमार, बहादुरगढ थानाध्यक्ष राजीव बालियान, जनपद की एसओजी टीम ए प्रभारी नीरज कुमार व टीम सी प्रभारी नसीम खान के नेतृत्व में कई टीमें बनाई गई। आरोपी की पहचान जनपद मेरठ के थाना परीक्षितगढ क्षेत्र के गांव गोविंदपुरी निवासी अनुज के रूप में हुई। होने के बाद पुलिस उसकी गिरफ्तारी में लग गई। शनिवार की सुबह करीब चार बजे नवादा नहर पुल के पास जंगल में पुलिस टीम ने बाईक सवार आरोपी को रोकना चाहा तो आरोपी ने पुलिस पर गोली चला दी। जिससे बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी की टांग में गोली लगने पर वह घायल हो गया। आरोपी के कब्जे से बच्ची की कॉपी, बाईक उसका बैग, अवैध तंमचा व कारतूस बरामद हुऐ हैं। आरोपी की रिश्तेदारी बहादुरगढ क्षेत्र के एक गांव में बतायी जाती है ओर घटना वाले गांव के पास मेले में जाने को कहकर गया था जब उसने घटना को अंजाम दिया। एसपी नीरज कुमार जादौन ने संयुक्त पुलिस टीम को 25 हजार का इनाम देने की घोषणा की है। ग्रामीणो ने पुलिस टीम को फूल देकर पुलिस की आरोपी के विरूद्व की गई कार्रवाई को सही बताते हुऐ प्रशंसा की है। घटना की सूचना पाकर सपा नेता पूर्व मंत्री मदन चैहान व अन्य क्षेत्रीय नेता पीडित परिवार से मिलने उनके गांव में पहुंचे।

### दलित पत्रकार पर हो रहे उत्पीड़न को लेकर आजाद समाज पार्टी, व भीम आर्मी ने संयुक्त रूप से दिया ज्ञापन




सरताज अहमद , मुजफ्फरनगर। यूपी के जनपद मुजफ्फरनगर में शनिवार को आजाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी के संगठन ने पार्टी हाईकमान के निदेर्शानुसार संयुक्त रूप से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर सैकड़ों की संख्या में पहुंच कर दलित पत्रकार पर हुए उत्पीड़न के चलते दर्ज मुकद्दमे के आरोपियो की उठाई गिरफ्तारी की मांग, तो वही राष्ट्रपति महोदय भारत सरकार व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, के साथ साथ अनुसूचित जाति आयोग लखनऊ को भेजा गया ज्ञापन,ज्ञापन में मुख्य रूप से संगठन के पदाधिकारियों ने दलित पत्रकार के शोषण से क्षुब्ध होकर जल्द से जल्द भोपा थाना में दर्ज एससी एसटी एक्ट मैं गिरफ्तारी एवं पीड़ित पत्रकार की परिवार सहित जान माल की सुरक्षा के संबंध में मांग की गई। वंही भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी के जिला द्वारा चेतावनी दी गई है कि यदि समय रहते जल्द ही आरोपियो की गिरफ्तारी नही होती या हमारे समाज के पत्रकार के साथ दबंगो द्वारा कोई भी गड़बड़ी होती है संगठन एक बड़ा आंदोलन कर पत्रकार के हित में खुलकर सड़को पर आने को बाध्य होगा, इस दौरान, भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिलाध्यक्ष, अजय गौतम, जिला उपाध्यक्ष, विशाल कटारिया, जिला मीडिया प्रभारी कपिल रावण, जिला प्रवक्ता, मो आसिफ, आजाद समाज पार्टी जिला अध्यक्ष, जगदीश पाल, जिला प्रभारी, मन्नान एडवोकेट, नगर अध्यक्ष अली जैदी, जिला सचिव रजत निठारिया, नगर विधान सभा अध्यक्ष मणि रतन, भूपेंद्र आर्य सेफली अंसारी, जिला उपाध्यक्ष अजय पालीवाल, सहित सेकड़ो पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अवन्तीबाई इण्टर कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर



» मदरलैंड संवाददाता

आगरा। आगरा में यमुनापार के नुनिहाई स्थित बाई की बगीची पर अवन्तीबाई इण्टर कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर के आयोजन की शुरूआत की गई। जिसमें शिविर का उद्घाटन थाना एत्माउद्दौला की चौकी नुनिहाई के प्रभारी राहुल कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंच कर की। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित शिविर की शुरूआत की गई। इस कार्यक्रम के मौके पर पहुंचे कार्यक्रम अधिकारी विनय सिसोदिया ने मुख्य अतिथि का स्वागत एवंम सम्मान किया। मुख्य अतिथि चौकी इंचार्ज राहुल कुमार ने अपने अभिभाषण में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा कार्यक्रम है जिसके माध्यम से सभी स्वयं सेवकों को आपस में मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक कार्य करना है। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी ने राष्ट्रीय सेवा योजना की रूप रेखा प्रस्तुत करते हुए सात दिवसीय विशेष शिविर के प्रत्येक दिन होने वाले कार्यक्रमो से अवगत कराया। व इस योजना पर प्रकाश डालते हुये बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरूआत महात्मा गाँधी की जन्म शताब्दी वर्ष 1969 में हुई थी व इस योजना के कार्यों व समाज में इस योजना का क्या मुख्य उद्देश्य है इसके बारे में कार्यक्रम में पहुंचे अथितियों व प्रोग्राम में मौजूद लोगों समझाया साथ ही स्वयं सेवकों के मन की बात को भी जाना व इस सम्बंध में सभी लोगो से बातचीत भी की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनय सिसोदिया ने की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक पृथ्वीराज लोधी व प्रवक्ता श्रीमती मीनाक्षी वर्मा व अक्षय अरोरा एवम आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रोमांचक मैच में जलजला क्लब ने क्योरी को हराकर जीता टूनार्मेंट

» मदरलैंड संवाददाता



आगरा। पिनाहट ब्लॉक के गांव बीच का पुरा स्थित क्रिकेट ग्राउंड पर ब्राइट फ्यूचर क्रिकेट क्लब द्वारा क्रिकेट टूनार्मेंट में शुक्रवार को फाइनल मैच जलजला क्लब और क्योरी के मध्य मैच हुआ। जलजला क्लब पिनाहट ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी जलजला क्लब की टीम ने 12 ओवर में 96 रन बनाये अरुण परिहार ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 45 रन की पारी खेली .लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्योरी की टीम 77 रन बनाये। जलजला क्लब की तरफ से अरुण परिहार ने 2 विकेट हासिल किये। आयोजक योगेंद्र परिहार ने अरुण परिहार को मेंन ऑफ द पुरस्कार दिया। भूरा परिहार द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वाफा और माला पहनाकर स्वागत किया। आयोजक योगेंद्र परिहार जिला मंत्री लाल सिंह ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। वही एंपायर का दायित्व भूरा परिहार व बबलू परिहार ने संभाला। इस दौरान काफी संख्या में दर्शक नजर आये। कमेंट्री रामु परिहार और स्कोरिंग सेंकी शर्मा ने की।

# ग्राम सबलगढ़ नमामि गंगे योजना के अंतर्गत कृषि गोष्ठी का हुआ आयोजन

» अवनीश त्यागी



बिजनौर। जिलाधिकारी रमाकांत पांडे ने किसान बंधुओं का आह्वान किया कि अपने खेतों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि करें और आय बढ़ाने के लिए परंपरागत खेती के साथ-साथ फलों, सब्जियों, वनस्पति और औषधि की खेती भी करें और इसी के साथ रसायनिक खाद तथा कीटनाशक दवाओं से जहां तक संभव हो सके बचे। उन्होंने कह की जैविक खाद के द्वारा एक और जहां भूमि की उर्वरक क्षमता में वृद्धि होती है वहीं दूसरी ओर शुद्ध वनस्पति तथा अन्य फसल का उत्पादन किया जा सकता है जो शारीरिक पौष्टिकता में वृद्धि करता हैं और बहुत सी बीमारियों से सुरक्षित रखने में भी सहायक सिद्ध होती हैं। उन्होंने नमामि गंगे योजना अंतर्गत किसानों के द्वारा जैविक खेती का उपयोग करने तथा बाजार में उत्पादको का सही मूल्य उपलब्ध होने पर बधाई दी और कहा कि बाजार में जैविक उत्पादकों की अत्यधिक मांग है इसलिए सभी किसान अपने खेतों में जैविक खाद का उपयोग करें और उत्पादकों के आकर्षित दाम प्राप्त करें। जिलाधिकारी पांडे आज अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ब्लॉक नजीबाबाद के ग्राम सबलगढ़ में नमामि गंगे योजना के अंतर्गत आयोजित होने वाली किसान गोष्ठी में उपस्थित कृषक बंधुओं को संबोधित करते हुए अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारियों के अलावा जिला प्रोवशन अधिकारी तथा अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

# बच्ची के साथ रेप और अपहरण के मामले का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

» शकील सैफी



किठौर। हापुड़ जिले के सिंभावली थाना क्षेत्र के एक गांव से चार वर्षीय बच्ची को अगवा कर रेप करने के आरोपी की सिम्भावली पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई है। जिसमे आरोपी के पैर में गोली लगने से घायल हो गया है। आरोपी की पहचान किला परीक्षित थाना क्षेत्र के गोविंदपुरी निवासी अनुज के रूप में हुई है। पुलिस को उसके पास से घटना में इस्तेमाल बाइक, तमंचा बरामद हुआ है। घायल आरोपी को पुलिस ने अस्पताल भेज दिया है। घटना का खुलासा करते हुए हापुड़ एसपी नीरज जादौन ने बताया कि हापुड़ जिले के सिम्भावली थाना क्षेत्र के एक गांव से ट्यूशन पढ़कर लौट रही चार साल की बच्ची का एक बाइक सवार युवक ने अपहरण कर लिया था जिसके बाद बच्ची किठौर थाना क्षेत्र के महालवाला गांव के जंगल मे बदहवाश हालात में मिली थी। जिसको तुरंत अस्पताल भेज गया जहां उसके साथ दुष्कर्म की पुष्टि होने से हड़कंप मच गया था। घटना का खुलासा करने के लिए हापुड़ एसपी, मेरठ एसपी सहित दोनो जिलो की कई टीमें आरोपी की तलाश में जुटी थी दोनों जिलों की पुलिस ने एकजुटता दिखाते हुए फुटेज द्वारा आरोपी की लोकेशन के पथ पर चलकर सफलता प्राप्त की दोनो जिलों के उच्चाधिकारियों ने घटना के बाद से पीड़ित के घर से लेकर घटनास्थल तक के सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसके आधार पर एक बाइक पर एक युवक बच्ची को ले जाते हुए दिखाई देने पर उसको खोजा गया। सुबह उसकी तलाश में लगी सिम्भावली पुलिस व हापुड़ एसओजी टीम की आरोपी अनुज के साथ सिम्भावली थाना क्षेत्र में मुठभेड़ हो गयी। जवाबी फायरिंग में आरोपी युवक अनुज के पैर में गोली लग गयी है। पुलिस को उसके पास से एक तमंचा, अपहरण में इस्तेमाल बाइक व एक बैग बरामद हुआ है।

# सबलगढ़ स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जन जागरूकता कार्यक्रम



» मदरलैंड संवाददाता

बिजनौर। जिलाधिकारी रमाकांत पांडे द्वारा ब्लॉक नजीबाबाद के ग्राम सबलगढ़ में प्राथमिक विद्यालय में स्थापित आंगनबाड़ी केंद्र में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जन जागरूकता कार्यक्रम के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए डिजिटल एनालॉग गुड्डा- गुड्डी बोर्ड का विधिवत रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर जिलाधिकारी श्री पांडे द्वारा उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने गांव में जन्म लेने वाली नवजात बालिका शिशु का प्रति माह 01 जनवरी से विगत माह की कार्मिक प्रगति का विवरण गुड्डा गुड्डी बोर्ड पर अंकित किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर लगवाए जाने वाले गुड्डा-गुड्डी बोर्ड का उद्देश्य ग्राम पंचायत शिशु लिंग अनुपात में सकारात्मक सुधार संभव हो सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के पी सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार यादव के अलावा ग्राम प्रधान एवं ग्रामवासी मौजूद थे।

# प्रदेश में अधिवक्ताओ के साथ हो रही घटनाओ लेकर गढ में अधिवक्ताओ की बैठक



**मदरलैंड संवाददाता, गढमुक्तेश्वर।** गढ बार एसोशिएशन गढमुक्तेश्वर गढ ने प्रदेश में अधिवक्ताओ के साथ हो रही घटनाओ लेकर बैठक करते हुऐ विरोध प्रर्दशन किया है। अधिवक्ताओ ने रजिस्ट्री विभाग में तालाबंदी करते हुऐ काम काज बंद रखा। शनिवार को गढ बार एसोशिएशन गढमुक्तेश्वर के अधिवक्ताओ ने बार अघ्यक्ष अशरफ अली की अध्यक्षता ओर सचिव अनिल गौतम के संचालन में एक विशेष बैठक हुई। बैठक में प्रदेश में अधिवक्ताओ के साथ हो रही अपराधिक घटनाओ लेकर चिंता व्यक्त करते हुऐ विरोध प्रर्दशन किया गया। अधिवक्ताओ ने रजिस्ट्री विभाग में तालाबंदी करते हुऐ काम काज बंद रखा। अधिवक्ताओ ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की है। बैठक में अधिवक्ता विकास भारद्वाज,मिलिन कुमार,श्रीनिवास सिंह, नवनीत कुमार, पीयूस गोयल, वीरेन्द्र अग्रवाल, रिजवान, संदीप, संजय, विनय, राजवीर आदि मौजूद रहे।


# डा भीमराव अम्बेडकर हवाई पट्टी के विस्तारीकरण का कार्य प्राथमिकता में



» मदरलैंड संवाददाता

मेरठ। नागरिक उड्डयन मंत्री उ प्र सरकार नन्द गोपाल नंदी ने आज हवाई पट्टी परतापुर पहुचकर अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होने कहा कि जनपद मेरठ को प्रदेश की राजधानी से हवाई मार्ग से जोडा जायेगा जिससे यहां के उद्यमियो, व्यापारियो, प्रोफेशनल, अधिकारियो व आम आदमी को सहूलियत होगी। उन्होने कहा कि हवाई पट्टी के कार्यों में आने वाली हर बाधा को दूर किया जायेगा। नागरिक उड्डयन मंत्री जी ने कहा कि प्रदेश के सभी मंडल मुख्यालय व महत्वपूर्ण जनपदो को प्रदेश की राजधानी, अन्य जनपदो व देश की राजधानी व बडे शहरो से जोडना प्रधानमंत्री की बहुत ही महत्वपूर्ण रीजनल कनेक्टिविटी योजना है। उन्होने कहा कि सब उडे, सब जुडे, उडे देश का हर नागरिक तथा हवाई चप्पल पहने वाला भी हवाई जहाज की यात्रा कर सके हम इस स्तर पर प्रदेश को आगे ले जाना चाहते है व इसके प्रयास किये जा रहे है। नागरिक उड्डयन मंत्री जी ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हवाई अड्डो की संख्या बनकर दुगुनी हो गयी है तथा हवाई पैसेन्जर की संख्या में भी उत्तरोतर वृद्धि हुयी है। उन्होने कहा कि प्रदेश में 17 एयरपोर्ट बनकर तैयार हो रहे है। उन्होने कहा कि एयरपोर्ट ओथोरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों से कुछ बिन्दुओ पर आख्या मांगी गयी है।

# शनिदेव मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन



**मदरलैंड संवाददाता, गढमुक्तेश्वर।** शनिवार को टीन की प्याऊ स्थित शनि देव मंदिर पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य का लाभ उठाया इस मौके पर पंकज लोधी पुष्पेंद्र चैधरी उमेश लोधी मोहित बिंदर सरदार काले मोनू जाटव प्रेमचंद राणा उदयवीर अहेरिया रविंद्र जाटव मदन सैनी सोनू सैनी कृष्ण कुमार विश्नोई टीकाराम पीयूष कश्यप गुटटा पहलवान भगवत सिंह पंडित चंदन भारद्वाज रवि कर्दम सचिन मनीष रिंकू जाटव ओमवीर मल्लाह बंटी मल्लाह देवेंद्र सैनी दीपेंद्र मांगेराम विजय अहेरिया राजेंद्र अहेरिया एडवोकेट अतुल वर्मा एडवोकेट दीपक एडवोकेट अमित आदि सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# उद्यमियों की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें : मण्डलायुक्त



» अंजुम सिद्दीकी

सहारनपुर। मण्डलायुक्त ए वी राजमौलि ने बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्यमियों से संबंधित समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा कि उद्यमियों से लिये जाने वाले प्रपत्रों का एक प्रारूप तैयार किया जाए जिससे उद्यमियों को बार-बार परेशान न होना पडे। वे अपने सभी वांछित प्रपत्र एक ही बार में जमा करा दें। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप उद्योगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्योगों से सम्बधिंत समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिशिचित की जाए। ए वी राजमौलि ने आज अपने कैम्प कार्यालय में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक में उद्यमियों की समस्याओं को सुनते हुए यह निर्देश दिए। उन्होने कहा कि उद्यमियों की जो समस्याएं शासन स्तर पर लम्बित है उनके लिए लगातार पत्राचार करते रहें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला और मण्डलस्तर पर उद्यमियों की लम्बित समयाओं का समयबद्ध और अति शीघ्र निस्तारण किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उद्यमियों ने अपनी जी एस टी की धनराशि वापस दिए जाने की मांग की जिस पर मण्डलायुक्त ने कहा कि इस प्रकरण के बारे में शासन स्तर से निर्णय होना है, शासन द्वारा परीक्षण के बाद समस्या के निस्तारण की कार्यवाही की जायेगी। उद्यमियों ने कहा कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम से पंजीकृत कर्मचारियों को कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय, सहारनपुर द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जा रही है जिस पर अवगत कराया गया कि लोक सेवा आयोग के माध्यम से 256 चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार होना है जिसकी अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक उपेन्द्र कुमार अग्रवाल, उपायुक्त उद्योग सिद्धार्थ यादव तथा वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जिलाधिकारी अखिलेश सिंह, उद्यमी रविन्द्र मिग्लानी, प्रमोद सदाना, अनुपम गुप्ता के अलावा मण्डल के अधिकारी तथा उद्यमी सम्मिलित हुए।

# विद्युत विभाग की ताबड़तोड़ कार्यवाही, 8267 घरों की बत्ती गुल, 346 पर मुकदमा



» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। जनपद मैनपुरी में अधीक्षण अभियंता के निर्देशन में शनिवार को विद्युत चोरी व राजस्व वसूली अभियान चलाया गया। जिसमें विद्युत विभाग ने बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के घरों की बत्ती गुल की तथा सैकड़ों विद्युत चोरों पर विद्युत अधिनियम की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कराया।

आपको बता दें कि जनपद मैनपुरी के तेज तर्रार अधीक्षण अभियंता अतुल कुमार अग्रवाल के निर्देशन में समूचे जनपद में राजस्व वसूली व विद्युत चोरी रोको अभियान चलाया जा रहा है। जिस पर शनिवार को चलाए गए अभियान में विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने बड़ी कार्यवाही की। अभियान के दौरान विद्युत बकायेदारों पर खण्ड प्रथम में 1254, खण्ड द्वितीय में 3516, खण्ड तृतीय में 3497 उपभोक्ताओं के घरों की बत्ती गुल कर दी गई। वहीं खण्ड प्रथम में 41, खण्ड द्वितीय में 120 तथा खंड तृतीय में 185 लोगों को विद्युत चोरी करते हुए पाया। जिसपर विद्युत चोरी अधिनियम की गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है

# विधुत विभाग की लापरवाही से, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी/कुरावली। क्षेत्र के एक गाँव में विधुत विभाग की लापरवाही से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लेकिन इस ओर कोई भी ध्यान देने वाला नहीं है। जमीन के बेहद कराब झूल रहे है है जर्जर तार। जिम्मेदारों कई बार अवगत कराने के बाद भी लाइन में कोई भी सुधार नहीं कराया गया।

बात करते है क्षेत्र के ग्राम मिढावली कलां में हाईटेंशन लाइन के तार जमीन के काफी करीब झूल रहे है। जिसके चलते कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जिम्मेदारों को कई बार ग्रामीणों के द्वारा अवगत कराया गया। लेकिन जिम्मेदार अपने आप में ही मस्त है। दूसरा मामला गाँव में ही जमीन पर रखे 100 केबी के ट्रांसफार्मर का है। जहाँ पर ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से कई जानबरों की मौत हो चुकी है। लेकिन ट्रांसफार्मर के आसपास कोई भी सुरक्षा के इंतजाम नहीं किये गए है। अवर अभियंता विशम्भर सिंह कोई कई बार अवगत कराया गया. लेकिन वह अपने आप में ही मस्त रहते है। अब देखना यह है कि इस मामले पर विधुत विभाग के जिम्मेदार खरे उतरेंगे या फिर हादसा होने तक यूँही मौन बने रहेंगे। वहीं ग्रामीणों द्वारा लाइन को जल्द से जल्द दुरुस्त कराये जाने व ट्रांसफार्मर को पोलों पर रखवाए जाने की मांग की गयी है।

क्या कहते है उपखंड अधिकारी कुरावली

जब इस सम्बन्ध में उपखंड अधिकारी कुरावली संजीव कुमार से बात करनी चाही तो उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया। इस कारण कुछ भी लिखना संभव नहीं हो पाया।

क्या कहते है अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड तृतीय

जब इस सम्बन्ध में अधिशाषी अभियंता जीसीएल भटनागर से बात की गई। तो उनके द्वारा बताया गया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है. यदि वहां पर लाइन के तार जर्जर है और जमीन के करीब झूल रही है। तो उसे जल्द ही दुरुस्त ० ट्रांसफार्मर को ऊपर रखवाया जाएगा। वही ग्रामीणों द्वारा लिखित शिकायत की जायेगी। उस आवश्यक कार्यवाही की जायेगी. इस सम्बन्ध में उपखंड अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

# विधान सभा सत्र के चलते कोई भी अधिकारी मुख्यालय न छोड़े- मुख्य विकास अधिकारी

मदरलैंड संवाददाता , सहारनपुर। जिलाधिकारी अखिलेश सिंह ने सभी जिलास्तरीय अधिकारियों तथा समस्त खण्ड विकास अधिकारियो को निर्देश दिए है कि विधानसभा सत्र के चलने के दृष्टिगत कोई भी अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छाडेंगें। उन्होंने कहा कि विधान सभा सत्र में जनपद से सम्बधिंत सदस्यगणों के द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्नों के उत्तर समयबद्ध रूप से विधानसभा सत्र में उपलब्ध कराने के के लिए यह निर्णय लिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी प्रणय सिंह ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्होंने सभी जिलास्तरीय अधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को इस आश्य के आदेश जारी किये है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विधान सभा के सत्र 2021 चल रहा है। विधान सभा सत्र में सदस्यागणों द्वारा विधान सभा में अतारांकित प्रश्न पूछे जाते है। विधान सभा में सदस्यगणों के द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्याओ का उत्तरालेख्य समयबद्व.रुप में विधानसभा क्षेत्र सत्र मे उपलब्ध कराया जाना अति आवश्यक है। श्री सिंह ने निर्देशित किया है कि जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निदेर्शानुसार कोई भी जिलास्तरीय अधिकारी किसी भी दशा में मुख्यालय न छोडें तथा अपरिहार्य परिस्थितियों में मुख्यालय छोडने से पूर्व जिलाधिकारी की अनुमति अवश्य प्राप्त कर ली जाये। उन्होंने कहा कि सदस्यगणों द्वारा विधान सभा में अतारांकित प्रश्न संख्याओ के संबंध में भी समयबद्व कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

# जनपद में दो चरणों में सघन मिशन इन्द्रधनुष चलाया जायेंगा - सी.एम.ओ

मदरलैंड संवाददाता , सहारनपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी.एम.सोढी ने कहा है कि जनपद में दो चरणों में सघन मिशन इन्द्रधनुष 3.0 चलाया जायेंगा। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में 23 फरवरी, 01 मार्च और 02 मार्च को प्रथम चरण के अभियान की शुरूआत की जायेंगी। उन्होंने कहा कि जनपद में ब्लाक स्तर पर चिन्हित ग्रामों में गर्भवती महिलाओं और 0-2 वर्ष के बच्चों के चिन्हांकन के लिए हैडकाउन्ट सर्वे कराया गया है। उन्होंने आमजन का आह्वान किया है कि 0-2 वर्ष के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का आवश्यक रूप से टीकाकरण करायें। डॉ बी.एम. सोढी ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनपद में ब्लाक स्तर पर ग्रामों में 0-2 वर्ष के बच्चों और गर्भवती महिलाओं का हैडकाउन्ट सर्वे कराया गया है। सर्वें में 10661 बच्चों एवं 4473 गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन के बाद लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण के लिए 1056 सत्र आयोजित किये जायेगें। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए है कि अभियान की रणनीति, सफल संचालन के लिए अर्न्तविभागीय समन्वय स्थापित करें।

# किशोरी के साथ छेडछाड करने वाले आरोपी के विरूद्व रिपोर्ट दर्ज

मदरलैंड संवाददाता, गढमुक्तेश्वर। सिंभावली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी ने एक युवक पर आये दिन छेडछाड करने ओर पैसे का लालच देकर गलत काम के लिए जंगल ले जाने के लिए दबाब बनाने का आरोप लगाते हुऐ थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत करने पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्व रिपोर्ट दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाना सिंभावली क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीय नाबालिग लडकी ने थाने पर पहुंच पुलिस को तहरीर देते हुऐ बताया कि उसके साथ एक युवक पर आये दिन उसके साथ छेडछाड करता है ओर उसे पैसे का लालच देकर उसे गलत काम के लिए जंगल ले जाने के लिए दबाब बनाता है। इस संबंध में सिंभावली थानाध्यक्ष राहुल चैधरी का कहना है कि शिकायत के आधार पर आरोपी के विरूद्व रिपोर्ट दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# दुमीला बॉडर के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ ट्रक , चालक गंभीर रूप से घायल



» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी/करहल। इटावा मैनपुरी मार्ग पर दुमीला बॉर्डर के पास एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया घटना में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया ।स्थानीय लोगों से मिली मौखिक जानकारी के मुताबिक इटावा मैनपुरी मार्ग पर दुमीला बॉर्डर के पास रात के समय ट्रक और डंपर के बीच भिड़ंत हो गई जिसमे ट्रक चालक शैलेंद्र कुमार निवासी भरतपुरा कुरावली जनपद मैनपुरी गंभीर रूप से घायल हो गया । घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है घटना में ट्रक भी बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया ।

# भैंस चोरों ने किसान पर किया जानलेवा हमला, गंभीर घायल, रैफर

» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी/कुरावली। जनपद मैनपुरी के एक थाना क्षेत्र के एक गांव में उस समय सनसनी फैल गई। जब भैंस चोरी करने आए चोरों ने किसान पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। जिससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा आनन फानन में घायल को सीएचसी कुरावली पर भर्ती कराया गया। जहां पर उपस्थिति चिकित्सकों द्वारा गंभीर घायल को जिला अस्पताल भेज दिया।

बताते चलें कि पूरा मामला जनपद मैनपुरी के थाना कुरावली क्षेत्र का है। जहां के गांव जुन्हेसा निवासी मलिखान सिंह पुत्र बाबूराम ने थाना में तहरीर देते हुए बताया।

कि वह शनिवार कि अल्सुबह करीब दो बजे वह अपनी भैंसों के पास सो रहे थे। वहीं पास में ही उनकी भैंस खूंटे से बधी थी। तभी वहां पर खटपट की आवाज सुन उनकी आंख खुल गई।

तो उन्होंने देखा कि अज्ञात चोरों द्वारा उनकी भैंस को खोला जा रहा था। मलिखान ने शोर मचाया। तो उनका सगा भाई विजय सिंह जो बगल के मकान में सो रहा था। वह दौड़ कर आया और भैंस चोरों का पीछा किया। तभी चोरों ने उनके भाई के ऊपर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया।

जिससे उनके भाई के दाहिने पैर के पंजे में गोली लगी। इसी बीच मौका पाकर अज्ञात चोर उनकी भैंस को चार पहिया वाहन में लादकर बंबे की तरफ ले गए। वहीं गोली लगने से घायल हुए किसान को आनन फानन में परिजनों द्वारा सीएचसी कुरावली पर भर्ती कराया।

जहां पर उपस्थिति चिकित्सकों द्वारा गंभीर घायल को जिला अस्पताल भेज दिया गया। वहीं इस पूरे मामले में थाना प्रभारी ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी।

# अलीगढ़ में बन रहा सबसे खूबसूरत एयरपोर्ट, जल्द शुरू होंगी उड़ानें

» मदरलैंड संवाददाता

अलीगढ़। औद्योगिक निवेश, निर्यात, आयात धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार सड़क मार्ग को सरल एवं सुगम बनाने के साथ-साथ हवाई मार्ग से यात्रा उपलब्ध कराने के लिए जी-जान से प्रयास कर रही है। समूचे उत्तर प्रदेश के साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास पर योगी सरकार का सबसे ज्यादा फोकस रहा है। दिल्ली एनसीआर से सटे ताला एवं हार्डवेयर के लिए विश्व भर में विख्यात औद्योगिक शहर अलीगढ़ का हवाई अड्डा खूबसूरत एयरपोर्ट तो होगा ही बल्कि नवीन औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के क्षेत्र में एक नए आयाम को जोड़ेगा। गंगा-जमुनी तहजीब के शहर अलीगढ़ में जीटी रोड के किनारे बनी हवाई पट्टी पर वर्तमान में विस्तारीकरण की प्रक्रिया से गुजर रहा अलीगढ़ एयरपोर्ट पर बड़ी तेजी से कार्य चल रहा है और जल्द ही यहां से उड़ानें आरम्भ हो जाएंगी। उक्त उद्गार प्रदेश के नागरिक उड्डयन राजनैतिक पेंशन व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता ने शनिवार को धनीपुर हवाई पट्टी पहुँचकर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण प्रक्रिया के बारे में अधिकारियों के साथ बैठक में आवश्यक जानकारियां प्राप्त कर दिशा निर्देश देते हुए व्यक्त किये।



उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समग्र विकास की परिकल्पना के अनुरूप अलीगढ़ एयरपोर्ट का अपना महत्व है। दिल्ली एनसीआर और जेवर अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के नजदीक बसे अलीगढ़ के विकास को प्राथमिकता पर रखते हुए मुख्यमंत्री ने जिस तरह से अलीगढ़ को डिफेंस कॉरिडोर के 06 नोड्स में से एक बनाया है और अब यहीं से बहुत जल्द ही हवाई यात्रा की भी शुरूआत हो सकेगी। बैठक में मण्डलायुक्त गौरव दयाल, नगर आयुक्त प्रेम रंजन, एडीएम सिटी राकेश कुमार मालपाणी, सिटी मजिस्ट्रेट विनीत कुमार, एसीएम द्वितीय रंजीत कुमार, अधिशासी अभियंता यूपीआरएनएन हरिओम शर्मा सहित भारत सरकार उड्डयन मंत्रालय के अन्य अधिकारी समेत जिलाध्यक्ष बीजेपी चै0 ऋषिपाल सिंह, जिला महामंत्री शिव नारायण शर्मा, विशाल गर्ग एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बिछवां पुलिस ने चोरी की बाइक सहित एक युवक को किया गिरफ्तार लिखा पढ़ी कर भेजा जेल

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी/बिछवा। थाना बिछवा में तैनात उप निरीक्षक अतिवीर सिंह ने वाहन चेकिंग के दौरान कुरावली के तरफ से आ रहे। एक युवक को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया है जिसे लिखा पढ़ी कर जेल भेज दिया है। उप निरीक्षक ने बताया कि वह मय हमराह दीपू पाल विपिन कुमार शुक्रवार को चेकिंग कर रहे थे। तभी कुरावली की तरफ से आ रहे। हीरो होंडा पैशन प्रो बाइक संख्या यूपी 84 पी 1228 पर सवार युवक को रोका तो वह भागने लगा तथा भागने के प्रयास में बाइक फिसल गई। बाइक चालक से पूछने पर अपना नाम राजू यादव पुत्र लल्लू सिंह निवासी मोहल्ला काजी टोला थाना बेवर बताया है। पुलिस ने मोबाइल एप पर बाइक का नंबर पंजीकृत कर चालान काटा। तो बाइक अभिषेक कुमार पुत्र नरेश चंद निवासी नगला राम सिंह जवापुर कोतवाली मैनपुरी के नाम रजिस्ट्रेशन निकला बाइक के इंजन नंबर व चेसिस नंबर पर चेक किया। तो बाइक बाइक का नंबर यू पी 80 बी पी 7732 व बाइक अजय सिंह राजावत पुत्र रामप्रताप सिंह निवासी हरलालपुरा वामरोली आगरा नाम पंजीकृत निकला।

# पिता से बदला लेने को कर दी मासूम की हत्या

» मदरलैंड संवाददाता




अलीगढ़। गत दिनों थाना बरला क्षेत्र के गांव रघुपुरा में पांच दिन पूर्व मासूम के अपहरण व हत्या के मामले की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस का दावा है कि टेलीविजन पर आने वाले क्राइम पेट्रोल व सीआइडी सीरियल को देखकर ही दो किशोरों ने पिता से हुए मामूली विवाद का बदला चुकाने को आइडिया तलाश लिया और मासूम को मौत के घाट उतार दिया। इतना ही नहीं हत्या से जुड़े साक्ष्यों को भी मिटाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने दोनों शातिर किशोरों को पकड़कर पूछताछ की तो सब जानकर हैरान रह गए। पुलिस लाइन में एसपी देहात शुभम पटेल व सीओ सुमन कन्नौजिया ने मीडिया को शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि गांव रघुपुरा निवासी नीटू उर्फ बालिस्टर का पांच वर्षीय बेटा आदित्य खेलते हुए 13 फरवरी को गायब हो गया। स्वजन मासूम को तलाशते रहे। दो दिन बाद मासूम का शव गांव के ही हरेंद्र के नलकूप की कुंडी में उतराता हुआ मिला था। पुलिस ने इस मामले में कई संदिग्धों से पूछताछ की लेकिन कुछ भी सुराग नहीं लगा। इस बीच जांच के दौरान गांव के ही दो किशोरों के बारे में जानकारी मिली कि घटना वाले दिन दोनों मासूम के साथ जाते हुए दिखाई पड़े थे। इस जानकारी के मिलते ही पुलिस टीम ने दोनों किशोरों से पूछताछ की तो पहले तो दोनों इधर-उधर की बातें करते रहे, लेकिन जब कड़ाई की तो उन्होंने सच्चाई उजागर कर दी। उन्होंने बताया कि मासूम के पिता के खेत में मजदूरी के बदले उन्हें 30 से 50 रुपये मिलते थे। इसके बदले उनसे पूरे दिन काम कराया जाता था। इसको लेकर मासूम के पिता नीतू उर्फ बलिस्टर से उनका विवाद हो गया था।

# कर्मचारियों के हितों में सेवा करना ही सफाई यूनियन का कर्तव्यः नगर आयुक्त



» मदरलैंड संवाददाता

अलीगढ़। नगर निगम सफाई यूनियन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप भण्डारी और महामंत्री राधे धूरी को महापौर मौहम्मद फुरकान व नगर आयुक्त प्रेम रंजन सिंह ने शपथ दिलायी। महापौर ने नवागत अध्यक्ष और महामंत्री को ईश्वर की शपथ लेता हूॅ। सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता हूॅ कि मैं विधि द्वारा स्थिापित भारत के संविधान के प्रति श्रद्धा व निष्ठा रखूंगा, मैं भारत की प्रभुता एवं अखंडता को बनाये रखूंगा और जिस पद को मैं ग्रहण करने वाला हूॅ उसके कर्तव्यों का श्रद्धापूर्वक पालन करूंगा की शपथ दिलायी। नगर आयुक्त प्रेम रंजन सिंह ने दोनो नवनिर्वाचित अध्यक्ष व महामंत्री को बधाई देते हुये कहा सफाई कर्मचारियों के हितों और नगर निगम हित में सेवा करना ही सफाई यूनियन का कर्तव्य है-मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है अध्यक्ष और महामंत्री सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने में देगें अपना सहयोग। शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात महापौर मोहम्मद फुरकान व नगर आयुक्त प्रेम रंजन सिंह ने संयुक्त रूप से नवागत अध्यक्ष व महामंत्री सहित कर्मचारियों साथियों के साथ जवाहर भवन में लंच किया और उज्जवल भविष्य की शुभकॉमनायें दी।

नवागत अध्यक्ष प्रदीप भण्डारी और महामंत्री राधे धूरी ने महापौर और नगर आयुक्त को पूर्णआश्वसन दिया कि नगर निगम हित में सफाई यूनियन अपने अधिकारियों और महापौर के साथ सदैव कदम से कदम मिलाकर चलेगी।

# हवाई पट्टी पर तीन दिन के लिए उड़ान बंद,अटैक फिल्म की शूटिंग शुरू

**मदरलैंड संवाददाता ,अलीगढ़।** फिल्म अभिनेता जॉन अब्राहम की फिल्म अटैक की आज धनीपुर हवाई पट्टी पर शूटिंग शुरू हो गई। तीन दिन तक यहां पर यह शूटिंग चलेगी। ऐसे में प्रशासन की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था के मद्देजनर फ्लाइंग क्लब की सभी उड़ानों को 22 फरवरी तक बंद कर दिया है। अभिनेता व उनके साथ की टीम के निजी सुरक्षा कर्मियों व स्थानीय जिला पुलिस के भी सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे। फिल्म टीम से जुड़े लोगों के अलावा हवाई पट्टी पर किसी भी व्यक्ति को प्रवेश नहीं मिलेगा। हवाई पट्टी पर एंबुलेंस से लेकर फायर ब्रिगेड तक की गाडियों को यहां लगाया गया है। हालांकि, शहर के लोगों में फिल्म को काफी दिलचस्पी है ।सूबे में फिल्म निर्माण की असीम सम्भावनाएं हैं। इसी के चलते योगी सरकार फिल्म उद्योग को बढ़ावा दे रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पिछले दिनों नोएडा में एक नई फिल्म सिटी विकसित करने की घोषणा की थी। इसी क्रम में पिछले दिनों एनएसए फिल्म प्रोडक्सन की प्रोजेक्ट हैड शिवानी अग्रवाल ने शासन स्तर पर एक आवेदन दिया था। इसके माध्यम से उन्होंने अलीगढ़ की धनीपुर हवाई पट्टी पर जॉन अब्राहम की फिल्म अटैक की शटिंग के लिएअनुमित देने की मांग की। शासन स्तर से इस प्रोजेक्ट पर हरी झंडी देते हुए अनुमति के लिए पत्र जिला स्तर पर भेजा दिया था। प्रशासन ने भी यहां पर इसके लिए अनुमति दे दी है।

# करोड़ों के खर्च के बाद शहर में हैण्डपम्पों के सूखे हलक

» अर्जुन देव वार्ष्णेय

अलीगढ़। शहरी क्षेत्र की करीब 14 लाख की आबादी को रोजाना 200 एमएलडी पानी की दरकार होती है। लेकिन नगर निगम केवल 100 से 110 एमएलडी पानी की आपूर्ति की कर पाता है। गर्मियों में पानी की डिमांड 300 एमएलडी तक पहुंच जाती है। 250 फीट से ऊपर लगे हैंडपंप पानी छोड़ रहे हैं। रीबोर के बाद भी 250 हैंडपंप शहर में सूखे पड़े हैं। करोड़ों रुपये खर्च कर नगर निगम ने हैंडपंप को रीबोर कराया, लेकिन उसका फायदा जनता को नहीं मिला। पिछले साल पानी को लेकर महानगर में हाहाकार मचा था। जलकल विभाग ने गर्मियों को लेकर अभी तक कोई तैयारी नहीं की है। वर्तमान में 20 से 220 एमएलडी तक पानी की आपूर्ति पहुंच रही है। जबकि नगर निगम के पास केवल 110 से 125 एमएलडी पानी की व्यवस्था है। इसके बाद लोग हैंडपंप, सबमर्सिबल समेत अन्य स्त्रोतों से पानी की आपूर्ति करते हैं।

स्मार्ट सिटी में इस गर्मी पानी का संकट गहरा सकता है। महानगर में पांच सौ से अधिक हैंडपंप के हलक सूख चुके हैं। जबकि पुराने शहर में कई नलकूप गर्मियों में पानी नहीं देते हैं। पिछले साल 500 हैंडपंप रीबोर कराने के आदेश मंडलायुक्त ने किए थे, लेकिन उसमें से आधे भी नहीं हो पाए। जल निगम के नलकूप नगर निगम को हैंडओवर हो चुके हैं, लेकिन अभी तक बिजली का कनेक्शन नहीं हो पाया है। दिन के तापमान में इजाफा होने लगा है और पानी की मांग भी बढ़ने लगी है।

गंदे, बदबूदार पानी व खराब हैंडपंप की शिकायत डीएम वार रूम पर रोजाना हो रही है। वार्ड नम्बर 06 डोरी नगर,वार्ड नम्बर नौ महेन्द्र नगर, वार्ड 33 गांधी नगर हनुमान मंदिर के पास स्थित हैंडपंप के खराब होने की शिकायत आई। इसके अलावा मानिक चैक, विष्णुपुरी, ऊपर कोट, रावणटीला, सासनी गेट, सराय सुल्तानी, रसलगंज, टनटनपाड़ा समेत अन्य स्थानों पर हैंडपंप खराब पड़े हैं। वर्तमान में भी कई मोहल्लों में समय से पानी नहीं आ रहा है। सबसे अधिक समस्या सासनी गेट क्षेत्र में चल रही है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# विभिन्न एसोसिएशन ने कमलजीत सिंह पंछी को किया सम्मानित

» विनोद कुमार



चंडीगढ़। कमलजीत सिंह पंछी अध्यक्ष चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन सेक्टर -17 चंडीगढ़ ने गर्व के साथ कहा कि भगवान की कृपा से और शुभचिंतक के आशीर्वाद से विभिन्न एसोसिएशन के सभी सदस्यों के साथ सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लिया और 100 से अधिक प्रमाण पत्र, प्रशंसा पत्र और पुरस्कार के साथ सम्मानित हुए। स्वास्थ्य मंत्री पंजाब, महापौर चंडीगढ़, निदेशक पीजीआई, राज्य कानूनी प्राधिकरण चंडीगढ़ और भारत और विश्व के विभिन्न संगठनों सहित सरकार के उच्च अधिकारियों से कोविद -19 महामारी के खिलाफ लड़ रहे इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान उनकी कड़ी मेहनत और समर्थन के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया!

तीन बार राज्य पुरस्कार से सम्मानित, स्वतंत्रता दिवस 2020 और गणतंत्र दिवस 2014 पर चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस 2014 पर नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा, राष्ट्रीय पुरस्कार और भारत गोरव रतन अवार्ड, चंडीगढ़ रतन अवार्ड, मदर टेरेसा अवार्ड, वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स अवार्ड, कॉस्मॉस वर्ल्ड रिकॉर्ड्स अवार्ड, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, इंडियन बुक रिकॉर्ड्स, अमेरिका बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, एक्सक्लूसिव वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, लोटस वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, इंटरनेशनल कोरोना वॉरियर्स अवार्ड, इंटरनेशनल आइकन अवार्ड, इंडियाज बेस्ट सोशल वर्कर अवार्ड और कई और। यह एक रिकॉर्ड है कि इतनी संख्या में किसी को पुरस्कार नहीं मिला है।

महासचिव एलसी अरोड़ा ने कहा कि सेक्टर 17 के चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन के सदस्य, कोविड -19 के खिलाफ लड़ने वाले कोरोना वॉरियर्स के प्रति कंट्रीब्यूशन के लिए अपने अध्यक्ष के इस तरह के सम्मान के लिए गर्व महसूस करते हैं।

# आशीष मित्तल फाउंडेशन ने आयोजित किया पोषण व स्वास्थ्य शिविर



» मदरलैंड संवाददाता

जीरकपुर। आशीष मित्तल फाउंडेशन, जीरकपुर द्वारा गांव चंगेरा, राजपुरा में युवाओं के मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर केंद्रित एक पोषण, स्वास्थ्य व वैलनेस कैम्प का आयोजन किया गया। सत्र के विशेषज्ञों में शामिल थे फिलाडेल्फिया मिशन अस्पताल के निदेशक डॉ सुनील सादिक और पंजाब विश्वविद्यालय की सहायक प्रोफेसर डॉ मंजुश्री शर्मा। डॉ मोनिका अग्रवाल, एसोसिएट प्रोफेसर, पंजाब विश्वविद्यालय ने विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

डॉ मंजुश्री शर्मा ने अपने संबोधन में मानव स्वास्थ्य और मानसिक, शारीरिक व सामाजिक स्वास्थ्य की तीन बुनियादी आवश्यकताओं को छुआ। उन्होंने युवाओं से शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए पोषक आहार का सेवन करने का आग्रह किया। इसके अलावा, उन्होंने रिफाइंड तेल, चीनी और आटे से दूर रहने की सलाह भी दी।

उन्होंने शराब, सिगरेट और मादक द्रव्यों के सेवन से परहेज करने पर जोर दिया। उन्होंने शरीर की जैविक घड़ी को दुरुस्त रखने के लिए युवाओं को अच्छी नींद लेने की सलाह दी।

# पंजाब यूनिवर्सिटी द्वारा वर्चुअल टूर आयोजित




» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज की प्रोफेसर इंदू पाल कौर की अध्यक्षता में डॉ. अनुराग कुहाड़ और डॉ. नीलिमा ढींगरा द्वारा जीएमएसएस स्कूल सेक्टर 22 ए, चंडीगढ़ में वर्चुअल टूर आयोजित किया गया। जीएमएसएस स्कूल, सेक्टर 22 ए, चंडीगढ़ से श्रीमती अनुपमा ने इस आउटरीच गतिविधियों का समन्वय किया।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड युवा मंच का ट्रेकिंग प्रोग्राम

मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। उत्तराखण्ड युवा मंच ने एक बार फिर हर वर्षों की भांति अपने सदस्यों के साथ हिमाचल प्रदेश के त्रिउंद स्नोलाइन में वार्षिक ट्रैकिंग में 25 से 28 फरवरी तक जा रहा है इसके साथ-साथ ही मनोरंजन के अन्य कार्यक्रम भी बीच-बीच में किये जाएंगे। मंच का यह ट्रैकिंग प्रोग्राम ज्यादा उत्साहवर्धक, ऊजार्वान, प्राकृतिक संबंधित और प्रशिक्षण के क्षेत्र से जुड़ा होगा क्योंकि हिमाचल और उत्तरखण्ड का लगभग वातावरण एक समान होता है, इसलिए मंच के सभी सदस्यों ने यह फैसला लिया है कि वह वहाँ पर अपने सदस्यों को एक नयी जगह और कृषि से संबंधित आधूनिक युग की तकनीकी व्यवस्था से रूबरू करवाएंगे और दिखाएंगे, ताकि मंच के सदस्य वहाँ के कार्य अथवा कार्यशैली को समझकर उत्तराखण्ड में भी राज्य के चौमुखी विकास और समाज के कल्याण के लिए उसे जन-जन तक ले कर जाएं। इसके साथ ही मंच आने वाली 28 मार्च 2021 को आप सब के सहयोग और स्नेह से अपने 28 वें वार्षिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन गढ़वाल भवन सैक्टर-29 चण्डीगढ़ में करने जा रहा है। मंच आप सभी गणमान्यजनों से हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी सहयोग की भावना रखता है।

### मंडी पुलिस ने 7 किलो चरस के साथ ब्यूटी पार्लर संचालिका सहित दो को किया गिरफ्तार

मंडी। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में ब्लूटी पार्लर संचालिका को सात किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया गया है। मंडी पुलिस ने जंजैहली में ब्यूटी पार्लर चलाने वाली सराजघाटी की एक महिला 6 किलो 680 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने उसके एक अन्य साथी को भी पकड़ा है, जबकि दूसरा साथी मौके से फरार हो गया। मंडी जिला पुलिस की एसआईटी इंस्पेक्टर कमलेश की अगुवाई में गुप्त सूचना के आधार पर सराजघाटी के च्यूणी के पास यह कार्रवाई की गई। चाकूधार जंगल के पास गाड़ी को जब चैकिंग के लिए रोका गया तो उसमें से 6 किलो 680 ग्राम चरस की खेप बरामद हुई। इस कार में 32 वर्षीय नैना देवी, 20 वर्षीय तनुज कुमार और जयचंद सवार थे। नैना देवी और तनुज को तो पुलिस ने मौके पर गिरफ्तार कर लिया, लेकिन जयचंद मौके से भागने में कामयाब हो गया। पुलिस इसकी तलाश में है। एएसपी मंडी आशीष शर्मा ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है और मामले की जांच जारी है।

### कुल्लू पुलिस ने दस किलो चरस के साथ दो लोगों को किया गिरफ्तार


कुल्लू। हिमाचल प्रदेश में पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। कुल्लू में पुलिस ने दस किलो चरस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दरअसल, जरी पुलिस चौकी की टीम ने शहर के मणिकर्ण घाटी के चील मोड़ पर गश्त और नाकाबंदी की थी। इस दौरान ऋषभ कैफे के पास जोख बहादुर (39) नेपाल और दिल कुमारी नेपाल जरी की तरफ पैदल जा रहे थे। तभी पुलिस ने दोनों को दबोच लिया और उनके कब्जे से 10 किलो 130 ग्राम चरस बरामद की। दोनों आरोनी नेपाली मूल के हैं। फिलहाल दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगामी कार्यवाही की जा रही है। एसपी कुल्लू गौरव सिंह ने बताया कि मणिकर्ण घाटी से 2 नेपाली मूल के व्यक्तियों से 10 किलो चरस बरामद की हैं। पुलिस नशे की खेप की जांच कर रही है कि चरस कहां से लाई गई है। साथ ही इस धंधे में इनके साथ कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा। बता दें कि इससे पहले मंडी में शुक्रवार को पुलिस ने 13 किलो चरस पकड़ी थी। इस दौरान महिला सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों में ब्यूटी पार्लर संचालक युवती भी शामिल थी।

### 12वीं के छात्र ने सीएम रिलीफ फंड में दान किए 1.71 लाख रुपये

धर्मशाला। कांगड़ा जिले में 12 वीं कक्षा में पढ़ रहे छात्र शान फुलझेले ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 1.71 लाख रुपये दान किए हैं। प्रदेश के सार्वजनिक पुनर्वास केंद्रों की सेवाओं और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने सीएम राहत कोष की पहल की। इस पहल का हिस्सा बनने पर मुख्यमंत्री ने शान फुलझेले की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनका यह कदम जरूरतमंदों की मदद करने के लिए दूसरों को प्रेरित करने वाला है। शान एडवेंचर स्पोर्ट्स के शौकीन हैं, उन्हें 16 साल की उम्र में इंटरनेशनल पैराग्लाइडिंग लाइसेंस प्राप्त हुआ है और वे स्टेट लेवल वाल क्लाइंबर हैं। उन्होंने ह्यड्रग कल्चरह्ण को समाप्त कर एडवेंचर स्पोर्ट्स कल्चरह्ण को बढ़ाने की संकल्पना की है। शान ने यह फंड किटो प्लेटफार्म और 2020 की गर्मियों के दौरान एलइएपीपी कार्यक्रम की अगुवाई कर 7-8 देशों के दानकताओं से अंशदान के रूप में प्राप्त किया है। शान फुलझेले के पिता डीआईजी एवं पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र डरोह के प्रधानाचार्य अतुल फुलझेले भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# एमसीएम में ऑफिशियल आर्ट ऑफ कम्युनिकेशन पर ऑनलाइन वर्कशॉप

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर वुमन के यंग कम्युनिकेटर्स क्लब (वायसीसी) ने पब्लिक रिलेशन काउंसिल ऑफ इंडिया (पीआरसीआई) के साथ मिलकर एक राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) प्रायोजित द आर्ट ऑफ ऑफ ऑफिशियल कम्युनिकेशन : हाउ नॉट टू कम्युनिकेट शीर्षक पर एक ऑनलाइन वर्कशॉप कम अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया। इस अवसर पर पीआरसीआई (चंडीगढ़ चैप्टर) के अध्यक्ष, पूर्व आईएएस, लेखक तथा मोटिवेशनल स्पीकर श्री विवेक अत्रे बतौर मुख्य वक्ता आमंत्रित थे। इस कार्यक्रम के लिए सम्पूर्ण भारत के साथ साथ अमेरिका, कोस्टा रिका, ओमान, फिलीपींस, नाइजीरिया, यूएई, मलेशिया, घाना, बांग्लादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका जैसे 19 देशों से 1300 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया। अपने उद्घाटन सम्बोधन में प्रिंसिपल डॉ निशा भार्गव ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए संचार को बढ़ावा देने हेतु आयोजित इस प्रयास की सराहना करते हुए आधिकारिक क्षेत्र के साथ साथ जीवन के विभिन्न पहलुओं में संचार की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ भार्गव ने युवाओं से जीवन में सफलता के लिए अपने संचार कौशल को निखारने का आह्वान किया।


विवेक अत्रे ने अपने विशाल प्रशासनिक सेवा अनुभव को साझा करते हुए संचार की महत्ता से प्रतिभागियों को अवगत कराया। विशेषज्ञ ने संचार दोष के परिणामस्वरूप स्थिति, प्रतिष्ठा और रिश्तों पर इसके प्रभाव पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों से सहयोगियों के प्रति सम्मानजनक तथा कार्यस्थल पर स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने का आग्रह किया। विशेषज्ञ ने प्रतिस्पर्धा एवं भागदौड़ के इस वर्तमान दौर में प्रभावी संचार की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठनात्मक प्रतिष्ठा मुख्य रूप से वांछनीय संचार की सूक्ष्मताओं पर निर्भर करती है। उन्होंने ई-मेल संचार शिष्टाचार, संचार में बॉडी लैंग्वेज की भूमिका, आई कांटेक्ट, पॉइंट टू पॉइंट संवाद, संचार में सही शब्दों का प्रयोग इत्यादि बातों पर भी महत्वपूर्ण टिप्स प्रतिभागियों को दिए। श्री अत्रे ने इस इंटरैक्टिव सत्र में प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर देते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक पढ़ें और अपने चुने हुए क्षेत्र में सफल होने के लिए संचार की कला का अभ्यास करें। एमसीएम वाईसीसी की अध्यक्ष सुश्री रिया विर्दी ने प्रतिभागियों को संचार कौशल में उत्कृष्टता प्राप्त हेतु प्रेरित करने के लिए श्री विवेक अत्रे को धन्यवाद दिया।

# स्वर सप्तक सोसायटी ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। स्वर सप्तक सोसायटी, चण्डीगढ़ की छात्राओं ने बंसत पंचमी पर ऑनलाईन रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें में यादगार-ए-र-फी सोसायटी, चण्डीगढ़ के अध्यक्ष डा. पीके शर्मा मुख्यातिथि थे जबकि कवि, लेखक व अभिनेता चरणजीव राय सम्मानीय अतिथि थे। सोसायटी की अध्यक्ष डा. संगीता चौधरी ने मेहमानों का फूलों से स्वागत किया। प. बंगाल से समप्रीत राय ने सरस्वती वंदना पर सुंदर नृत्य व 92 वर्षीय अविनाश चंद्र मेहरा ने सरस्वती मां पर एक सुंदर भजन प्रस्तुत किया। आरूष उप्पल ने भक्ति गीत गाया। हर्ष दीप चौधरी ने बसंत पर गीत, दिल्ली से अंजलि सूरी ने सरस्वती वंदना व कृष्णा भट्टाचार्य और तृप्ति गुप्ता ने गीत प्रस्तुत किये। तत्पश्चात श्रीमती सुनीता कौशल ने राग बंसत, सुमन चड्ढा, तोहीना भट्टाचार्य और अल्पना ने रंविद्र गीत प्रस्तुत किया जबकि डा. संगीता चौधरी ने स्वयं रचित मधुर स्वरों में सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। मीनाक्षी उप्पल ने इस वर्चुअल मंच का संचालन कुशलतापूर्वक किया।

उल्लेखनीय है कि स्वर सप्तक सोसायटी संस्थापक स्वर्गीय नीमलेंद्रर चौधरी थे जो वर्तमान अध्यक्षा डा. संगीता चौधरी के पिता थे। श्रीमती चौधरी सोसायटी को बहुत ही सुचारू ढंग से चला रही हैं।



# मंडी में बाइक और जीप में हुई टक्कर, हादेस में बीसीए स्टूडेंट की मौत

मंडी। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बाइक और जीप के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। इस हादसे में एक छात्र की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही पुलिस पड़ताल में जुट गई। यह हादसा मंडी शहर के साथ लगते बाईपास पर हुआ। इस सड़क हादसे में बीसीए की पढ़ाई कर रहे छात्र की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक, अमित मंडी कालेज का छात्र था और रोजाना की तरह कालेज के बाद बाइक पर अपने घर जा रहा था। बाईपास के पास बाईक और जीप के बीच जोरदार टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि हादसा इतना भयानक था कि बाईक के परखचे उड़ गए हैं। इस हादसे में जिस युवक की मौत हुई है उसकी पहचान अमित चौधरी निवासी रजवाड़ी के रूप में हुई है।

# लाल किला हिंसा के आरोपी लक्खा सिंह सिधाना ने जारी किया भड़काऊ वीडियो

**चंडीगढ़।** देश की राजधानी दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर लाल किला पर हुई हिंसा के मास्टरमाइंड और एक लाख रुपये का इनामी पूर्व गैंगस्टर लक्खा सिंह सिधाना ने भड़काऊ वीडियो जारी कर पुलिस को खुलेआम चेतावनी देते हुए 23 फरवरी को एक और प्रदर्शन का ऐलान किया है। यह प्रदर्शन बठिंडा में करने की बात कही है। उसने वीडियो जारी करके इस प्रदर्शन में पंजाब से ज्यादा से ज्यादा युवाओं को शामिल होने को कहा है। लक्खा सिंह बीते 25 दिनों से लगातार दिल्ली पुलिस की पहुंच से बाहर है। उसके ऊपर पुलिस ने एक लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया है। अपने फेसबुक पर उसने एक वीडियो अपलोड किया है। इस वीडियो में वह पंजाब के लोगों और युवाओं को भड़का रहा है। वीडियो किसी टेंट के अंदर रात में बनाया गया है। टेंट में दिख



रहा है कि कई लोग जमीन पर कंबल में सो रहे हैं। लक्खा उनके बीच बैठकर वीडियो बना रहा है। वह वीडियो में कह रहा है, '23 फरवरी को बड़ी संख्या में लाखों की संख्या में लोग पहुंचने चाहिए। बठिंडा जिले मेहराज पिंड में आओ, उधर ही प्रदर्शन रखा गया है। आओ मेरे भाइयों बड़ी संख्या में कोशिश करें ताकि पता लगे कि हम किसान आंदोलन के साथ हैं।'

बता दें कि पंजाब में बठिंडा के रहने वाले लाखा सिधाना 26 नवंबर, 2020 से ही सिंघु बॉर्डर पर टिके हुए हैं। सिधाना पर पंजाब में दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह कई बार जेल भी जा चुके हैं। सिधाना ने दावा किया था कि उन्होंने अपराध की दुनिया छोड़ दी है। उसके बाद से ही वे सामाजिक कार्यों में संलिप्त हो गए। उन्होंने वर्ष-2012 में पीपुल्स पार्टी ऑफ पंजाब के चुनाव निशान पर विधानसभा चुनाव भी लड़ा था। अब यह पार्टी अस्तित्व में नहीं है। इसका गठन राज्य के मौजूदा वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल ने शिरोमणी अकाली दल छोड़ने के बाद किया था। बादल बाद में कांग्रेस में शामिल हो गए थे और वर्ष 2017 का विधानसभा चुनाव पार्टी के टिकट पर लड़ा था।

दिल्ली पुलिस ने पंजाब के गैंगस्टर लखबीर सिंह लक्खा उर्फ लक्खा सिधाना पर 1 लाख रुपये इनाम की घोषणा की है। पुलिस को उसकी सूचना देने वाले को यह रकम दी जाएगी।

# ऐसी निकम्मी लीडरशिप भाजपा को मुबारकः कांग्रेस



**धर्मशाला।** मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर कांग्रेस को नेताविहीन कह रहे हैं और कांग्रेस में नेतृत्व की तलाश में परेशान हैं।कांग्रेस पार्टी में एक से बढ़ कर एक दूरदर्शी, अनुभवी नेता मौजूद है।बर्तमान में प्रदेश कांग्रेस को श्री कुलदीप सिंह राठौर का कुशल एवम प्रखर नेतृत्व प्राप्त है।छः बार के मुख्यमंत्री एवम आधुनिक हिमाचल के निमार्ता श्री वीरभद्र सिंह के मार्गदर्शन में कांग्रेस मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है लेकिन मुख्यमंत्री आखिर कांग्रेस के लिए इतने चिंतित क्यों हैं?

यह स्वाल प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता दीपक शर्मा ने मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा दिए गए ब्यान पर पलटवार करते हुएकिया।उन्होंने कहा कि नेतृत्वविहीन तो भाजपा है।अगर भाजपा बर्तमान अनुभवहीन, दिशाहीन, अदूरदर्शी, निकम्मी सरकार के नेतृत्व को सबसे बढ़िया मानती है तो ऐसा नेतृत्व भाजपा को मुबारक। जिस सरकार के नेतृत्व ने प्रदेश को गर्त में धकेल दिया। जिस सरकार ने करोना संकटकाल में भी भ्ष्टाचार करके पूरे देश में हिमाचल का सर झुका दिया,जिस नेतृत्व ने करोना संकटकाल में प्रदेश वासियों को अपने हाल पर छोड़ दिया,जिस नेतृत्व ने प्रदेश को सबसे ज्यादा बेरोजगारी और आर्थिक तौर पर लगभग 60 हजार करोड़ के कर्ज में डुबो दिया है ,ऐसा निकम्मा नेतृत्व भाजपा को ही मुबारक।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस को बदनाम करने का भाजपा षड्यन्त रचती रहती है।इसी षड्यंत्र के तहत भाजपा ने खुद ही बिना किसी के हस्ताक्षर के एक झूठा पत्र कांग्रेस के नाम का जारी किया जिसमें 12 करोड़ का जिक्र है।कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ऐसा कोई पत्र जारी नहीं किया।

यह झूठा पत्र भाजपा ने ही कांग्रेस को बदनाम करने के लिए जारी किया है।कांग्रेस प्रवक्ता ने मुख्यमंत्री को चुनौती देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री इस पत्र में अगर प्रदेश अध्यक्ष के हस्ताक्षर हैं तो बताएं वरना प्रदेश की जनता से मुआफी मांगें।दीपक शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री कांग्रेस को कोसने की जगह प्रदेश में मुंह फैलाये खड़ी जनसमस्याओं के प्रति ध्यान दें।

# कॉलेज के साथी सुजान सिंह पठानिया को याद कर भावुक हुए पूर्व सीएम धूमल

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल और पूर्व जनस्वास्थ्य मन्त्री और देहरा के विधायक ठाकुर रविन्द्र सिह रवि ने कांग्रेस के दिवंगत विधायक सुजान सिंह पठानिया के परिजनों से मुलाकात की। धूमल और रवि कांगड़ा के विधानसभा फतेहपुर के गांब मंझार पहुंचे, यहां उन्होंने पठानिया के परिजनों के साथ मुलाकात की और उन्हें इस दुख की घड़ी में इस सदमें से उभरने के लिए ढांढस बंधाया। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल और पूर्व मंत्री रविन्द्र सिंह रवि ने उनके समकक्ष रह चुके दिवंगत सुजान सिंह पठानिया से जुड़े कई खट्टे-मीठे किस्सों को भी उजागर किया।

इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि सुजान सिंह पठानिया उनके कॉलेज के साथी रहे हैं। उनकी कई यादें आज भी जहन में तरोताजा हैं, यहां आकर यूं प्रतीत होता है जैसे फिर से उन्हीं पुराने दिनों में चले गये हैं। उन्होंने कहा कि होनी को टालना किसी के वश में नहीं है, इसलिए अब वो भगवान से यही प्रार्थना करते हैं कि उनकी पवित्र आत्मा को भगवान अपने श्री चरणों में जगह प्रदान करें। सुजान सिंह पठानिया भले ही कांग्रेस के सिपाही थे। बावजूद इसके उनका विपक्षी दल भाजपा में भी उतना ही मान सम्मान था। साल 1977 में सुजान सिंह पठानिया ने पहला चुनाव जनता दल से ही लड़ा था।

# स्वामी विवेकानंद के उपदेशों पर पीयू में वेब व्याख्यान आयोजित

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। विवेकानंद कन्याकुमारी शाखा चंडीगढ़ के सहयोग से स्वामी विवेकानंद अध्ययन के लिए अंत:विषय केंद्र, पुनाब ने ₹क्यों स्वामीजी एक युवा आइकन हैं₹ वेब व्याख्यान का आयोजन किया।आईएएस सीएस तलवाड़ इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता थे। कुलपति

प्रो. राजकुमार ने पंजाब विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों द्वारा समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन में प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमें स्वामी जी की शिक्षाओं का अनुकरण करना चाहिए जिससे हमारे कष्टों का अंत होगा।

प्रो.रेणु ठाकुर समन्वयक ने वक्ता का परिचय दिया। सी.एस. तलवार ने स्वामीजी के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। वह सही मायने में युवाओं के लिए एक आइकन हैं। निडरता,



सच्चाई, करुणा और शक्ति का उनका संदेश हम सभी के लिए सबसे अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने हम सभी को पूर्व और पश्चिम के सर्वश्रेष्ठ अनुयायियों का अनुसरण करने और उनका अनुकरण करने के लिए आमंत्रित किया। स्वामीजी ने धर्म को विज्ञान और योग के विस्तार के रूप में माना। विवेकानंद का विचार था कि उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है। महिलाओं को समाज में अपनी भूमिका तय करने के लिए स्वतंत्र होना चाहिए। डॉ. रवींद्रनाथ, अरबिंदो और महात्मा गांधी जैसी महान हस्तियों ने स्वीकार किया कि स्वामी विवेकानंद महान थे। स्वामीजी को उम्मीद थी कि अच्छे गुणों से विकसित होकर भारत भविष्य की दुनिया का उदय और आकार देगा।

देविंदर सिंह समन्वयक बी.आर अम्बेडकर केंद्र और एसवीसी ने अपनी टिप्पणी में जोर देकर कहा कि युवाओं को उनमें अच्छे गुणों को विकसित करने चाहिए और राष्ट्र के उत्थान में मदद करनी चाहिए। युवाओं को आलस्य से दूर रहना चाहिए और खुद को भ्रम से मुक्त करना चाहिए जो उन्हें कमजोर बनाता है क्योंकि कमजोरी मृत्यु है और शक्ति जीवन है। प्रोफेसर रेणु ठाकुर ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

## समन

**फार्म संख्या . 1(अ)**
**(आदेश 5 नियम 1 व 5 सी पी सी)**
**न्यायालय सिविल जज (सीनियर डिवीजन) मैनपुरी**
**वार्ड संख्या 839 सन 2017 ई**

1. राकेश सिंह पुत्र रामस्वरूप सिंह निवासी ग्राम सीतापुर मौजा टिडोली पर तहसील व जिला मैनपुरी
2. श्रीमती रमा यादव पत्नी अमर सिह निवासी मोहल्ला राजा का बाग मैनपुरी तहसील व जिला मैनपुरी

बनाम

श्याम बाबू पुत्र श्री बदले निवासी ग्राम धर्मांगदपुर नगरिया पर तहसील व जिला मैनपुरी हाल निवासी सिविल हॉस्पिटल कंपलेक्स शहर व जिला फाजिल्का भटिंडा रोड (पंजाब)

चूँकि राकेश सिंह आदि वादीगण उपरोक्त ने इस न्यायालय में आपके विरुद्ध वाद वास्ते करा पाने बैनामा व हुक्म इतनाई दवामी दायर किया है जिसमे दिनांक 1/3/ 2021 ईसवी समय 10:00 दिन वास्ते दाखिल करने प्रतिवादपत्र व बनाये जाने वाद बिंदु नियत है। लिहाजा आप उक्त नियत दिनांक को खुद अथवा संपर्क रूपेणा अनुदेशित किसी अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित आकर प्रतिवादपत्र प्रस्तुत करें तथा आपके पास प्रतिभागपत्र के समर्थन में जो भी साथ अथवा दस्तावेज हो उसी रोज प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त बाद आपकी अनुपस्थिति में एक पक्षीय रूप से सुना जाकर निर्णीत किया जावेगा

जारी दिनांक 11 दो 2020 ई.

**न्यायालय की आज्ञा से**
**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज**
**(सीनियर डिवीजन) मैनपुरी**
**जनपद मैनपुरी उत्तर प्रदेश**

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



हमने अपने लाभ के लिए देवभूमि की प्रकृति में जो छेड़छाड़ की उसके कारण प्रकृति काफी नाराज हो गई है और उसने अपने रंग दिखाने शुरू कर दिए है, जिसका ताजा उदाहरण देवभूमि में पसरा यह सन्नाटा है, जिसने घोषित रूप से चालीस तथा अघोषित रूप से दो सौ से अधिक जिन्दगियां लील ली है। उत्तराखण्ड (देवभूमि) में प्रवाहित होने वाली प्रमुख नदियों पर हमारे लाभ के लिए वहां के पहाड़ों को पन्द्रह सौ किलोमीटर खोखला कर अभी अट्ठावन और बांध बनाने की योजनाएं है जिससे नदियों के साथ 28 लाख लोग प्रभावित होगें, इन्हीं बांधों के कारण पहाड़ों व वहां की प्रकृति का संतुलन गड़बड़ाया और ऐसे प्राकृतिक हादसे होने लगे है, यदि हमारी यह स्वार्थ लिप्सा खत्म नहीं हुई तो निकट भविष्य में ही हमें भारी से भारी मानव क्षति उठाना पड़ सकती है। अब तक की खोजों से यह स्पष्ट हुआ है कि भारतीय भूखण्ड एक भीमकाय पत्थर की चट्टान पर टिका हुआ है, जिसे 'इंडियन प्लेट' कहते है।

# गुस्से में गिरिराज : प्रकृति को छेड़ोगे तो वह भी तुम्हें नहीं छोड़ेगी...!

हमारी नासमझी और लापरवाही के कारण भारत की पवित्र देवभूमि धीरे-धीरे विनाश का कारण बनती जा रही है, हमने अपने लाभ के लिए देवभूमि की प्रकृति में जो छेड़छाड़ की उसके कारण प्रकृति काफी नाराज हो गई है और उसने अपने रंग दिखाने शुरू कर दिए है, जिसका ताजा उदाहरण देवभूमि में पसरा यह सन्नाटा है, जिसने घोषित रूप से चालीस तथा अघोषित रूप से दो सौ से अधिक जिन्दगियां लील ली है। उत्तराखण्ड (देवभूमि) में प्रवाहित होने वाली प्रमुख नदियों पर हमारे लाभ के लिए वहां के पहाड़ों को पन्द्रह सौ किलोमीटर खोखला कर अभी अट्ठावन और बांध बनाने की योजनाएं है जिससे नदियों के साथ 28 लाख लोग प्रभावित होगें, इन्हीं बांधों के कारण पहाड़ों व वहां की प्रकृति का संतुलन गड़बड़ाया और ऐसे प्राकृतिक हादसे होने लगे है, यदि हमारी यह स्वार्थ लिप्सा खत्म नहीं हुई तो निकट भविष्य में ही हमें भारी से भारी मानव क्षति उठाना पड़ सकती है। अब तक की खोजों से यह स्पष्ट हुआ है कि भारतीय भूखण्ड एक भीमकाय पत्थर की चट्टान पर टिका हुआ है, जिसे 'इंडियन प्लेट' कहते है। यह प्लेट धीरे-धीरे उस ओर खिसक रही है, जहां वह तिब्बत की प्लेट से टकरा रही है, इन दोनों प्लेटों के टकराने से हिमालय विशेषकर उत्तराखण्ड का क्षेत्र भूकम्प से पीड़ित रहा है, यद्यपि टिहरी बांध के कारण दोनों की प्लेट के टकराने की प्रक्रिया कम हुई है, जिससे भूकम्पों में भी कमी आई है, किंतु भारतीय प्लेट का उत्तर की ओर खिसकना जारी है, और इन्हीं भूकम्पों के कारण जहां नदियों के प्रवाहों में तेजी आ जाती है और वे विकराल रूप धारण कर लेती है वहीं हिमालय पर बने बर्फ निर्मित बड़े विशाल ग्लेशियरों के पिघलने और झीलों के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो जाती है और ग्लेशियर निर्मित झीले ही विनाश का कारण बनती है। पूरे विश्व के प्रमुख वैज्ञानिक पूरे विश्व को इस प्राकृतिक आपदा की चेतावनी देते आ रहे है, किंतु हमने अपनी लिप्सा और स्वार्थ को तिलांजली नहीं दी और पहाड़ी क्षेत्रों में और अधिक नदियों के प्रवाहों को रोककर बड़े-बड़े बांध बनाना जारी रखा है, आज एक ओर जहां अमेरिका जैसा देश अपने देश के चार बड़े बांध तोड़ने की तैयारी कर रहा है, वहीं हमने उत्तराखण्ड में 58 नए बांध बनाने के लिए हिमालय को पन्द्रह सौ किलोमीटर खोखला करने की तैयारी शुरू कर दी है, इससे 28 लाख लोगों का जीवन प्रभावित होगा। अमेरिका जैसा विकसित देश 1976 से अब तक अपने करीब सत्रह सौ बांध तोड़ चुका है, इन बांधों के टूटने से भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदाओं में काफी कमी आई है। किंतु हम भारतीय, प्रकृति की इस चेतावनी पर कोई ध्यान नहीं दे रहे है और अपने ही सर्वनाश की ओर आगे बढ़ रहे है। यह क्या कम आश्चर्यजनक डरावनी खबर है कि भारत में





पिछले एक साल में 965 भूकम्प के झटके महसूस किए गए है, अर्थात हर दिन तीन बार थरार्या था देश। यदि हमने प्रकृति की इन चेतावनियों पर अभी भी ध्यान नहीं दिया तो ज्यादा नहीं कुछ ही सालों में हमारा सर्वनाश संभव है। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि प्राकृतिक संकट की घण्टी सिर्फ भारत में ही नहीं बज रही है, बल्कि विश्व के कई देशों में भी लापरवाही 'सर्वनाश' को न्यौता दे रही है। हाल ही में वैज्ञानिकों ने कहा है कि हिमालय से ग्रीन लैण्ड तक पिघलते ग्लेशियरों के कारण कई देशों में खतरे की घंटी सुनाई देने लगी है। वैज्ञानिकों का कहना है कि पहाड़ों का तापमान बढ़ता ही जा रहा है और लगभग हर साल चार सौ अरब टन ग्रीन लैण्ड और अंटार्कटिका में बर्फ की परतें कम हुई है, वैज्ञानिकों का कहना है कि यदि यही सिलसिला जारी रहा तो मुम्बई सहित दुनिया के आठ बड़े महानगर जल में समाहित हो जाएगें, संयुक्त राष्ट्र संघ को सौंपी गई एक पर्यावरणीय रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि यदि ग्लेशियरों का इसी तरह पिघलना जारी रहा तो 2060 तक मुम्बई सहित भारत के कई शहर जल में समाहित हो जाएगें। इन शहरों में कोलकाता भी शामिल है, कुल मिलाकर भारत की चालीस करोड़ आबादी इससे प्रभावित हो सकती है। इसलिए अब ग्लेशियरों को बचाने की हमारी मुहिम प्राथमिकता के आधार पर चलाना बेहद जरूरी हो गया है। अब यदि हम यह कहें कि हम ग्लेशियरों की पिघलन, भूकम्प, भूकम्प निर्मित झीलों की रिसन आदि प्राकृतिक संकटों से चारों ओर से घिर गए है, तो कतई गलत नहीं होगा। यदि हम अभी भी नहीं चेतें और पहाड़ों के बीच बांध बनाने का सिलसिला जारी रखा तो हमारा सर्वनाश निश्चित है, इसीलिए हमें अभी से इस खतरे से सावधान हो जाना चाहिए क्योंकि प्रकृति की मार बड़ी क्रूर होती है।

**ओमप्रकाश मेहता**

## संपादकीय


# ईश्वर से प्रेम करना है वास्तविक प्रेम



बहुत से ऐसे लोग मिलेंगे जो कहेंगे कि उन्हें किसी से प्यार हो गया है। अपने प्रेम को पाने के लिए वह दुनिया छोड़ने की बात करेंगे। लेकिन वास्तव में प्रेम को पाने के लिए दुनिया छोड़ने जरूरत ही नहीं है। प्रेम तो दुनिया में रहकर ही किया जाता है। जो दुनिया छोड़ने की बात करते हैं वह तो प्रेमी हो ही नहीं सकते है। दुनिया छोड़ने की बात करने वाले लोग वास्तव में रूप के आकर्षण में बंधे हुए लोग होते हैं। वह प्रेम के वास्तविक स्वरूप से अनजान होते हैं। ऐसी स्थिति कभी रामचरित मानस के रचयिता तुलसीदास जी की भी थी, लेकिन जब उन्हें प्रेम का सही बोध हुआ तब वह परम पद को पाने में सफल हुए। तुलसीदास जी के युवावस्था के समय की बात है इनका विवाह एक अति रूपवती कन्या से हुआ जिसका नाम रत्न ावली था। रत्नवती के रूप में तुलसीदास ऐसे खो गये कि उनके बिना एक क्षण जीना उनके लिए कठिन प्रतीत होने लगा। एक बार रत्न ावली अपने मायके चली आयी तो तुलसीदास बचैन हो गये। आधी रात को आंधी तूफान की परवाह किये बिना रत्नावती से मिलने चल पड़े। नदी उफन रही थी जिसे पार करने के लिए वह एक आश्रय का सहारा लेकर तैरने लगे। रत्नावली के ख्यालों में तुलसीदास जी ऐसे खोये हुए थे कि उन्हें यह पता भी नहीं चला कि वह जिस चीज का आश्रय लेकर नदी पार कर रहे हैं वह किसी व्यक्ति का शव है। रत्न ावली के कमरे में प्रवेश के लिए तुलसीदास जी ने एक सांप का पूंछ रस्सी समझकर पकड़ लिया जो उस समय रत्नावली के कमरे की दीवार पर चढ़ रहा था। रत्नावली ने जब तुलसीदास को अपने कमरे में इस प्रकार आते देखा तो बहुत हैरान हुई और तुलसीदास जी से कहा कि हाड़-मांस के इस शरीर से जैसा प्रेम है वैसा प्रेम अगर प्रभु से होता तो जीवन का उद्देश्य सफल हो जाता है। तुलसीदास को पत्नी की बात सुनकर बड़ी ग्लानि हुई और एक क्षण रूके बिना वापस लैट आए। तुलसीदास का मोह भंग हो चुका था। इस समय उनके मन में भगवान का वास हो चुका था और अब वह सब कुछ साफ-साफ देख रहे थे। नदी तट पर उन्हें वही शव मिला जिसे उन्होंने नदी पार करने के लिए लकड़ी समझकर पकड़ लिया था। तुलसीदास जी अब प्रेम का सच्चा अर्थ समझ गये थे। तुलसीदास जान चुके थे कि वह जिस प्रेम को पाने के लिए बचैन थे वह तो क्षण भंगुर है। यह प्रेम तो संसार से दूर ले जाता है। वास्तविक प्रेम तो ईश्वर से हो सकता है जो कण-कण में मौजूद है उसे पाने के लिए बेचैन होने की जरूरत नहीं है उसे तो हर क्षण अपने पास मौजूद किया जा सकता है। इसी अनुभूति के कारण तुलसीदास राम के दर्शन पाने में सफल हुए। जिस पत्नी से मिलने के लिए तुलसी अधीर रहते थे वही उनकी शिष्य बनकर उनका अनुगमन करने लगी।

# भारत के खिलाफ 'टूलकिट' है विदेशी साजिश

"दिल्ली के लाल किले पर 26 जनवरी को जो कुछ हुआ वास्तव में इस साजिश में विदेशी तागतों का हाथ था। किसान आंदोलन की आड़ में क्या पंजाब में खालिस्तान से जुड़े लोग एक बार फिर आतंकवाद की नई कोपलें उगाना चाहते हैं। दिल्ली पुलिस की जांच में 'टूलकिट' मामले में जो तथ्य सामने आएं हैं कम से कम वे इसी तरफ इशारा करते हैं। दिल्ली पुलिस की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़े रहीं है चेहरे बेनकाब हो रहे हैं। अब तक 'टूलकिट' के नव रत्नों का नाम बेनकाब हुआ है। भारत में 'टूलकिट' पर राजनीतिक सरगर्मियां भी तेज हो गई हैं। दिशा रवि और अन्य की गिरफ्तारी को मामले को लेकर सत्ता के खिलाफ विपक्ष लामबंद हो चला है। दिल्ली पुलिस की प्राथमिक जांच में जो तथ्य सामने आए हैं उससे तो यही साबित होता है कि कनाडा में बैठे खालिस्तान संगठन और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने मिल कर इस साजिश को अंजाम दिया। हालांकि अभी जांच की प्रक्रिया लम्बी चलेगी।
इस साजिश में और चेहरे बेनकाब हो सकते हैं। अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन को उग्र करने में 'टूलकिट' का सहारा लिया गया।"









किसान आंदोलन की आड़ में क्या भारत में हिंसा फैलाने की साजिश रची गईं। क्या कनाडा स्थित खालिस्तानी संगठन से जुड़े लोग पंजाब में पुनः अपना अस्तित्व कायम करना चाहते हैं। दिल्ली के लाल किले पर 26 जनवरी को जो कुछ हुआ वास्तव में इस साजिश में विदेशी तागतों का हाथ था। किसान आंदोलन की आड़ में क्या पंजाब में खालिस्तान से जुड़े लोग एक बार फिर आतंकवाद की नई कोपलें उगाना चाहते हैं। दिल्ली पुलिस की जांच में 'टूलकिट' मामले में जो तथ्य सामने आएं हैं कम से कम वे इसी तरफ इशारा करते हैं। दिल्ली पुलिस की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़े रहीं है चेहरे बेनकाब हो रहे हैं। अब तक 'टूलकिट' के नव रत्नों का नाम बेनकाब हुआ है। भारत में 'टूलकिट' पर राजनीतिक सरगर्मियां भी तेज हो गई हैं। दिशा रवि और अन्य की गिरफ्तारी को मामले को लेकर सत्ता के खिलाफ विपक्ष लामबंद हो चला है। दिल्ली पुलिस की प्राथमिक जांच में जो तथ्य सामने आए हैं उससे तो यही साबित होता है कि कनाडा में बैठे खालिस्तान संगठन और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने मिल कर इस साजिश को अंजाम दिया। हालांकि अभी जांच की प्रक्रिया लम्बी चलेगी। इस साजिश में और चेहरे बेनकाब हो सकते हैं। अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन को उग्र करने में 'टूलकिट' का सहारा लिया गया। 'टूलकिट' एक गूगल दास्ताबेज है जिसे अपनी सुविधा के अनुसार एडिट किया जा सकता है। सोशलमिडिया पर यह किट अपने संगठन से जुड़े लोगों के बीच वायरल की जाती है। इस 'टूलकिट' में सारी बातें बिस्तार से लिखी होती हैं, जिसमें आंदोलन को कैसे भड़काना है। किस-किस को जोड़ना है। जिसके पास अधिक फॉलोवर होते हैं उसे बरीयता के आधार पर जोड़ा जाता है। इसमें सारी बातें लिखित होती हैं। 'टूलकिट' में जिस तरह की बातें लिखी गईं थीं लालकिले पर उसी तरह घटना को अंजाम दिया गया। देश की खुफिया एजेंसियों ने भी किसान आंदोलन की आड़ में हिंसा फैलाने की आशंका पहले ही जाहिर कर चुकी थी। टूलकिट' का मामला बेहद संवेदनशील है। यह मामला देश की आंतरिक सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। दिल्ली पुलिस की जांच में अब तक जितने लोगों के नाम आए हैं आए हैं उनमें अधिकांश पर्यावरणविद और जलवायु एक्टिवस्ट हैं। सभी युवा और ग्लोबल स्तर पर चर्चित चेहरे हैं। लोगों ने बेहद कम उम्र में दुनिया में अपनी पहचान बनाई है, लेकिन उनकी साजिश बेहद खतरनाक है। दिशा रवि भी एक पर्यावरण कार्यकर्ता है वह कोई नाबालिक नहीं हैं। लेकिन इसमें खालिस्तान संगठन की भूमिका अहम् है। दिशा अपनी सोच से लोगों को प्रभावित भी किया है, लेकिन जिस 'टूल किट' का उपयोग कर देश और विदेश में बैठी उनकी टीम किसान आंदोलन को भड़काने और हिंसक बनाने की साजिश रची उसके लिए वह निश्चित रूप से जिम्मेदार हैं। दिशा को बच्चा कहना कहीं से भी उचित नहीं है। उसके शातिर दिमाग ने देश के खिलाफ साजिश रचने की कोशिश की है। एक अच्छी पढ़ी-लिखी लड़की विदेशी साजिश में आकर अगर इस तरह की सोच रखती है तो उसे मासूम युवा भला कैसे कहा जा सकता है। ग्रेटा थनबर्ग और दिशा के बीच हुए चैट खुद इसकी गवाही देते हैं। दिल्ली पुलिस की जांच में अभी तक 'टूलकिट' के नौ रत्नों के नाम सामने आएं हैं जिसमें दिशा रवि, निकिता जैकब, शांतनु, ग्रेटा थनबर्ग, पीटर फेड्रिक, अनिता लाल, एमओ भालीवाल, भजन सिंह भिंडरावाला समेत और नाम हैं। इसमें कुछ लोग खालिस्तानी संगठन से जुड़े हैं। शांतनु के ईमेल से 'टूलकिट' वायरल हुआ है। वह खालिस्तानी संगठन से जुड़े एमओ भालीवाल के संपर्क में आया और किसान आंदोलन से जुड़ कर 'टूलकिट' को वायरल किया। शांतनु को अदालत से जमानत मिल चुकी है। उधर अनिता जैकब को भी मुंबई हाईकोर्ट से तीन हफ्ते तक गिरफ्तारी पर रोक लग गईं है पुलिस इस बीच उसे गुरफ्तार नहीं कर सकती है। भारत के साथ विदेश में बैठे लोग भी इस साजिश में शामिल हैं यह जांच एजेंसियों के लिए बड़ी बात है। खालिस्तान और आईएसआई की मिली भगत की बात जिस तरह सामने आयीं है उससे यहीं लगता है की भारत से सीधे मुकाबले में नाकामयाब पाकिस्तान अब खालिस्तान को आगे कर पंजाब में फिर आतंकवाद फैलाने की साजिश रचने में जुटा है। किसान आंदोलन को उसने इस साजिश को भुनाने का अच्छा मौका समझा। आईएसआई भारत की संप्रभुता और अखंडता को बाधित करने की साजिश हमेशा से रचती चली आ रहीं है। इस मामले में सरकारी एजेंसियों को खुले मन से जांच करने देनी चाहिए। संवेदनशील मामलों पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। दिशा रवि की गिरफ्तारी पर भी सवाल उठने लगे हैं। दिल्ली महिला आयोग ने पुलिस को नोटिस भेजा है और उसकी गिरफ्तारी क्यों हुई उस पर सवाल उठाया है। लोगों का कहना है कि दिशा की गिरफ्तारी हैदराबाद से हुई तो उसे स्थानीय अदालत से ट्रांजिट रिमांड क्यों नहीं ली गई। दिल्ली पुलिस का कहना है कि नियमों के तहत दिशा रवि की गिरफ्तारी हुई है हालांकि अदालत के आदेश के बाद उसे गर्म कपड़े किताबें और परिजनों से बातें करने का मौका मिल गया है। दिशा रवि और ग्रेटा के चैट भी सामने आए हैं। जिसमें दिशा ने ग्रेटा से टूल किट को डिलीट करने की बात कहीं है उसने कहा भी है कि यह मामला तूल पकड़ रहा है उसके खिलाफ गंभीर कानूनों के तहत कार्रवाई भी हो सकती है। भारत की जांच एजेंसियां सक्रिय हो गई जिसकी वजह से दिशा रवि घबरा गई। ग्रेटा ने उसे पूरा भरोसा दिलाया था कि वह घबराए नहीं उस पर कोई आँच नहीं आएगी वह इस मामले में अपने वकीलों से बात कर रही है। दोनों के चैट से यह साफ होता है की किसान आंदोलन की आड़ में टूलकिट के जरिए हिंसा फैलाने की साजिश रची गईं। किसान आंदोलन में अगर विदेशी साजिश का हाथ है तो यह देश के लिए बेहद खतरनाक है। 'टूलकिट' के जरिए यह हिंसा फैलाने की बड़ी साजिश है। सरकार की जांच एजेंसियों को अपना काम करने देना चाहिए। साजिश बेनकाब होनी चाहिए। हमारे राजनेता हमेशा अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकते हैं। जांच सरकार के दबाब में नहीं होनी चाहिए। किसी निर्दोष को बालि का बकरा नहीं बनाया जाना चाहिए। जांच में अगर 'टूलकिट' जैसी साजिश साबित हो जाती है तो यह भारत की संप्रभुता एवं अखंडता के खिलाफ है।

**प्रभुनाथ शुक्ल**

# आर्थिक असमानता का दंश

असमानता की बढ़ती खाई को सामने रखने वाली ऑक्सफैम की एक रिपोर्ट में इस बात को भी रेखांकित किया गया है कि भारत ही नहीं दुनियाभर में बढ़ती इस आर्थिक असामनता से सबसे ज्यादा लड़कियां व महिलाएं प्रभावित हो रही हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारत में पुरुषों की तुलना में महिलाओं के वेतन में काफी अंतर है। यह एक बड़ी वजह है जिसके चलते महिलाओं की आय पर निर्भर परिवार आर्थिक रूप से पिछड़ जाते हैं। इतना ही नहीं देश में महिला-पुरुष के वेतन के बीच का यह फर्क 34 फीसदी है। रिपोर्ट के मुताबिक धर्म, जाति, वर्ग, उम्र और लिंग जैसे कारक भी महिलाओं के प्रति असमानता को प्रभावित करते हैं। इतना ही नहीं भारत में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं को वेतन वाले काम मिलने की उम्मीद कम रहती है। हमारे यहां देश के 119 सदस्यीय अरबपतियों में सिर्फ नौ महिलाएं हैं। ऑक्सफैम की इस रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया भर की महिलाएं साल भर में 710 लाख करोड़ रुपए के मेहनताने के बराबर ऐसे काम करती हैं, जिनका कोई मानदेय नहीं मिलता। यह रिपोर्ट बताती है कि भारत के ग्रामीण इलाकों की महिलाएं हर रोज 291 मिनट और शहरी इलाकों की महिलाएं प्रतिदिन 312 मिनट ऐसे कामों में लगाती हैं, जिनके लिए उन्हें कोई भुगतान नहीं मिलता। वहीं शहरी इलाकों के पुरुष महिलाओं के मुकाबले महज 29 मिनट प्रतिदिन और ग्रामीण पुरुष 32 मिनट प्रतिदिन घर और बच्चों की देखभाल जैसे अवैतनिक कामों को देते हैं। ऐसे में यह समझना मुश्किल नहीं है कि आर्थिक गैर बराबरी का बढ़ता अनुपात देश के समावेशी विकास के साथ-साथ आधी आबादी को भी प्रभावित कर रहा है। दरअसल, सिर्फ भारत ही नहीं दुनियाभर में महिलाएं आर्थिक विषमता के दंश को सबसे ज्यादा झेलती हैं। देश का तो सामाजिक-पारिवारिक ढांचा ही कुछ ऐसा है कि घर की वित्तीय स्थिति के चलते सामने आने वाली परेशानियों से महिलाओं को जूझना ही पड़ता है। इतना ही नहीं महिलाओं के श्रम का मिल भी नहीं आंका जाता। ऑक्सफैम की इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत की महिलाएं घर और बच्चों की देखभाल जैसे बिना भुगतान वाले जो काम करती हैं, उसका मूल्य देश की जीडीपी के 3.1 फीसदी के बराबर ही है। हमारे परंपरागत सामाजिक ढांचे में सोच व व्यवहार के धरातल पर आज



भी समानता और भेदभाव रहित व्यवहार महिलाओं के हिस्से नहीं आए हैं। विशेषकर गरीब परिवारों में तो स्थितियां चिंताजनक ही हैं। निःसंदेह ऐसे हालात उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और यहां तक सम्मानजनक जीवन जीने के हालातों को भी प्रभावित करते हैं। यही वजह है कि यह असमानता जन सामान्य के लिए ही नहीं आधी आबादी के लिए भी अब बेहद पीड़ादायी है। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जीवनयापन के हालातों को संकेतक के रूप में लेकर किए जाने वाले ऐसे अध्ययन उन चिंताजनक परिस्थितियों को सामने लाते हैं जिनमें महिलाएं हर तरह से दोयम दर्जे की शिकार हैं। तभी तो ऑक्सफैम की इस रिपोर्ट में ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स-2018 में भारत की 108वीं रैंकिंग का भी जिक्र किया गया है। इस मामले में भारत पड़ोसी देश चीन और बांग्लादेश से पीछे है। गौरतलब है कि ये सर्वे स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक भागीदारी और राजनीतिक सहभागिता के मानकों को लेकर किसी देश में महिलाओं की स्थिति को मापता है। जिनके आधर पर आधी आबादी के जीवन से जुड़े हर पहलू का जायजा लेने की कोशिश की जाती है। अगर इन मापदंडों को देखा जाए तो भारत में महिलाओं की स्थिति आज भी दयनीय है। कहना गलत नहीं होगा आर्थिक असमानता की बढ़ती खाई भारत में पहले से मौजूद स्त्री-पुरुष की गैर बराबरी के हालातों को और पुख्ता करने वाली है। कमजोर वित्तीय स्थिति की पीड़ा महिलाओं के जीवन के हर पहलू को प्रभावित करती है। यह भी एक कटु सत्य है कि आर्थिक विषमता अब देश के जनसामान्य को विकास व बेहतरी के दौड़ से बाहर कर रही है क्योंकि पूंजीवाद का मॉडल संसार भार में संपत्ति के न्यायपूर्ण बंटवारे में नाकाम साबित हुआ है। आर्थिक असमानता के आंकड़े बताते हैं कि बीते कुछ बरसों में वैश्विक रणनीतियों को अपनाकर हमारे देश की कारोबारी संरचना तो पूरी तरह बदल गई मगर उसी अनुपात में नागरिकों के सामाजिक व आर्थिक स्तर में परिवर्तन नहीं आया है। मगर अब इस दिशा में पहल होनी चाहिए।

**सिध्दार्थ शंकर**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा हैल्थ ऑफ भारत व दैनिक अमन प्रेस आर. जेड.-138, रविनगर एक्सटेंसन, नियर पार्क हॉस्पिटल, न्यू दिल्ली-110018 से मुद्रित एवं एस-503ए स्कूल ब्लॉक, शक्करपुर दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

# सैटलाइट तस्वीरों ने खोली चीन के गलवान घाटी के वीडियो की पोल, ड्रैगन ने आधा सच रखा दुनिया के सामने



**लद्दाख।** एक ओर जहां महीनों चली बातचीत के दौर के बाद लद्दाख में भारत और चीन की सेनाएं पीछे हटने लगी हैं, वहीं सरकार के नियंत्रण वाला चीनी मीडिया आग में घी डालने का काम कर रहा है। चीनी सेना के आधिकारिक अखबार ने खुलासा किया है कि सेंट्रल मिलिट्री कमीशन ऑफ चाइना ने उन पांच सैन्य अधिकारियों और जवानों को अलग-अलग उपाधियों से नवाजा जो जून 2020 में गलवान घाटी में भारत के साथ सीमा पर संघर्ष में मारे गए थे।

चीन ने एक वीडियो जारी कर हिंसा का आरोप भारत पर मढ़ने की कोशिश की थी। हालांकि, सेना की ओर से जारी स्टोरी को लेकर विशेषज्ञों का कहना है कि इन ताजा खुलासों के जरिए चीन आधा सच दुनिया के सामने रख रहा है। चीन की आक्रामकता पर न सिर्फ दुनिया भर के सुरक्षा विशेषज्ञों ने नजरें गड़ा दी हैं, उसकी रणनीतियों को भी बखूबी समझा जा रहा है। एक ओर जहां लोग इस बात पर हैरान हैं कि आखिर चीन ने अपनी प्रकृति से उलट 'विदेशी सेना' के हाथों अपने सैनिकों के मारे जाने की बात कबूल कैसे की। मैसच्यूसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी में चीन की विदेश और सुरक्षा नीतियों पर रिसर्चर एम टेलर फ्रैवल याद दिलाते हैं कि चीन की सेना ने पूरी बात नहीं बताई है। उनका कहना है कि पीएलए डेली स्टोरी सीएमसी के गैलेंट्री अवॉर्ड्स देने और इन पांच सैनिकों के एक्शन पर थी। इस स्टोरी में घटना का पूरा विवरण नहीं दिया गया है और न इसके जरिए असल में सभी हताहतों की जानकारी दी गई है।

इससे पहले चीन ने वीडियो जारी कर खुद को विक्टिम दिखाने की कोशिश की थी। चीन इस वीडियो के जरिए यह जताना चाहता है कि हिंसा की शुरूआत भारत ने की थी। जबकि, सच्चाई से पूरी दुनिया वाकिफ है। ऑस्ट्रेलियन स्ट्रैटजिक पॉलिसी इंस्टिट्यूट के रिसर्चर नाथन रुसर ने दावा किया है कि जियोलोकेटर की मदद से पता चलता है कि झड़प वाली जगह भारतीय सीमा के अंदर लगभग 50 मीटर अंदर थी।

एक चट्टान पर पहुंचने और नदी पार करने से पहले भारतीय सेनाओं के फुटेज में घाटी के दक्षिण की ओर चलते देख सकते हैं। ह्यमुझे विश्वास है कि वह पत्थर भारतीय सीमा में हरे रंग से घेरे गए स्थान पर स्थित है। ऐसे में यह दावा सही साबित होता दिखाई दे रहा है कि चीनी सेना ने भारतीय इलाके में घुसकर हमला किया था। दरअसल चीन लद्दाख में तनाव के शुरू होने के बाद से ही चौतरफा घिरा हुआ है।

# हैरी और मेगन का ब्रिटेन के शाही परिवार से रिश्ता खत्म, वापस ली गई रॉयल उपाधि

**लंदन।** ससेक्स के राजकुमार प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी राजकुमारी मेगन मर्कले ब्रिटेन के शाही परिवार के कार्यकारी सदस्यों के तौर पर नहीं लौटेंगे। ब्रिटिश शाही परिवार की जिम्मेदारियों से दूर होने की घोषणा करने के बाद से ही इनके ऊपर कार्रवाई किए जाने का अंदेशा जताया जा रहा था। राजकुमार हैरी की पत्नी मेगन काफी समय से शाही परिवार से दूर कनाडा में रह रही थीं। हैरी की दादी महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की तरफ से जारी एक बयान में बकिंघम पैलेस ने कहा कि राजकुमार और राजकुमारी ने महारानी को अपने निर्णय से अवगत कराया है। दोनों का राजशाही से नाता तोड़ने की शुरूआती घोषणा के एक वर्ष पूरा होने का समय अगले महीने पूरा हो रहा है। 94 वर्षीय महारानी ने निर्णय के बारे में उन्हें पत्र लिखा है।



पत्र में कहा गया है कि उनके नहीं लौटने पर उनकी सभी मानद सैन्य नियुक्तियां और राजशाही के पद शाही परिवार के अन्य कार्यकारी सदस्यों में वितरित कर दिए जाएंगे। बकिंघम पैलेस की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि ससेक्स के राजकुमार और राजकुमारी ने महारानी को पुष्टि की है कि वे शाही परिवार के कार्यकारी सदस्य के तौर पर नहीं लौट रहे हैं। यह भी बताया गया है कि राजकुमार के साथ संवाद के बाद महारानी ने पत्र लिखकर उन्हें जानकारी दी कि शाही परिवार के कार्यों से दूर रहने के कारण सार्वजनिक जीवन की जिम्मेदारियों एवं कर्तव्यों को जारी रखना उनके लिए संभव नहीं होगा। मानद सैन्य नियुक्तियां एवं राजकुमार तथा राजकुमारी के शाही पद महारानी को लौटा दिए जाएंगे और फिर इन्हें शाही परिवार के कार्यकारी सदस्यों के बीच फिर से वितरित कर दिया जाएगा।

# तटस्थ अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों को कश्मीर जाने और कश्मीरियों से बातचीत करने की अनुमति दे भारत : पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने भारत से अपील की है कि वह तटस्थ अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों को कश्मीर जाने और कश्मीरी लोगों से निर्बाध बातचीत करके जमीनी हकीकत का आकलन करने की अनुमति दे।

पाकिस्तानी विदेश कार्यालय के प्रवक्ता जाहिद हफीज चौधरी ने कहा कि भारत को संयुक्त राष्ट्र पर्यवेक्षकों, मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय, ओआईसी स्वतंत्र स्थाई मानवाधिकार आयोग के सदस्यों और अंतरराष्ट्रीय मीडिया को कश्मीर जाने और कश्मीरी लोगों से निर्बाध बातचीत करके जमीनी हकीकत का आकलन करने की अनुमति देनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइडन को भरोसा- इस साल के अंत तक कोरोना महामारी से उबर जाएगा अमेरिका, सामान्य होंगे हालात

वाशिंगटन। अमेरिका में कोरोना वायरस महामारी से हालात बेकाबू हो चुके हैं। अमेरिका, कोरोना वायरस से संर्वाधिक प्रभावित देश है। यहां हर रोज लाखों कोरोना मामले सामने आ रहे हैं। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भरोसा जताया है कि इस साल के अंत तक अमेरिका कोरोना वायरस महामारी से उबर जाएगा। बाइडन ने कहा है कि उनका मानना है कि अमेरिका इस साल के अंत तक सामान्य स्थिति में आ जाएगा क्योंकि लाखों अमेरिकियों को कोरोना वायरस के टीके लगाए जा रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि उन्हें भरोसा है कि अमेरिका इस साल के अंत तक कोरोना वायरस महामारी से उबर जाएगा। उन्होंने कहा कि लाखों अमेरिकियों को वैक्सीनेशन से कोरोना से उबरने में मदद मिलेगी।

### अफगानिस्तान में तैनात अमेरिकी सैनिकों की नहीं होगी वापसी

वाशिंगटन। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा है कि अफगानिस्तान में तैनात अमेरिकी सैनिकों को जल्दबाजी में नहीं बुलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि युद्ध से तबाह देश में हिंसा की घटनाएं कम होनी चाहिए तथा अफगान नेतृत्व वाली वार्ता में और प्रगति की जरूरत है। अमेरिका और तालिबान फरवरी 2020 में एक समझौते पर पहुंचे थे, जिसके तहत तालिबान और अफगान सरकार के बीच शांति सुलह, स्थायी संघर्षविराम और आगामी दिनों में सभी विदेशी सैनिकों की वापसी होनी है। अफगानिस्तान में वर्तमान में करीब 2500 अमेरिकी सैनिक हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय में संवाददाता सम्मेलन में ऑस्टिन ने कहा, ह्यह्यमैंने अपने सहयोगियों को बताया है अमेरिका हड़बड़ी में या अव्यवस्थित तौर पर अफगानिस्तान से सैनिकों की वापसी नहीं करेगा और ना ही गठबंधन की प्रतिष्ठा पर आंच आने देगा। फिलहाल सैनिकों की वापसी को लेकर कोई फैसला नहीं हुआ है। नाटो (नार्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गेनाइजेशन) के रक्षा मंत्रियों के साथ बैठक के बाद उन्होंने कहा कि जो बाइडन प्रशासन अफगानिस्तान में युद्ध के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध है। देश को आतंकी संगठनों का पनाहगाह बनने से भी रोकना है और यह सुनिश्चित करना होगा कि लंबे समय से चल रहे संघर्ष का टिकाऊ समाधान निकले। उन्होंने कहा कि फिलहाल वहां हिंसा की बहुत ज्यादा घटनाएं हो रही हैं और अफगान नेतृत्व वाली वार्ता में प्रगति की जरूरत है। रक्षा मंत्री ने कहा, इसलिए मैं सभी पक्षों से शांति का रास्ता अपनाने का आग्रह करता हूं। हिंसा की घटनाओं में कमी आनी चाहिए।

### जापान में स्कूल ने छात्रा पर बनाया बाल काले करने का दबाव, कोर्ट ने लगाया 3 लाख 30 हजार येन का हजार्ना

टोक्यो। जापान के ओसाका स्थित हाईस्कूल का है, जहां एक छात्रा को अपने बालों के रंग की वजह से स्कूल में परेशानी का सामना करना पड़ा। छात्रा को बाद में अदालत जाना पड़ा, जिसमें स्कूल को छात्रा के सामने झुकना पड़ा और सरकार को हजार्ना भी देना पड़ा। छात्रा की तरफ से दाखिल किए गए मुकदमे में कहा गया है कि ओसाका स्थित कैफुकान सीनियर हाई स्कूल में नियमों के मुताबिक, छात्रों को बाल को रंग लगाने, ब्लीच करने की मनाही है। छात्रा के बालों का प्राकृतिक रंग भूरा है, लेकिन स्कूल लगातार उस पर बालों को डाई कर काला करने का दबाव बना रहा है। छात्रा ने सन 2015 में कैफुकान हाई स्कूल में दाखिला लिया था। हालात यह हो गए थे कि छात्रा को क्लास में शामिल होने और स्कूल ट्रिप से बैन कर दिया जाता था। इसी के चलते छात्रा परेशान हो गई और उसने स्कूल जाना बंद कर दिया। इसके बाद छात्रा ने सन 2017 में स्थानीय सरकार के खिलाफ मुकदमा दाखिल किया था। इस मुकदमें में 2.2 मिलियन येन का हजार्ना मांगा था। इस मामले में कोर्ट ने छात्रा के पक्ष में फैसला सुनाया है और 3 लाख 30 हजार येन का हजार्ना देने के आदेश दिए हैं। हालांकि, कोर्ट ने स्कूल के नियमों को गैर-कानूनी नहीं माना। अदालत ने छात्रा के खिलाफ की गई कार्रवाई की आलोचना की है। स्कूल की तरफ से की गई कार्रवाई का छात्रा ने विरोध किया, लेकिन स्कूल ने उसे 5 महीनों तक सजा देना जारी रखा। अदालत की तरफ से दिए गए फैसले में कहा गया है ऐसे कृत्यों से छात्रा डिप्रेस हुई है और उसके अंदर अविश्वास की भावना बढ़ी है। खास बात है कि इस ट्रायल के दौरान सबसे बड़ा बहस का मुद्दा यह रहा कि स्कूल के नियमों का कोई कानूनी आधार है या नहीं।

### राष्ट्रपति कार्यकाल खत्म होने के बाद पहली बार ट्रंप ने दिया इंटरव्यू, चुनावों में धोखाधड़ी की बात दोहराई

न्यूयॉक। राष्ट्रपति का कार्यकाल खत्म होने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने पहली बार इंटरव्यू दिया है। इस दौरान उन्होंने एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में धोखाधड़ी की बात दोहराई। ट्रंप ने इस हफ्ते रश लिंबाघ की मौत को लेकर फॉक्स न्यूज चैनल, न्यूजमैक्स और वन अमेरिका न्यूज नेटवर्क को इंटरव्यू दिया। उन्होंने हर इंटरव्यू में चुनाव में धोखाधड़ी की बात दोहराई। बता दें कि पिछले साल नवंबर में हुए राष्ट्रपति चुनाव के बाद से ही ट्रंप धोखाधड़ी की बात दोहराते रहे हैं। इसे लेकर वह कोर्ट तक पहुंच गए थे।



लेबनान की राजधानी बेरुत में बम धमाके में मारे गए लोगों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर सड़क जाम करते पीड़ित। इनका कहना है कि लगातार मांग के बाद भी सरकार उन्हें न्याय नहीं दे रही है। - फोटो

# सदन को भंग करने का केपी शर्मा ओली का कदम असंवैधानिक था

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के खिलाफ एक मामले में न्याय मित्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सदस्यों ने उच्चतम न्यायालय के सामने दलील दी कि प्रतिनिधि सभा को भंग करने का उनका कदम असंवैधानिक था।

नेपाल में पिछले साल 20 दिसंबर को ओली ने चौंकाने वाला कदम उठाते हुए प्रतिनिधि सभा को भंग कर दिया, जिसकी वजह से देश में राजनीतिक संकट आ गया।

ओली ने यह कदम ऐसे समय में उठाया जब उनके प्रतिद्वंद्वी पुष्प कमल दहल ह्यप्रचंडह्ण और उनके बीच सत्ता की खींचातानी चल रही है। प्रचंड के नेतृत्व में नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के बड़े तबके ने 275 सदस्यों के सदन को भंग करने के कदम का विरोध किया।



एक खबर के मुताबिक इस मामले की सुनवाई 23 दिसंबर से ही उच्चतम न्यायालय में जारी है। इस मामले की सुनवाई न्याय मित्र के अंतिम सदस्य की जिरह के बाद पूरी होनी थी।

न्यायमित्र के पांच सदस्यों में से एक वरिष्ठ वकील पूर्णमान शाक्य ने कहा कि नेपाल का संविधान देश के कार्यकारी प्रमुख को सदन को भंग करने के अधिकार से वंचित रखता है। यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि संवैधानिक मुद्दा है। अदालत को इसे उसी अनुसार देखना चाहिए।

प्रचंड और ओली समूह दोनों ही नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी पर नियंत्रण का दावा करती है और यह मामला निर्वाचन आयोग के पास है।

# जरायल में किए गए अध्ययन में 85 फीसदी प्रभावी पाई गई फाइजर की कोरोना वैक्सीन

**येरूशलम।** फाइजर की कोरोना वैक्सीन की पहली खुराक 85 फीसदी प्रभावी पाई गई है। इजरायली अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मचारियों पर किए गए एक अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है। शेबा मेडिकल सेंटर द्वारा किया गया यह अध्ययन द लैंसेट मेडिकल जर्नल में जल्दी ही प्रकाशित होगा। दूसरी ओर, कंपनी ने दावा किया है कि उसकी वैक्सीन दूसरी खुराक के बाद 95 फीसद प्रभावी साबित हुई है। एक दिन पहले ही कनाडाई शोधकताओं ने टीकाकरण की संख्या बढ़ाने को लेकर सुझाव दिया था कि फाइजर वैक्सीन की वायरस के खिलाफ प्रभावकारिता देखते हुए दूसरी खुराक देने में देरी की जा सकती है। कनाडाई शोधकताओं के शोध में पहली खुराक के बाद वैक्सीन ने 92.6 फीसदी की प्रभावकारिता दिखाई। उनका विश्लेषण कंपनी द्वारा यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन को मानव परीक्षण के आखिरी चरण को लेकर उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों पर आधारित है।

एफडीए ने दिसंबर के आंकड़ों को लेकर कहा कि उन परीक्षणों से पता चला है कि दूसरे शॉट मिलने से पहले ही टीके ने सुरक्षा प्रदान करना शुरू कर दिया था, लेकिन सिंगल-डोज शॉट की क्षमता का आकलन करने के लिए अधिक डेटा की आवश्यकता होगी। फाइजर ने कहा है कि वैक्सीन के वैकल्पिक खुराक का अभी मूल्यांकन नहीं किया गया है। इस पर यह निर्णय स्वास्थ्य अधिकारियों को लेना है। जनवरी में पहली खुराक प्राप्त करने वाले अस्पताल के 7,214 कर्मचारियों में 15 से 28 दिनों के भीतर कोरोना के लक्षण में 85% की कमी देखने को मिली। टेस्टिंग में बगैर लक्षम वाले मामलों समेत संक्रमण में कुल गिरावट 75 फीसदी रही। हालांकि, इस अध्ययन में अधिकतर लोग युवा और स्वस्थ थे।

# सरकार समर्थित आतंकवाद से अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव बढ़ता है : भारत

**जेनेवा।** जेनेवा में भारत ने कहा है कि किसी खास समुदाय को निशाना बनाकर राज्य प्रायोजित आतंकवाद से अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव बढ़ता है और वे हाशिये पर जाने के लिए मजबूर हो जाते हैं। भारत ने संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों और एजेंसियों से किसी भी आधार पर आतंकवाद को उचित ठहराने का मौका नहीं दिए जाने का आह्वान किया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टी एस तिरुमूर्ति ने कहा, आतंकवाद का कहर हमारे समाज में भेदभाव का बड़ा कारण बना है। नस्लवाद, किसी धर्म के खिलाफ नफरत की भावना और भेदभाव खत्म करने के लिए आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत सभी देशों से ऐसे आतंकी कृत्यों पर लगाम लगाने का आह्वान करता है। भारत सदस्य राष्ट्रों तथा संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों से भी किसी भी आधार पर आतंकवाद को उचित ठहराने का मौका नहीं देने का आह्वान करता है। तिरुमूर्ति ने कहा कि आज के समय सारी दुनिया आपस में जुड़ी हुई है और नया मीडिया खासकर सोशल मीडिया नस्लीय घृणा और भेदभाव वाली विचारधारा के प्रसार का नया माध्यम बना है। उन्होंने कहा, सामाजिक सद्भाव सुनिश्चित करने के लिए हमें पूरी शक्ति से इन समस्याओं से निपटने की जरूरत है।

# नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मलाला की जान के पीछे क्यों पड़े हैं तालिबान चरमपंथी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की मलाला यूसुफजई एक बार फरि सुर्खियों में हैं। पाकिस्तान में सक्रिय तालिबान चरमपंथी संगठन ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। चरमपंथी संगठन ने कहा कि इस बार नशिाना खाली नहीं जाएगा।



आखिर कौन हैं मलाला यूसुफजाई। मलाला का तालिबान चरमपंथियों से क्या है बैर। आखिर चरमपंथी मलाला से क्यों नफरत करते हैं। जी हां, पाकिस्तान की इस बच्ची ने एक बार फरि पाकिस्तान की बंद समाजिक व्यवस्था को बेनकाब किया है। मलाला की कहानी उस मासूम की कहानी है जो अपने देश में औरतों की आवाज को बुलंद करना चाहती है। अब तो मलाला पाकिस्तान ही नहीं पूरी दुनिया में महिलाओं की हक और उनके अधिकारों की एक बड़ी आवाज और आंदोलन बन चुकी हैं। हम आपको बताते हैं मलाला के संघर्ष की पूरी दास्तां। उनके उस छोटे से सफर के बारे में जहां आप भी मलाला पर गर्व कर सकेंगे।

#### स्वात घाटी में जन्मी मलाला को अखर गया तालिबान का यह फरमान

मलाला यूसुफजई का जन्म वर्ष 1997 में पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की स्वात घाटी में हुआ था। उस वक्त स्वात घाटी में तालिबानियों का आतंक था। यह घाटी पूरी तरह उनके कब्जे में थी। कुछ सरकारी प्रतिष्ठानों को छोड़कर सब पर तालिबान का कब्जा था। 2008 में तालिबान ने यहां लड़कियों की पढ़ाई पर पूरी तरह से रोक लगा दी। आतंकियों के डर से लड़कियों ने स्कूल जाना बंद कर दिया था। पूरी स्वात घाटी में तालिबान के भय से डांस और ब्यूटी पार्लर बंद कर दिए गए। उस वक्त मलाला आठवीं की छात्रा थी। बाल्यावस्था में यह बात मलाला को अखर गई। उनके संघर्ष की कहानी यहीं से शुरू होती है।

#### एक भाषण और बीबीसी डायरी के चलते तालिबान की बनीं जानी दुश्मन

तालिबान के इस फरमान के बाद मलाला के पिता जियाउद्दीन यूसुफजई उनको पेशावर लेकर चले गए। 11 वर्ष की उम्र में मलाला ने नेशनल प्रेस के सामने एक जबरदस्त भाषण दिया। इस भाषण का शीर्षक था 'हाउ डेयर द तालिबान टेक अवे माय बेसिक राइट टू एजुकेशन।' इस भाषण के बाद मलाला तालिबान को खटकने लगीं।

# तीन अलग-अलग हमलों से फिर दहला काबुल, पांच व्यक्तियों की मौत; दो घायल



**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में शनिवार को तीन अलग-अलग विस्फोटों में कम से कम पांच व्यक्तियों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। काबुल पुलिस के प्रवक्ता फरदावस फरमर्ज ने कहा कि पहले दो विस्फोट 15 मिनट के अंतर पर हुए और एक विस्फोट दो घंटे बाद हुआ जिसमें पुलिस के एक वाहन को निशाना बनाया गया था। किसी भी समूह ने अभी इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो सकता कि विस्फोट कैसे हुए। हाल के महीनों में राजधानी काबुल में हुए बम हमलों में से अधिकतर में चुंबक का इस्तेमाल करते हुए उन्हें वाहनों में लगा दिया जाता है और फिर उनमें रिमोट कंट्रोल या टाइमर द्वारा विस्फोट किया जाता है।

दूसरे विस्फोट में उत्तर-पश्चिमी काबुल के एक इलाके में एक कार को निशाना बनाया गया जिसमें राष्ट्रीय सेना के सैनिक यात्रा कर रहे थे। धमाके में दो सैनिक मारे गए। इसमें वहां से गुजर रहा एक राहगीर भी मारा गया। तीसरे विस्फोट में पश्चिमी काबुल में पुलिस की एक कार को निशाना बनाया गया जिसमें दो पुलिस अधिकारी मारे गए। इस बीच, पहले विस्फोट में एक नागरिक कार को निशाना बनाया गया, जिससे यात्री वाहन के अंदर बैठे दो लोग घायल हो गए। काबुल पुलिस ने कहा कि जांच चल रही है।

# सबसे खतरनाक ऐस्टरॉइड अपोफिस 6 मार्च को पृथ्वी के पास से गुजरेगा

**वॉशिंगटन।** तबाही का देवता कहे जाने वाला तीसरा सबसे खतरनाक ऐस्टरॉइड अपोफिस धरती के करीब आ रहा हैं, इसकी पहली तस्वीर दुनिया के सामने आ गई है। नासा के वैज्ञानिकों के मुताबिक 6 मार्च को ऐस्टरॉइड पृथ्वी के पास से गुजरेगा। खगोलविदों ने वर्चुअल टेलिस्कोप की मदद से करीब डेढ़ करोड़किलोमीटर की दूरी से महाविनाशक ऐस्टरॉइड की तस्वीर खींची है। वर्चुअल टेलिस्कोप प्रॉजेक्ट ने कहा कि 8 साल की निगरानी के बाद अपोफिस की फिर तस्वीर खींचने में सफलता हासिल की है। अपोफिस सभी संभावित खतरनाक ऐस्टरॉइड का राजा माना जाता है। करीब 370 मीटर चौड़ी इस चट्टान के 48 सालों में टकराने का खतरा है। हालांकि नासा के वैज्ञानिकों के मुताबिक इसकी संभावना बहुत कम है। अपोफिस ऐस्टरॉइड 6 मार्च को पृथ्वी के पास से गुजरेगा और वर्चुअल टेलिस्कोप प्रॉजेक्ट पर 24 घंटे ऐस्टरॉइड अपोफिस के गुजरने का लाइव प्रसारण होगा। यह महाविनाशक ऐस्टरॉइड सोलर सिस्टम में मौजूद सबसे खतरनाक चट्टानों में से एक माना जाता है।



हवाई विश्वविद्यालय के खगोलविदों ने कहा है कि यह ऐस्टरॉइड तेजी से गति पकड़ रहा है। अगले 48 सालों में यह पृथ्वी से टकरा सकता है। नासा के वैज्ञानिक इसके हर कदम पर नजर रख रहे हैं। यह ऐस्टरॉइड कितना शक्तिशाली है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यह अगर पृथ्वी से टकराता है, तब 88 करोड़ टन टीएनटी के विस्फोट के बराबर असर होगा। महाप्रलय लाने वाले अपोफिस ऐस्टरॉइड का यूनानी भाषा में अर्थ होता है, तबाही का देवता। ऐस्टरॉइड अपोफिस अगले महीने धरती से करीब 1 करोड़ 60 लाख किलोमीटर की दूरी से गुजरेगा। इतनी दूरी से गुजरने के कारण ऐस्टरॉइड का परिक्रमा पथ प्रभावित नहीं होगा। ऐस्टरॉइड अपोफिस को टेलीस्कोप से आसानी से देखा जा सकेगा। यह विशालकाय चट्टान वर्ष 2029 में पृथ्वी के इससे भी ज्यादा करीब से गुजरेगी। हवाई यूनिवर्सिटी के खगोलविद डेविड थोलेन ने कहा कि सुबारू टेलिस्कोप से मिले डेटा के आधार पर खुलासा हुआ है कि अपोफिस बहुत तेजी से गति पकड़ रहा है।

# टेक्सास में बिजली आपूर्ति में हो रहा सुधार, लेकिन बना हुआ है पेयजल का जबर्दस्त संकट

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के दूसरे सबसे बड़े राज्य टेक्सास में पांच दिन बाधित रहने के बाद बिजली आपूर्ति में सुधार होने लगा है, लेकिन राज्य की करीब आधी आबादी पेयजल आपूर्ति के संकट से जूझ रही है। टेक्सास के पर्यावरण गुणवत्ता आयोग के मुताबिक, राज्य में अब सभी बिजली संयंत्र काम कर रहे हैं, लेकिन राज्य की 254 काउंटी में से 160 में 1.44 करोड़ लोग जलापूर्ति संकट का सामना कर रहे हैं। जल संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित कुछ इलाकों में अस्पतालों ने अपने मरीजों को अन्य स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया है। वहीं, राज्य के लाखों लोगों को पानी उबाल कर पीने का आदेश दिया गया है। इसकी वजह यह है कि इस हफ्ते कई वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स ठप पड़ गए हैं। ह्यूस्टन के आपात प्रबंधन कार्यालय ने बताया कि जरूरतमंद निवासियों को डेल्मर स्टे-डियम में पीने के पानी की बोतलें उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि वह टेक्सास के लिए संघीय आपात सहायता बढ़ाएंगे।

# पाकिस्तान में दुष्कर्म पीड़िता को जांच का भुगतान खुद करना होगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान फिर एक बार अपने अजीबोगरीब फैसले से चर्चा में है। नए फरमान के अनुसार, अब दुष्कर्म पीड़िता को मेडिकल टेस्ट और पोस्टमार्टम का भुगतान स्वयं वहन करना होगा। इसके लिए 25 हजार पाकिस्तानी रुपए की राशि के भुगतान का आदेश दिया गया है। राशि का ऐलान खैबर मेडिकल कॉलेज एंड यूनिवर्सिटी ने जारी अपनी सूची में किया है। इसकी जानकारी सरकार को भी दे दी गई।

पाकिस्तान के अखबारों में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, 14 फरवरी को हुई बैठक के बाद यूनिवर्सिटी ने 17 तरह के नए चार्ज तय किए हैं। इसमें दुष्कर्म पीड़िता को मेडिकल टेस्ट के लिए 25 हजार पाकिस्तानी रुपए और मृतक का पोस्टमार्टम कराने पर 5 हजार रुपए देने होंगे। इसके अलावा अगर किसी व्यक्ति की मौत हो जाती है तो अस्पताल के फ्रीजर में डेडबॉडी रखने के लिए 24 घंटे के 1500 रुपए देने होंगे। डीएनए के लिए 18 हजार, पोस्टमॉर्टम अगर दूसरे शहर या अस्पताल में होता है तो 25 हजार रुपए देने होंगे। यूरिन टेस्ट 2 हजार, प्वॉइजन टेस्ट 4 हजार और पैटरनिटी टेस्ट 20 हजार में होगा।

यूनिवर्सिटी प्रशासन ने बताया कि यह फैसला कई वजहों से लिया गया है। सबसे बड़ी वजह तो यही है कि पुलिस के पास बहुत कम बजट होता है। इसकी वजह से मेडिकल से जुड़े मामले सही तरीके से पूरे नहीं किए जाते। इसीलिए अब मेडिकल टेस्ट से लेकर डेड बॉडी फ्रीजिंग तक के चार्ज फिक्स कर दिए गए हैं। इसके अलावा पीड़ित अब तक पाकिस्तानी पुलिस की गाड़ी में डीजल भी भरवाते हैं। इस फैसले की पाकिस्तान में कड़ी निंदा की जा रही है। कई लोगों ने इसे शर्मनाक कदम भी बताया है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# तिजारा नगर पालिका बजट बैठक हुई आयोजित

## विधायक की मौजूदगी में 41 करोड 52 लाख का बजट पारित किया

» मदरलैंड महावीर प्रसाद



तिजारा। नगर पालिका सभागार में 12:30 बजे नगरपालिका अध्यक्ष झब्बू राम सैनी की अध्यक्षता में नगर पालिका मंडल की बैठक आयोजित की गई। जिसमे सर्व सम्मति से विधायक संदीप यादव की मौजूदगी में 41 करोड 52 लाख का बजट पारित किया गया ।बैठक शुरू होने से पूर्व शारदा सैनी ने कहा कि बजट पारित में पार्षद के अलावा अन्य लोग शामिल ना हो । बजट पारित में सड़क नाला नाली निर्माण के लिए 11 करोड स्टेडियम के लिए 1 करोड़ नर्सरी उद्यान के पार्किंग पर्यटन स्थल 5 करोड़ सामुदायिक सुविधा, कच्ची बस्ती में सुधार, साइन बोर्ड , इंदिरा रसोई , स्वच्छता, जेसीबी , रोड लाइट में विकास कार्य के लिए बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया । विधायक संदीप यादव ने कहा कि शिक्षा चिकित्सा का बढ़ावा दिया जाएगा। जिससे आज के युवा खेलकूद से शारीरिक स्वस्थ रह सकें। जो भी राज सरकार द्वारा जो भी मदद होगी हमेशा पूरा सहयोग करूंगा क्षेत्र में विकास करेंगे । पालिका अध्यक्ष छब्बू राम सैनी ने कहा कि 25 वार्ड में सभी पार्षदों का सहयोग लेकर समानता से विकास कराऊंगा किसी प्रकार का कोई पार्षद से भेदभाव नहीं करूंगा ।इस अवसर पर पालिका उपाध्यक्ष हरीश कुमार। अधिशासी अधिकारी कुमारसंभव अवस्थी पार्षद सुल्तान पालीवाल ,रामेश्वर सैनी ,कमलेश सैनी , लिपिक मधु शर्मा , हरिप्रसाद ,संजय, चंद्रकला, शारदा सैनी ,कमलेश सैनी राकेश सैनी आदि मौजूद रहे।

# 8 करोड़ की लागत से बनेगी डामर सड़क

» मदरलैंड देशबंधु जोशी

- इस सड़क से लगभग 5 ग्राम पंचायतों के लोगो को सीधा सीधा लाभ मिलेगा: सांसद जसकौर मीणा
- विधायक ने ग्रामीण क्षेत्र की डामर सड़को के निर्माण की मांग भी प्रमुखता से रखी



अलवर । थानागाजी विधानसभा क्षेत्र थानागाजी में 8 करोड़ से अधिक लागत से बन रही प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनान्तर्गत हरनेर गढ़बसई से डुमेडा वाया झाँकडी अंगारी तक डामर सड़क का शिलान्यास शनिवार को दौसा सांसद श्रीमती जसकौर मीणा एवं थानागाजी विधायक कान्ती प्रसाद मीणा के कर कमलों द्वारा किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में बोलते हुए दौसा सांसद श्रीमती जसकौर मीणा ने कहा की इस सड़क से लगभग 5 ग्राम पंचायतों के लोगो को सीधा सीधा लाभ मिलेगा। राज्य एवं केन्द्र सरकार दोनों मिलकर इस प्रकार की योजनाओं का संचालन कर रही है इसका आमजन को लाभ मिलेगा। थानागाजी विधायक कान्ती प्रसाद मीणा ने कार्यक्रम में उपस्थित आमजन को संबोधित करते हुए कहा की इस क्षेत्र की सबसे बड़ी आवश्यकता आज पूरी हुई है । ग्रामीण क्षेत्र की यह सबसे महत्वपूर्ण सड़क थी जो अब बनेगी । इसके बनने से ग्रामीण परिवेश के सभी किसान भाईयो को भी लाभ मिलेगा । विधायक कान्ती प्रसाद मीणा ने साँसद जसकौर मीणा से आग्रह किया की आप केन्द्र सरकार से जनता जल मिशन योजना के तहत पेयजल योजनाओ के आ रहे व्यावसायिक बिलों को सामान्य दर से लागू करवाये ताकि ग्राम पंचायतों पर अनावश्यक भार ना पड़े । व्यावसायिक बिल ग्राम पंचायतों में लगाये जाने की वजह से थानागाजी क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों के बिल 30 लाख रुपये तक बकाया हो चुके है और आज उनके कनेक्शन काटे जा रहे है । विधायक कान्ती प्रसाद मीणा ने सरिस्का में एलिवेटेड रोड़ बनवाने की मांग भी सांसद जसकौर मीणा से की और सांसद निधि से थानागाजी विधानसभा क्षेत्र में छोटी छोटी डामर सड़को के निर्माण की मांग भी प्रमुखता से रखी ।कार्यक्रम में नगरपालिका चैयरमैन चौथमल सैनी , सरपंच संघ अध्यक्ष रामेश्वर दयाल यादव , सरपंच जगदीश प्रसाद मीणा , सरपंच रामकिशन मीणा , उपचेयरमैन सावित्री राजेश शर्मा , सरपंच शोभा श्याम सिंह , सरपंच महेश चन्द सैनी , भाजपा मण्डल अध्यक्ष श्रवण जांगिड़ , पार्षद रोहिताश्व घांघल , सरपंच छोटेलाल मीणा, सरपंच दीपसिंह सहित आस पास के गाँवो के ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

# भागवत कथा यज्ञ का आयोजन भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ

» मदरलैंड महेश चंद मीणा

रेणी । गढ़ी सवाई राम कस्बा स्थित संगीतमय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन श्री रामानुजाचार्य श्री धाम वृंदावन व्यास के मृदु वचन के साथ वृद्ध आश्रम के पास गढ़ी सवाई राम पर शनिवार 20 से 26 तक किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता पुष्पेंद्र शर्मा ने बताया कि आज कलश यात्रा का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। यात्रा लाल दास जी के मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर चांदपुर चूंदाला होते हुए घड़ी के मुख्य बाजार में से होते हुए आयोजन स्थल पर पहुंची बाजार में यात्रा का जलपान करा कर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर रमाकांत शर्मा नवल किशोर झालानी बल्लू सेन कृष्ण मुरारी शर्मा गज्जू पंडित मनोज फनेटासहित काफी लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मोहित यादव पर हुये हमले को लेकर 23 को बहरोड़ मे मीटिंग

मदरलैंड संवाददाता, बहरोड़ । 3 मार्च को जन आक्रोश सभा को लेकर होगी चर्चा । गत दिनों बहरोड़ मे विधायक प्रत्याशी मोहित यादव पर हुये कातिलाना हमले को लेकर बहरोड़ थाने मे केस दर्ज करवाया गया था । उसके बाद भाजपा के लगभग सभी पदाधिकारी ओर पूर्व पदाधिकारियों ने हमलावरों को पकड़ने हेतु काली पट्टी बांधकर पैदल मार्च किया था ओर उस हुजूम को देखते हुये पुलिस ने 7हमलावरों को तुरंत गिरफ्तार कर लिया था, जिसमे 4 अभी भी कानून की पहुंच से दूर हैं, किन्तु आज तक ना तो असली मुजरिम सामने आया ओर ना ही पकड़े गये हमलावरो से पुलिस ये कबूल करवा पाई कि आखिर किसके कहने पर उन्होंने इस कायराना हरकत को अंजाम दिया था । या यूं कहें कि प्रशासन की मिली भगत से पुलिस सच को उजागर नहीं करना चाहती. बहरोड़ विधानसभा के आई टी सोश्यल मीडिया प्रभारी सुनील दत्त शर्मा ने बताया कि इसी सम्बन्ध मे बहरोड़ के अहीर धर्मशाला मे 23 फरवरी को सुबह 11 बजे एक मीटिंग का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे भाजपा के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे । पूर्व मंत्री एवं बहरोड़ के विधायक रहे डॉ.जसवंत सिंह यादव सभा की अध्यक्षता करेंगे. मीटिंग का एजेंडा 3 मार्च को बहरोड़ मे जन आक्रोश सभा को लेकर होगा ।

### मंथन स्पेशल स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह आज

मदरलैंड संवाददाता, बहरोड़ । मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों के निःशुल्क विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह आज रविवार 21 फरवरी को मनाया जाएगा । कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ट्रस्ट की सचिव डॉ सविता गोस्वामी ने बताया कि मंथन स्पेशल स्कूल के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वार्षिकोत्सव एवं दिव्यांग सारथी समारोह का आयोजन किया जा रहा है । जिसमें दिव्यांग बच्चों की निःशुल्क शिक्षा, रिहैबिलिटेशन एवं रोजगार प्रशिक्षण के लिए सहयोग देने वाले भामाशाहों को मंथन दिव्यांग सारथी अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चेयरमैन सीताराम यादव, कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में उपखंड अधिकारी संतोष मीणा व अति विशिष्ठ अतिथि के रूप में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी स्वीटी कांवत, थानाधिकारी विनोद सांखला एवं मोनिका भारती सहित क्षेत्र के अन्य सम्माननीय अधिकारीगण एवं गणमान्य जन उपस्थित रहेंगे ।

### योगेन्द्र यादव जिला उपाध्यक्ष और धीरज यादव महासचिव, सोनू यादव सचिव बने

मदरलैंड संवाददाता, बहरोड़ । राष्ट्रीय हिन्दू संगठन राजस्थान के अलवर जिले के जिला अध्यक्ष पवन यादव ने संगठन का विस्तार करते हुए योगेंद्र यादव निवासी सारणवास को जिला उपाध्यक्ष व धीरज यादव निवासी मानपुरा मोहल्ला बहरोड़ को जिला महासचिव व सोनू यादव निवासी बसई को जिला सचिव के पद पर मनोनीत किया ।

### पुलिस ने तीन बदमाश देसी कट्टा, कारतूस, देसी हथकढ़ शराब सहित किए गिरफ्तार



मदरलैंड संवाददाता । तिजारा थाना शेखपुर अहीर पुलिस ने एक स्कार्पियो कार में बैठे तीन बदमाश एक देशी कट्टे 315 बोर व दो जिन्दा कारतूस एवं 20 लीटर देशी हथकड़ शराब सहित गिरफ्तार । थाना अधिकारी रामकिशोर चौधरी ने बताया है कि क्षेत्र में शांति कायम रखने के लिए अवैध हथियारों की रोकथाम एवं अपरधियों की धड़ पकड़ अभियान के तहत के वृत्ताधिकारी बृत अधिकारी प्रेम बहादुर तिजारा के निर्देशन मे थानाधिकारी रामकिशोर के नेतृत्व में गश्त नाकाबन्दी दौरान करते हुये एक स्कॉर्पियो गाड़ी को रोका गाड़ी में 3 लोग बैठे हुए थे पुलिस ने तलाशी लेने पर एक 315 बोर देशी कट्टे एवं दो जिन्दा कारतूसो के साथ एक स्कार्पियो गाडी 20 लीटर देशी हथकड शराब सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है ।पुलिस ने बताया है ।कि अमजद पुत्र आजाद जाति सेव उम्न 22 सात निवासी गंधोत्ता जाफर पुत्र नूर मोहम्मद 22 साल निवासी म्वारका कॉलोनी तावद् थाना तावडू जिला नूह ।हरि . ) 3.हामिद पुत्र वीर जाति मिया उम्र 23 साल निवासी तावडू तीनों आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है ।

# ट्रॉली के पहिए के नीचे आने से युवक की हुई मौत

## आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाया जाम

» अशोक भारद्वाज



केएम 2102 सी ए, जाम के दौरान परिजनों एवं ग्रामीणों को समझाते कठूमर थाना प्रभारी कमल सिंह

कठूमर लक्ष्मणगढ़ सड़क मार्ग पर शनिवार सुबह ट्रैक्टर ट्रॉली से दबकर हुई 20 वर्षीय युवक की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों व युवक के परिजन ने ट्रैक्टर ट्रॉली के चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दोपहर 2:00 बजे नगर रोड पर अस्पताल के सामने ट्रैक्टरों को आडा लगाकर जाम लगा दिया ।थोड़ी देर बाद मौके पर पहुंचे सीआई कमल सिंह द्वारा ट्रैक्टर ट्रॉली को व चालक को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिए जाने पर जाम को खोल दिया गया। मृतक युवक ग्राम तसई का रहने वाला था। इससे पूर्व मिली जानकारी के अनुसार कठूमर लक्ष्मणगढ़ रोड पर ग्राम कांकरोली के पास लक्ष्मणगढ़ की तरफ से मिट्टी से भरा हुआ एक ट्रैक्टर ट्रॉली कठूमर की तरफ आ रहा थी कि तसई निवासी 20 वर्षीय सुभाष उर्फ छोटू पुत्र मनीराम राजपूत बाइक पर आ रहा था। कि ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे दबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई ।सूचना मिलने पर पुलिस एवं ग्रामीण मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर ट्रॉली से के नीचे से युवक को निकाला। इतने में ट्रैक्टर ट्रॉली का चालक ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने लाश को कठूमर स्थित की मोर्चरी में रखवा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक युवक छोटू राजपूत टोस एवं फैन सप्लाई का काम करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था और मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का युवक था युवक के पिता की मृत्यु 2012 में हो गई थी। अब उसकी उसके परिवार में कमाने वाला शेष नहीं बचा है ।पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप कर मामला दर्ज दर्ज कर लिया है।

# केंद्र सरकार हठधर्मिता अपनाकर देश के किसानों को बर्बाद करने पर तुली हुई है: मंत्री टीकाराम जूली

» मदरलैंड संवाददाता



अलवर । श्रम राज्य मंत्री टीकाराम जूली ने कहा है कि केंद्र सरकार हठधर्मिता अपनाकर देश के किसानों को बर्बाद करने पर तुली हुई है। श्रम मंत्री जूली शनिवार को कृषि कानूनों के विरोध एवं देशव्यापी किसान आंदोलन के समर्थन में अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के मालाखेडा कस्बे एवं अलवर शहर में आयोजित पैदल मार्च के अवसर पर किसानों एवं नागरिकों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसान-मजदूर विरोधी मोदी सरकार किसानों द्वारा अपने हक के लिए किए जा रहे इस आन्दोलन की आवाज को कुंद करने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग कर रही है। यह लड़ाई किसान की नहीं, बल्कि देश की आवाम की है। जनता पर थोपे जा रहे इन कानूनों से परेशान आमजन सरकार को जल्दी सबक सिखाएगे। उन्होंने कहा कि पैदल मार्च के माध्यम से कांग्रेस पार्टी ने किसानों के साथ होने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले करीब 100 दिन से किसान आंदोलन कर रहे है। कृषि कानून वापिस लेने की मांग करते हुए अब तक सैकडों किसान आन्दोलन के लिए अपनी शहादत दे चुके है। इसके बावजूद मन की बात सुनने वाली केंद्र सरकार किसानों की आवाज नहीं सुन रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पूंजीपतियों के हाथों की कठपूतली बनकर किसानों पर तीन काले कानून थोपने का प्रयास कर रही है। इन तीन काले कानूनों से देश का किसान ही नहीं बल्कि प्रत्येक वर्ग प्रभावित होगा। मोदी की नीतियों से देश की जनता में आक्रोश है। सर्दी, गर्मी, बरसात में भी सड़कों पर किसान अपने हक के लिए आन्दोलन कर रहा है। पहली बार किसानों को रोकने के लिए सड़कों पर कील लगाकर उन पर अत्याचार किए जा रहे हैं। तीन काले कानूनों के विरोध में यह पदयात्रा अलवर ही नहीं अपितु राजस्थान प्रदेश व पूरे भारत देश में किसानों के समर्थन में निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार किसानों के बाद अब देश के मजदूरों के हकों पर भी कानून बनाकर डाका डालने वाली है। महंगाई, बेरोजगारी जैसी गंभीर समस्याओं के समाधान करने के बजाए केंद्र सरकार मनमानी कर देश की जनता के साथ कुठाराघात कर रही है। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन के लगातार चलने से यह स्पष्ट हो गया है कि केंद्र सरकार अत्याचार की नई मिसाल कायम कर रही है। जिसके कारण देश का आमजन अब चिंतित हो उठा है। **श्रम मंत्री ने किसान जत्थे का किया स्वागत** श्रम राज्यमंत्री टीकाराम जूली ने किसान व कृषि विरोधी तीन काले कानूनों के विरोध में किसान आन्दोलन संघर्ष समिति के जत्थे का मोती डूंगरी स्थित कार्यालय से अल्पाहार देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक कोने से आमनागरिक किसानों के आन्दोलन को सफल बनाने के लिए तन-मन-धन से सहयोग कर रहे हैं।

# नवनिर्मित प्रवेश द्वार व शाला भवन नवीनीकरण का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित हुआ



» सुनिल जालिन्द्रा

बहरोड़। कस्बे के शहीद धर्मेंद्र यादव राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 1 में शनिवार को नवनिर्मित प्रवेश द्वार और शाला भवन के नवीनीकरण का लोकार्पण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक बलजीत यादव, अध्यक्ष भामाशाह सेठ श्रीधर गुप्ता, उपखंड अधिकारी संतोष कुमार मीणा, नगर पालिका चेयरमैन सीताराम यादव, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शशि कपूर उपस्थित रहेंगे इस अवसर पर वैश्य समाज, मेन बाजार व्यापार मंडल, लायंस क्लब, रॉयल लायंस, भारत विकास परिषद, लियो क्लब अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विधायक बलजीत यादव ने बताया कि सेठ श्रीधर गुप्ता की जितनी तारीफ की जाये उतनी कम है। ये सन्त स्वभाव के समाज सेवी हैं। मुम्बई में एक बड़ा व्यापार होने के बावजूद ये बहरोड़ की मिट्टी से प्यार करते हैं। जो हमारे लिए भी गर्व की बात है कि हमारे यहॉ ऐसे सपूत ने जन्म लिया। जो अपनी नेक कमाई में से शिक्षा के क्षेत्र में पैसा लगाते हैं। जहॉ बच्चे एक अच्छे और खुशनुमा वातावरण में शिक्षा ग्रहण करें। इससे ज्यादा पुनीत कार्य नहीं हो सकता है। गुप्ता ने कॉलेज, लाईब्रेरी आदि जहॉ भी जरूरत पड़ी खूब पैसा दिया है। विधायक ने कहा कि अभी बजट सत्र चल रहा है अगर स्कूल क्रमोन्नत हुए इस स्कूल को क्रमोन्नत जरूर करवाउंगा। भामाशाह गुप्ता ने कहा कि स्कूल हमारा मन्दिर होता है। मैं इसी स्कूल में पढ़ा हूँ। विद्यालय भवन देखा तो निर्माण करवाने का विचार बन गया। अगर इस स्कूल में पढ़े हुए विद्यार्थी अपने तरफ से जितना बन सके दान करें तो स्कूल बहुत आगे बढ जायेगा। पैसा ही सब कुछ नहीं होता है सभी समाज के द्वारा जो भी योगदान दिया जाता है वहीं बड़ा होता है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ट्रॉमा सेंटर के लिए किया आमरण अनशन

## उपखंड अधिकारी ने जूस पिलाकर करवाया समाप्त

» शिवा जोशी



राजगढ़। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बजट 2021 में ट्रॉमा सेंटर की स्वीकृति की घोषणा के लिए पिछले 7 दिनों से जारी अनशन और 2 दिनों से जारी आमरण अनशन एवम् भूख हड़ताल को एसडीएम राजगढ़ ने जूस पिलाकर समाप्त करवाया। ग्राम पंचायत कलेशान के श्री महेन्द्र मीना पिछले 7 दिन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ के बाहर राजगढ़ में बजट 2021 में ट्रॉमा सेंटर खोले जाने की घोषणा की मांग को लेकर धरने पर बैठे थे। सरकार की और से कोई ध्यान नहीं दिए जाने पर महेन्द्र मीना ने पिछले 2 दिन से भूख हड़ताल और आमरण अनशन आरंभ कर दिया। इसकी खबर जब एसडीएम तक पहुंची तो उन्होंने कल शुक्रवार को नायब तहसीलदार राजगढ़ को महेन्द्र मीना को आमरण अनशन छोड़ने हेतु समझाइश करने हेतु भेजा परन्तु बात नहीं बनी। फिर आज एसडीएम राजगढ़ केशव कुमार मीना और पुलिस उप अधीक्षक श्रीमती अंजलि जोरवाल स्वयं मौके पर पहुंचे और महेन्द्र मीना को यह आश्वासन दिया कि वो सोमवार को राजगढ़ मे ट्रॉमा सेंटर को लेकर एक प्रस्ताव भेजेंगे। इसमें स्वयं महेन्द्र मीना का सहयोग लिया जाएगा। इस हेतु महेन्द्र मीना ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी एसडीएम राजगढ़ को सौंपा। इस बात पर सहमति बनने पर महेन्द्र मीना को जूस पिलाकर अनशन समाप्त करवाया गया। मौके पर राजगढ़ के निवासी उपस्थित रहे। सभी ने महेन्द्र मीना के अनशन का समर्थन किया।

# लगातार तीसरे दिन भी नही डालने दिया शहर का कचरा

» हीरालाल भूरानी

## धरना प्रदर्शन करने वालो की एक ही मांग कचरा अन्यत्र डालो



खैरथल कस्बे के पेहल रोड स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय व नवनिर्माधिन जीएसएस के पास पालिका की भूमि पर बनने वाले डंपिंग यार्ड स्थान पर पालिका द्वारा कचरा डालने के विरोध में चल रहा धरना प्रदर्शन आज तीसरे दिन भी जारी रहा । शनिवार को लगातार तीसरे दिन भी पालिका वाहनों को बैरंग लौटना पड़ा। वाहनों को कचरा नही डालने की सूचना पर पालिका के अधिशासी अधिकारी शुभम गुप्ता ,सफाई निरीक्षक प्रेम कुमार ,कनिष्ट अभियंता मोतीलाल वर्मा ने धरनार्थियों को काफी समझाने का प्रयास किया कि पालिका अपनी स्वयं की भूमि पर कचरा डाल रही है ।लेकिन आंदोलनरत लोग किसी भी कीमत पर राजी नही हुए ।धरना स्थल पर आज भी काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष शाम तक डटे रहे ।उनका कहना है कि पालिका द्वारा डाले जा रहे कचरे की वजह से सारा वातावरण दूषित हो रहा है ।भारी बदबू की वजह से लोगो का जीना दूभर हो रहा है ।मृत पशुओं की दुर्गंध व जलाए जाने वाले कचरे की धुंआ से भयंकर बीमारी होने का खतरा बना हुआ है ।अंततः कचरे से भरे ट्रैक्टर व छोटे टीपर देर शाम तक कचरे से भरे खड़े रहे । उधर ,पालिका के अधिशासी अधिकारी शुभम गुप्ता ने बताया कि जिला कलेक्टर व उपखण्ड अधिकारी को सूचित किया जा चुका है ।अगर विरोध करने वाले लोग नही मानते है तो मजबूरन उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा ।

# क्षेत्र में बाइक चोर हुए सतर्क, 3 दिन में दो पलटीना मोटरसाइकिल हुई चोरियां

» रामस्वरूप नायक



रायसिंहनगर क्षेत्र में इन दिनों बाइक चोर पूरी तरह से सक्रिय नजर आ रहे हैं तो वहीं पुलिस की उदासीनता भी देखने को मिली बताना चाहेंगे कि 3 दिन में दो बाइक चोरियां हो गई प्रार्थी वेद प्रकाश पुत्र गज्जन सिंह जाति रविदासिया निवासी थानदेवाला गांव बाइक प्लैटिना आरजे 13 एस0 267 को छोड़कर किसी काम से मिनी सचिवालय आया हुआ था तो वही अपनी बाइक को मिनी सचिवालय के बाहर पार्किंग में खड़ा करके गया हुआ था जब वापस आकर देखा तो वहां से उसकी बाइक नहीं मिली तो वही दूसरा प्रार्थी मांगीलाल पुत्र मोहनलाल 83१ निवासी आरजे 13 एससी 7897 प्लैटिना श्री राम आईटीआई कॉलेज के बाहर खड़ी करके कॉलेज में व्यक्तिगत कार्य से आया हुआ था बाहर आकर देखा तो वहां से बाइक नहीं मिली इस संबंध में जब कॉलेज प्रशासन को अवगत करवाया तो कालेज प्रशासन ने भी सीसीटीवी कैमरे को खंगाला तो कुछ देर के बाद एक कैमरे में बाइक चोर की तस्वीर भी कैद हो गई जिसके बाद प्रार्थी ने पुलिस थाने जाकर बाइक चोरी की सूचना दी लेकिन जानकारी के मुताबिक 3 दिन पूर्व चोरी हुई बाइक पीड़ितों में भी काफी रोष देखने को मिला बताया कि घटना के 3 दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई बता देंगे क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं भी बढ़ रही है।

# प्रदेश में भाईचारे, तरक्की की कामना के साथ सीएम ने भेजी चादर

» राज कुमार



पिरान कलियर। अजमेर शरीफ में हजरत ख्वाजा गरीब नवाज के सालाना उर्स में मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने सद्भावना भेजकर देश और प्रदेश में अमन, सौहार्द व तरक्की की दुआ की। शायर अफजल मंगलौरी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने अजमेर शरीफ के सालाना उर्स में सद्भावना चादर भेजी है।

चादर 22 फरवरी को दरगाह अजमेर शरीफ हजरत ख्वाजा गरीब नवाज में पेश होगी। सचिवालय से हजरत ख्वाजा गरीब नवाज के अजमेर में चल रहे 809वे सालाना उर्स के अवसर पर सद्भावना चादर भेजते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शांति, विकास व प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा की कामना के साथ सद्भावना चादर अजमेर भेजी जा रही हैं। चादर को दरगाह पीरान कलियर उर्स कमेटी के संयोजक व अंतरराष्ट्रीय शायर अफजल मंगलोरी एवं सदस्य लेकर अजमेर शरीफ जाएंगे और 22 को दरगाह हजरत ख्वाजा गरीब नवाज में पेश करेंगे। भारत मे आदि काल से सूफी, संतों व ऋषियों ने मानवता के कल्याण के लिए अपने जीवन को समर्पित कर मानवता के संदेश को पूरे विश्व में फैलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश सरकार सभी वर्गों व समुदायों के उत्थान और कल्याण के लिए प्रयासरत है।

भविष्य में भी कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखा जाएगा। शायर अफजल मंगलोरी ने मुख्यमंत्री से पिरान कलियर शरीफ के सालाना उर्स को सरकारी मेला घोषित किए जाने की मांग की हैं। उर्स का स्वास्थ, सफाई, पुलिस, प्रकाश व मेले की अन्य व्यवस्थाओं का समस्त खर्च दरगाह को व्यय करना पड़ता है। मंगलोरी ने कोरोना काल में नुकसान को देखते हुए दुकानदारों, ठेकेदारों व बकायादारों का 8 माह के किराए में छूट दी जाने के साथ ही दरगाह कर्मचारियों कोरोना काल का वेतन भी अदा करने की मांग की। इस दौरान मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ नरेंद्र सिंह, ओएसडी धीरेंद्र पवार, विक्रम सिंह चैहान, दरगाह प्रबन्धक मोहम्मद हारून, समीर खान, इरशाद खान आदि मौजूद रहें।

# महंगाई के विरोध में गरजे कांग्रेसी, सिलेंडर लेकर किया प्रदर्शन

» मदरलैंड संवाददाता




रुड़की। रसोई गैस, डीजल, पैट्रोल में लगी आग से गुस्साए कांग्रेसी शनिवार को सड़क पर उतर आए। कांग्रेसियो ने जगह-जगह प्रदर्शन कर इसका विरोध जताया और महंगाई को गरीब व मध्यमवर्ग पर मार बताया। जिला रुड़की ग्रामीण कांग्रेस प्रभारी एवं पूर्व राज्यमंत्री याकूब सिद्दीकी ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास का दावा करने वाली भाजपा और नरेंद्र मोदी सरकार देश से किसान, मजदूर, मध्यमर्ग वर्ग को बेरोजगारी, महंगाई की मार से मिटाने में लगी है।

सम्पन्न देश होने के बावजूद भारत में पिछले 20 दिनों से लगातार डीजल, पैट्रोल के दाम बढ़ रहे हैं। 20 दिन में 14 बार तेल पर 15 रुपये बढ़ चुके हैं। रसोई गैस पर 3 बार कर 150 रुपये बढ़ा चुके हैं। लगातार बढ़ोत्तरी से भारत में पैट्रोल 100 रुपये के पार पहुंचने को है, जबकि भूखे पाकिस्तान में यही 51 रुपये बिक रहा है, फिर भी भाजपा और मोदी सरकार के मंत्री बात-बात में पाकिस्तान का जिक्र करने में लगे हैं। हिंदू-मुस्लिम की बात कर भाजपा और मोदी सरकार देश के किसान, मजदूर, मध्यमवर्ग को महंगाई की आग में झोंक रही है। सिद्दीकी ने कहा कि नेपाल, भूटान, बांगलादेश जैसे कमजोर देशों में डीजल, पैट्रोल की कीमते 55 रुपये के आसपास है और मोदी सरकार भारत की जनता को यही तेल 100 रुपये के लगभग बेचने में लगी है। इससे सरकार की मंशा साफ होती है। एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री अरविंद प्रधान ने कहा कि तेल के दाम बढ़ेगें तो सब चीजे महंगी हो जाएगी और देश में यही हो रहा है। सरकार आए दिन डीजल, पैट्रोल, रसोई गैस के दाम बढ़ाने में लगी है। जिससे दाल, सब्जी, चीनी, अनाज सब महंगा हो गया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र चैधरी ने कहा कि एक तो देश का किसान, मजदूर, मध्यमवर्ग कोरोना की मार झेल चुका है, ऊपर से मोदी सरकार देश को महंगाई के करंट का झटका देने में लगी है। जिससे किसान, मजदूर, मध्मवर्ग का चूल्हा ठंडा पड़ता जा रहा है। कहा कि मोदी सरकार में कुछ ही लोगों का विकास हो रहा है। कांग्रेस किसान, मजदूर, मध्यमवर्ग की आवाज बनकर सड़कों पर बनी रहेगी और महंगाई व सरकार की गलत नीतियों का विरोध करती रहेगी। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन दिनेश कौशिक, रश्मि चैधरी, नासिर प्रवेज आदि मौजुद रहे।

# बदमाशों ने झपटी युवती से चेन

» मदरलैंड संवाददाता

मंगलौर। खरीदारी को जा रही एक युवती के गले से बाइक सवार बदमाशों ने चेन झपट ली। पुलिस ने अज्ञात में बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया जायेगा। पुलिस के अनुसार ग्राम नगला सलारू निवासी रीनू पुत्री कंवरपाल सिंह गांव की अन्य महिलाओं के साथ खरीदारी के लिए गुरुकुल नारसन जा रही थी। जैसे ही वह हाईवे पर पहुंची तो बाइक सवार दो बदमाशों ने उसके गले से सोने की चेन झपट ली। इससे पहले कि महिलाएं व युती कुछ समझ पाती बदमाश वहां से फरार हो गए। युवती ने घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजनों ने घटना के संबंध में पुलिस को अवगत कराया। जिसके बाद नारसन व कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग पाया। एसएसआई देवेंद्र सिंह रावत का कहना है कि जल्द ही बदमाशों की शिनाख्त कर गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### निगम ने पकड़ी डेढ़ लाख की क्रॉकरी

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। नगर निगम की एंटी पॉलीथिन स्क्वायड ने शनिवार को प्लास्टिक डिस्पोजल क्रॉकरी की बड़ी खेप पकड़ी है। क्रॉकरी की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई गई है। निगम ने सारा सामान जब्त कर कारोबारी पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। नगर निगम ने प्लास्टिक डिस्पोजल क्रॉकरी पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया हुआ है। दोपहर में पॉलीथिन स्क्वायड को सूचना मिली कि सोत चैकी के समीप प्लास्टिक की डिस्पोजल क्रॉकरी से भरी एक गाड़ी सोत चैकी क्षेत्र में माल उतारने आई हुई है। इस पर निगम टीम ने मौके पर पहुंचकर गाड़ी को पकड़ लिया। जांच में गाड़ी में प्लास्टिक की क्रॉकरी की 56 पेटियां मिली। निगम टीम गाड़ी को नगर निगम ले आई। सहायक नगर आयुक्त चंद्रकांत भट्ट ने बताया कि गाड़ी में करीब डेढ़ लाख रुपये की प्लास्टिक की डिस्पोजल क्रॉकरी भरी थी। सारी क्रॉकरी को जब्त कर लिया गया है। संबंधित कारोबारी पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। साथ ही उसे चेतावनी दी गई है कि यदि वह दोबारा प्रतिबंधित क्रॉकरी का इस्तेमाल करता पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। टीम में गौतम, सुमित, अरुण, विशु, अभिषेक शामिल रहे।

### अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश सचिव का हुआ स्वागत

मदरलैंड संवाददाता, मंगलौर। अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव राजा कुरैशी का कांग्रेस कार्यकताओं, समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। कांग्रेस कार्यकताओं ने उनके स्वागत में जुलूस निकाला जो कांग्रेस कार्यालय बस स्टैण्ड से शुरू होकर विधायक आवास पर जाकर समाप्त हुआ। इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी की। कांग्रेस नेताओं ने कार्यकताओं से मिशन 2022 के लिए कमर कसने का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर सबसे पहले युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का ही कार्य किया जायेगा। शुक्रवार देर रात अल्पसंख्यक विभाग के नवनियुक्त प्रदेश सचिव राजा कुरैशी मंगलौर पहुंचे, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने बस स्टैण्ड कार्यालय पर फूल मालाओ से उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं विधायक काजी निजामुद्दीन ने कहा कि राजा कुरैशी कांग्रेस को मजबूत करने का काम करेंगे। उनकी नियुक्ति से युवाओं में जोश है और वह सभी युवाओं को साथ लेकर कांग्रेस पार्टी की रीतियो व नीतियों को बढ़ाने का काम करेंगे। राजा कुरैशी ने कहा कि जनता पंजाब के निकाय चुनाव में भी भाजपा को मजा चखा चुकी है और इस बार विधानसभा चुनाव में भी भाजपा की उत्तराखण्ड में भी ऐसी की हालत होगी। यदि केंद्र सरकार ने तीन कृषि कानून वापस नहीं लिए तो जनता पूरे देश में भाजपा को पंजाब की ही तरह जवाब देगी। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन इस्लाम, तुफैल कुरैशी, महमूद अंसारी जहीर कुरैशी, सभासद शहजाद, राशिद खान, परवेज नम्बरदार, फरमान खान, नवाज काजमी, शाकिर अंसारी आदि मौजूद रहे।

### दूसरे दिन भी जारी रोड़वेज कर्मियों का धरना

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। कर्मचारियों के निलंबन को वापस लेने के लिए कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। प्रदर्शन में शामिल कर्मचारियों ने निलंबन को तानाशाही बताया है। 11 जनवरी को चालक विनोद पाल देहरादून से यात्रियों को लेकर दिल्ली के लिए रवाना हुआ था। इस बीच मालवीय चैक के पास कनिष्ठ लिपिक नाथूराम और वरिष्ठ लिपिक सतवीर सिंह ने बस को रोकने का इशारा किया था। लेकिन चालक ने वहां बस नहीं रोकी थी। चालक जब बस को रुड़की रोडवेज अड्डे पर लेकर गया तो सतवीर सिंह और नाथूराम ने चालक की पिटाई की थी। चालक की ओर से सहायक महाप्रबंधक को लिखित शिकायत दी गई थी।

### चोरी से चीनी बेच रहा मिल, नकद खरीद रहा बाहरी गन्ना: भाटी

मदरलैंड संवाददाता, झबरेड़ा। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन प्रदेशाध्यक्ष पदम सिंह भाटी ने इकबालपुर शुगर मिल पर नई व पुरानी चीनी चोरी से बेचने और अधिक मुनाफे को नगद गन्ना खरीदने का आरोप लगाया। प्रदेशाध्यक्ष ने चीनी मिल प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र के किसानों को गन्ना भुगतान ना करने के पीछे मिल अधिकारियों व कुछ नेताओं की मिलीभगत से लगातार नई व पुरानी चीनी चोरी से बेची जा रही है जिसके पुख्ता प्रमाण उनके पास है। कहा कि ठेकेदारों से सस्ते भाव में अधिक मुनाफा कमाने के लिए नकद गन्ना मिल प्रबंधन द्वारा खरीदा जा रहा है परंतु क्षेत्र के किसान का भुगतान नहीं किया जा रहा है इससे क्षेत्र के किसान को तो नुकसान हो ही रहा है वहीं सरकार को भी जीएसटी का नुकसान उठाना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधि गन्ना भुगतान की बात नहीं कर रहे बल्कि अपने बच्चे व रिश्तेदारों को मिल में नौकरी पर अर्जेस्ट करवाने और परमानेंट कराने के में लगे हैं किसान के भुगतान को भूल कर नगद गन्ना खरीद वह चोरी से चीनी बेचने का काम कर दलाली की जा रही है किसान इसलिए चुप बैठे हैं कि नेता हमारा भुगतान करा देंगे जो किसानों के भुगतान की बात करता है।

# मोहनपुरा में संत रविदास जागरण में जुटी भीड़

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। मोहनपुरा महोम्मदपुर में गुरूवार रात संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज का जागरण आयोजित हुआ। जागरण में पहुंचे कथावाचकों ने संत रविदास की गुरूवाणी से सबका मन मोह लिया। कथावाचको ने रात भर श्रद्धालुओं को बांधे रखा। जागरण में पूर्व विधायक हरिदास के बेटे एवं झबरेड़ा के बसपा विधानसभा प्रभारी आदित्य बृजवाल मुख्य अतिथि रहे। उन्होने कहा कि संत शिरोमणी गुरू रविदास ने पूरी दुनिया को प्रेम, भाईचारे और अध्यात्म का पाठ पढ़ाया। उन्होने सामाजिक बुराईयों पर वार कर समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया।

संत रविदास के विचार आज भी प्रासंगिक है। आदित्य बृजवाल ने कहा कि समाज के लोगों को संत रविदास और संविधान निमार्ता बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेड़कर से प्रेरणा लेते हुए उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। इससे ही समाज का उत्थान संभव है। कहा कि आज नशाखोरी, दहेज प्रथा व अन्य सामाजिक बुराईयो के खिलाफ समाज को एकजुट और जागरूक होने की जरूरत है। शिक्षा और संगठित होने से ही समाज तरक्की के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। जागरण में चंदर पाल, सुखलाल, विशाल, समाजसेवी धीर सिंह, पप्पू ठेकेदार, विक्रम इलेक्ट्रिल, अनुज मोहम्मदपुर आदि भी उपस्थित रहे।

## भव्य और दिव्य होगा कुंभ मेले का उदघाटन, समापन: दीपक रावत

**मदरलैंड संवाददाता, हरिद्वार।** कुंभ मेले का उद्घाटन और समापन समारोह भव्य, दिव्य होगा। प्रशासन इसकी तैयारियों में जुट गया है। इन अवसरों को खास बनाने के लिए मेला अधिष्ठान कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहता। इसके तहत उद्घाटन समारोह में 5 सौ ब्रह्मचारी शंखनाद करेंगे। इसके अलावा हरकी पैड़ी पर होने वाला लेजर शो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र होगा। इस दौरान हरकी पैड़ी पर प्रवाहमान गंगाजल केसरिया रंग में नजर आएगा। इसी प्रकार समापन के मौके पर पांच सौ ड्रोन आसमान में करतब करते दिखायी देंगे। कोरोना संक्रमण के मद्देनजर कुंभ का आयोजन अब 1 अप्रैल से किया जाएगा। एक माह तक चलने वाले मेले के लिए कुंभ मेला अधिष्ठान खास तैयारियां कर रहा है। मेला अधिकारी दीपक रावत ने बताया कि कोशिश की जा रही है कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को अलौकिक अनुभूति हो। उन्होंने बताया कि उद्घाटन के अवसर पर लेजर शो विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा। लेजर शो के जरिये गंगावतरण की कहानी तो कही ही जाएगी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के बधाई संदेश हवा में लिखे नजर आएंगे। इसी तरह समापन समारोह में भी 500 ड्रोन आकाश में अपनी कलाबाजी से दर्शकों को रोमांचित करेंगे। लेजर लाइट शो भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। मेला अधिकारी के अनुसार दोनों समारोह के आयोजन पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये का खर्च आएगा। लेजर लाइट शो और ड्रोन के संचालन के लिए विशेषज्ञों की टीम बुलाई जाएगी। कुछ टीमों से संपर्क किया गया था, उन्होंने प्रस्तुतिकरण भी दिया है। जल्द ही मेला अधिष्ठान इसके लिए टेंडर जारी करेगा। उद्घाटन और समापन अवसर पर लेजर लाइट शो आकर्षण का केंद्र होगा। 5 सौ ड्रोन आसमान में करतब दिखाएंगे।

# बिन सत्यापन रह रहे लोगों पर होगी कार्रवाई

» मदरलैंड संवाददाता

मंगलौर। कुंभ मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने कवायद की है। इसके लिए एसएसपी हरिद्वार ने मंगलौर व अन्य थानों को दिशा निर्देश जारी कर क्षेत्र में प्रतिष्ठानों में काम करने वाले घरेलू नौकर या बिन सत्यापन के रह रहे किराएदार के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। पुलिस ने अभियान को सफल बनाने को जागरूकता अभियान शुरू किया है। लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को जागरूक किए जाने का कार्य किया जा रहा है। एसएसपी की ओर से कहा गया है कि मंगलौर कोतवाली की सीमा मुजफ्फरनगर की सीमा से मिलती है। जनपद में आने जाने के लिए दूसरे सम्पर्क मार्ग भी है। इसलिए विशेष निगरानी व सतर्कता बरती जाए। एसएसपी ने अपने आदेशों में पुलिस को सभी फैक्ट्रियों, घरों में रह रहे लोगों के पुनः सत्यापन की बात कही हैं। पुलिस को हिदायत दी गई है कि किसी भी सूरत में कोई व्यक्ति बिना सत्यापन के नहीं रहना चाहिए इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। किराए पर रह रहा व्यक्ति अपराधिक गतिविधि में शामिल पाया जाए या उसका सत्यापन नहीं पाया जाए तो संबंधित प्रतिष्ठान, मकान मालिक व दुकानदार के खिलाफ भी कार्रवाई की जाये। एसएसपी के आदेशों के अनुपालन में कोतवाल यशपाल सिंह बिष्ट के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया है जो अपने-अपने क्षेत्र में जागरुकता अभियान चला रही है। लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को बिन सत्यापन अपने यहां कोई घरेलू नौकर या बाहरी व्यक्ति किराए आदि पर न रखने की बात कही जा रही है। एसएसआई देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि सभी क्षेत्र प्रभारी, उप निरीक्षकों व चेतक दल को निर्देश जारी किए गए हैं कि वह अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी रखें।

# सफाई मजदूर संघ प्रदेश अध्यक्ष ने सुनी कर्मचारियों की समस्याएं

» मदरलैंड संवाददाता




मंगलौर। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ प्रदेश अध्यक्ष का शनिवार को नगरपालिका सभागार में सफाई कर्मचारियों ने स्वागत किया। साथ ही उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी कर्मचारियों की समस्याओं को सुना और जल्द उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। नगर पालिका में दैनिक वेतन भोगी के रूप में काम कर रहे सफाई कर्मचारियों ने अपनी समस्याएं उनके सामने रखते हुए कहा कि उपनल के माध्यम से उन्हे सेवाएं दी जानी चाहिए तथा उसके अनुसार ही मानदेय अथवा वेतन दिया जाना चाहिए।

कहा कि ऐसा नहीं हो रहा है बल्कि ठेकेदार के माध्यम से वह अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जिसमें उन्हें बहुत कम मानदेय मिल रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि करीब 8 महीने पहले कोविड-19 के दौरान चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत दवाई का छिड़काव करते समय समाज के एक युवक की मौत हो गई थी। मृतक की माता ने मांग की कि उनके पुत्र की प्रतिमा पालिका परिसर में लगवाई जाये। बताया कि दुर्घटना के समय प्रशासन व नगरपालिका अधिकारियों ने मृतक आश्रितों को 10 लाख रुपए दिए जाने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक यह भी नहीं मिल सका है।

कर्मचारियों की समस्याएं सुनने के बाद प्रदेश अध्यक्ष विशाल बिरला व भगवत प्रसाद ने आश्वासन दिया कि उनकी सभी समस्याएं तत्काल प्रभाव से दूर कराए जाने का प्रयास किया जाएगा। वह पूरे मामले से शासन को अवगत कराएंगे। उन्होंने सभी सफाई कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि उनके साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर स्वर्ण सिंह, सचिन, नरेश, विश्वास प्रेमी, अजय कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# शैक्षिक उन्यन गोष्ठी में दिया गुणवत्तापरक शिक्षा पर जोर




» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। राजकीय जूनियर हाईस्कूल खानपुर में शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षा में गुणवत्ता लाने और बच्चों के सर्वागिंण विकास पर जोर दिया गया। इस दौरान शिक्षकों की ओर से प्रादेशिक राजकीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष पवन सैनी व महामंत्री कीरतपाल सिंह आदि का भी स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष पवन सैनी ने कहा कि शिक्षक संघ शिक्षकों और छात्र हित को कार्य कर रहा है।

हर स्तर पर शिक्षकों की समस्याओं के समाधान को कदम उठाए जा रहे हैं। महामंत्री कीरत पाल सिंह ने कहा कि शिक्षक संघ का उद्देश्य सभी को साथ लेकर चलना और प्रत्येक मंच पर पुरजोर तरीके से शिक्षकों की समस्याओं को उठाना है। प्रधानाचार्य रूद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का मकसद शिक्षा में गुणवत्ता लाने और बच्चों के सर्वागिंण विकास है। इसी को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों को पठन-पाठन का कार्य करना चाहिए। उन्होने कहा कि शिक्षक अपने ज्ञान की कुंजी से छात्रों को तराशकर उज्जवल भविष्य के मार्ग पर ले जाता है। शिक्षक मार्गदर्शक होने के साथ ही छात्रों के ज्ञान का आईना भी है। उन्होने कहा कि आज गुणवत्ता, रोजगार परक और संस्कारित शिक्षा बेहद जरूरी है। इस अवसर पर अरूण शर्मा, आनन्द सिंह परमार, जितेंद्र कुमार, अर्चना कौशिक, सत्यदेव, विजय कुमार, शशि भूषण, ज्योति सिंह प्रभाकर, वंदना सैनी, मोनिका सैनी, मो. इमरान, राजकुमार, सलीम अहमद, कुंवरपाल आदि मौजुद रहे।

### सूचना

मेरी हाईस्कूल उत्तराखण्ड बोर्ड वर्ष 2010 की मार्कशीट जिसका रोल न.-0020613 है व इण्टरमीडिएट उत्तराखण्ड बोर्ड वर्ष 2012 की मार्कशीट जिसका रोल नं.-14608 है, वास्तव में कहीं खो गई है, जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध होगा। आशिष मलिक पुत्र मदन मलिक, नि.-ग्राम ब्रहमपुरजट, पो. गुरूकुल नारसन, जिला-हरिद्वार।

### सूचना

मेरी हाईस्कूल उत्तराखण्ड बोर्डवर्ष 2009 की मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गई है, जिसका अनु.नं.-0006028 है। जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध होगा। विशाल गांधी पुत्र श्री विजय शंकर गांधी, नि. रामनगर, रुड़की, जिला हरिद्वार।

### सूचना

मैने अपना नाम विशाल से बदलकर विशाल गांधी कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना, पहचाना व लिखा-पढ़ा जाए।
विशाल गांधी पुत्र श्री विजय शंकर गांधी, नि. रामनगर, रुड़की, जिला हरिद्वार।

# राजकीय सिंचाई उद्योगशाला कर्मचारियों ने भरी हुंकार

» मदरलैंड संवाददाता




रुड़की। राजकीय सिंचाई उद्योगशाला कर्मचारी ट्रेड यूनियन कार्यालय में कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ट्रेड यूनियन अध्यक्ष निरंजन कुमार व संचालन मंत्री अरविंद राजपूत ने किया। यूनियन मंत्री अरविंद राजपूत ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेशों एवं उत्तराखंड सरकार के शासनादेश के उपरांत भी कई माह बीत जाने पर सिंचाई कार्यशाला रुड़की के औद्योगिक अधिष्ठान कर्मचारियों में से एक भी कर्मचारियों को आज तक पेंशन का भुगतान नहीं किया गया जो अपने आप में एक बेहद सोचनीय बात है, जबकि प्रमुख अभियंता, सिंचाई विभाग, उत्तराखंड, मुख्य अभियंता यांत्रिक एवं अधीक्षण अभियंता नलकूप मंडल रुड़की कई बार लिखित व मौखिक रूप से सिंचाई कार्यशाला अधिकारियों एवं लिपिकीय वर्ग को अवगत करा चुके है, परंतु उच्च अधिकारी की बात भी सिंचाई कार्यशाला अधिकारी अनसुना करते जा रहे हैं। औद्योगिक अधिष्ठान कर्मचारियों के वेतन निर्धारण गलत तरीके से दो बार कर दिए गए।

उन्हे ठीक करने को प्रमुख अभियंता के पत्र पर एवं शासनादेश पर भी कार्यशाला अधिकारी आनाकानी करते आ रहे हैं और वेतन निर्धारण को आज तक ठीक नहीं कराया गया। जिसके कारण प्रमोशन नहीं हो पा रहे हैं। शैक्षिक योग्यता के आधार पर नियमावली के अनुसार मृतक आश्रितों की नियुक्ति नहीं की जा रही इसके लिए भी अनेकों बार यूनियन लिखित व मौखिक रूप से प्रयास करती आ रही है परंतु कोई निष्कर्ष नहीं निकल सका। 300 दिन के उपार्जित अवकाशों को आज तक स्वीकृत नहीं किया गया है पूर्व में कई वर्षों से औद्योगिक अध्ययन के कर्मचारियों को जो सिंचाई कार्यशाला रुड़की में कार्यरत हैं बोनस दिया जा रहा था परंतु बिना किसी उच्च अधिकारी के आदेश के सिंचाई कार्यशाला अधिकारियों ने उस पर रोक लगा दी है जो पूर्णतया गलत है। शासनादेश के बाद भी मांगों के पूर्ण न होने पर कार्यशाला कर्मचारियों में अपने अधिकारियों के प्रति भारी रोष है। यूनियन अध्यक्ष निरंजन कुमार, उपाध्यक्ष प्रदीप चैहान, संगठन मंत्री हरिशंकर उपाध्याय व संयुक्त मंत्री सुनील अग्रवाल ने कहा कि यदि शीघ्र उन मांगों को जिनके शासनादेश हो चुके हैं का पालन नहीं किया गया तो ट्रेड यूनियन मजबूरन धरना प्रदर्शन व हड़ताल को मजबूर होगी। इससे उत्पन्न किसी भी स्थिति की पूर्ण जिम्मेदारी सिंचाई कार्यशाला अधिकारियों का होगा। बैठक में सर्वेश, पूनम कश्यप शीलावती, ओम प्लेस, राकेश, मोबीन, मुकेश कुमार, अब्दुल साजिद, संतोष कुमार शर्मा आदि ट्रेड यूनियन सदस्य, पदाधिकारी मौजुद थे।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



## संक्षिप्त समाचार

### एलआईसी हाउसिंग ने मोबाइल ऐप से 1,331 करोड़ का ऋण दिया

मुंबई। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने कहा कि उसने पिछले एक साल में अपने मोबाइल बैंकिंग ऐप के जरिए 1,331 करोड़ रुपए का ऋण बांटा। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने बताया कि उसने होमी ऐप की पेशकश 14 फरवरी 2020 को की थी और इसके बाद से इस पर आवास ऋण के 14,155 आवेदनों को आगे बढ़ाया गया। एक बयान में बताया गया कि इनमें 7,300 से अधिक ग्राहकों को आवास ऋण की मंजूरी दी गई, जबकि 6,884 ग्राहकों को 1,331 करोड़ रुपए का ऋण जारी किया जा चुका है। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस के प्रबंध निदेशक और सीईओ वाई विश्वनाथ गौड़ ने कहा कि हम पिछले एक वर्ष के दौरान मिली ग्राहकों की प्रतिक्रिया से रोमांचित हैं। हमरा उद्देश्य आरईडी (रिइमेजिंग एक्सिलेंस थ्रो डिजिटल ट्रांसफार्मेशन) परियोजना के तहत ग्राहकों से जुड़ी सभी गतिविधियों को स्वचालन के अंतर्गत लाने की दिशा में काम करने का है।

### पेट्रोल 40 पैसे और डीजल 39 पैसे तक महंगा

मुंबई। घरेलू बाजार में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने शनिवार को लगातार 12वें दिन पेट्रोल और डीजल के दाम में बढ़ोतरी कर दी है। दिल्ली में पेट्रोल 39 पैसे और डीजल 37 पैसे महंगा हो गया है। कल भी पेट्रोल और डीजल के दाम में 31 पैसे और 33 पैसे की बढ़ोतरी हुई थी। दिल्ली में पेट्रोल 90.58 रुपए प्रति लीटर और डीजल 80.97 रुपए प्रति लीटर है। देश भर में पेट्रोल के दाम 34-40 पैसे तक और डीजल के 35-39 पैसे तक बढ़ गए हैं। इसी तरह मुंबई में भी पेट्रोल-डीजल के दाम ऐतिहासिक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। देश की आर्थिक राजधानी में पेट्रोल के दाम 97 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गए हैं। जो कि किसी भी मेट्रो शहर का सबसे अधिक रेट है। दिल्ली में 20 फरवरी को पेट्रोल के दाम 39 पैसे बढ़कर 90.58 रुपए प्रति लीटर पहुंच गए हैं। इसी तरह डीजल के दाम 37 पैसे बढ़कर 80.97 रुपए प्रति लीटर हो गए हैं। मुंबई में भी पेट्रोल के दाम 38 पैसे बढ़कर 97.00 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 39 पैसे बढ़कर 88.06 रुपए प्रति लीटर हो गए हैं। कोलकाता में भी पेट्रोल के दाम 37 पैसे बढ़कर 91.78 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 37 पैसे बढ़कर 84.56 रुपए प्रति लीटर हो गए। चेन्नई में भी पेट्रोल के दाम 34 पैसे बढ़कर 92.59 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 35 पैसे बढ़कर 85.978 रुपए प्रति लीटर पहुंच गए।

### बिटकॉइन की कीमत 40 लाख के पार पहुंची

नई दिल्ली (ईएमएस)। दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क ने बिटकॉइन में अपनी कंपनी टेस्ला के निवेश को सही ठहराया है। उनके इस बयान के बाद शुक्रवार को बिटकॉइन की कीमत 56 हजार डॉलर (करीब 40 लाख 62 हजार रुपए) के पार पहुंच गई। साथ ही इसका मार्केट कैप पहली बार एक ट्रिलियन डॉलर (एक लाख करोड़ डॉलर) के पार पहुंच गया। शुक्रवार को बिटकॉइन की कीमत 8 फीसदी की तेजी के साथ 56399.99 डॉलर पर पहुंच गई थी। इस हफ्ते इसमें 14 फीसदी और इस महीने अब तक 70 फीसदी की उछाल आई है। टेस्ला ने दुनिया की सबसे बड़ी और लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन में 1.5 अरब डॉलर का निवेश किया है। मस्क ने ट्वीट किया कि हालांकि जब फिएट करेंसी का रियल इंट्रेस्ट निगेटिव हो तो कोई मूर्ख आदमी ही दूसरे विकल्प नहीं देखेगा। बिटकॉइन भी लगभग फिएट मनी की तरह ही है। इसमें लगभग ही कीवर्ड है। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे और पेशे से इंजीनियर मस्क ने बिटकॉइन में टेस्ला के निवेश का भी बचाव किया। उन्होंने कहा कि बिटकॉइन कैश से अलग है और यही अंतर इस क्रिप्टोकरेंसी को एडवेंचर्स बनाता है। इसी वजह से टेस्ला ने इसमें निवेश किया है।

### नोएडा में 50 हजार वर्गमीटर के भूखंड पर अपना स्टोर शुरू करेगी आइकिया

नोएडा। कुर्सी, मेज, पलंग जैसे फर्नीचर बनाने वाली स्वीडिश कंपनी आइकिया को नोएडा में 50 हजार वर्गमीटर का भूखंड दिया गया है। कंपनी भूखंड पर उत्तरप्रदेश का अपना पहला खुदरा स्टोर शुरू करेगी। कंपनी ने इसके लिए 850 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह भूखंड नोएडा सेक्टर 51 में स्थित है। आइकिया ने वाणिज्यिक भूखंड के बदले नोएडा प्राधिकरण को 850 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। यह भूखंड कंपनी को एक कार्यक्रम में दिया गया। कार्यक्रम में नोएडा प्राधिकरण और आइकिया के अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

## वर्षों से अटके मकानों की डिलिवरी इस वर्ष संभव, 16 अटकी परियोजनाएं स्वामीह फंड से होंगी पूरी



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की वर्षों से अटकी परियोजनाओं से जुड़े मकान खरीदारों को नए वित्त वर्ष में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। सरकार ने मकान निर्माण से जुड़ी इन अटकी परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 2,500 करोड़ रुपये का फंड बनाया था। उस फंड की मदद से इस वर्ष 4,000 मकानों की डिलिवरी होने की उम्मीद की जा रही है।

सरकार सस्ते और मध्यम आकार वाले मकानों की अटकी परियोजनाओं को पूरा करने के लिए नवंबर, 2019 में स्पेशल विंडो फॉर कंप्लीशन एंड कंस्ट्रक्शन ऑफ अफोर्डेबल एंड मिड-इनकम हाउसिंग प्रोजेक्ट्स (स्वामीह) नाम से स्कीम लाई थी। इसके तहत 2,500 करोड़ रुपये के फंड का गठन करने की घोषणा की गई थी, ताकि उन फंसी परियोजनाओं का निर्माण पूरा हो सके और घर खरीदारों को राहत मिल सके।

इस फंड के लिए सरकार की तरफ से नियुक्त मैनेजर एसबीआइ कैप के मुताबिक, आगामी पहली अप्रैल से शुरू हो रहे वित्त वर्ष में 16 परियोजनाओं या 4,000 से अधिक मकान निर्माण का काम पूरा हो जाएगा। दो परियोजनाएं इस वर्ष अप्रैल अंत तक पूरी हो जाएंगी। फिलहाल 6,300 करोड़ डॉलर यानी लगभग 4.5 लाख करोड़ रुपये की हाउसिंग परियोजनाएं अटकी पड़ी हैं, जिनमें हजारों मकान खरीदार की कमाई भी फंसी हुई है।

स्वामीह फंड के तहत 159 परियोजनाओं को मदद की मंजूरी मिल चुकी है, जिनमें 14,500 करोड़ रुपये का निवेश जुड़ा हुआ है। इन परियोजनाओं में एक लाख मकानों का निर्माण किया जाना है। इनमें से 47 परियोजनाओं को 5,000 करोड़ रुपये की मदद की अंतिम मंजूरी मिल चुकी है।

वहीं, 112 परियोजनाओं की मंजूरी की प्रक्रिया अभी शुरूआती चरण में हैं। इन अटकी परियोजनाओं के निर्माण कार्य से अर्थव्यवस्था को भी आगे बढ़ने में मदद मिलेगी और नए रोजगार भी निकलेंगे।

इन परियोजनाओं के बिल्डर अपने कर्ज को चुकाने में खुद को असमर्थ घोषित कर चुके थे। परियोजनाओं के अटकने से बैंक के अरबों रुपये फंसे हुए थे। इन सबसे छुटकारा पाने के लिए स्वामीह की शुरूआत की गई थी। इस फंड में 14 निवेशक हैं और फंड का 50 फीसद हिस्सा सरकार का है। एलआइसी और एसबीआइ की 10-10 फीसद हिस्सेदारी है। शेष हिस्सेदारी अन्य सरकारी और निजी शेयरधारकों की है।

## अगले 15 दिनों में लांच होगा इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर: केंद्र सरकार



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में देश का पहला सीएनजी ट्रैक्टर लांच किया था, जिसके बाद अब उन्होंने नए इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर को लेकर लांच करने की घोषणा की है। लांच के दौरान उन्होंने कहा कि मैं अगले 15 दिनों में इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर लांच करूंगा। इसके अलावा उन्होंने ट्रैक्टर से जुड़ी किसी भी जानकारी का खुलासा नहीं किया। ऐसे में नया इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर कैसा होगा और उसमें क्या होगा, इसके लिए कुछ दिनों का इंतजार करना होगा। इससे पहले सोनालिका ने पिछले साल दिसंबर महीने में भारत का पहला इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर लांच किया था। कंपनी ने इसे 5.99 लाख रुपए की कीमत में भारतीय बाजार में उतारा था। टाइगर इलेक्ट्रिक नाम से लांच इस इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर में नई तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इस इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर को यूरोप में डिजाइन किया गया है। टाइगर इलेक्ट्रिक एमीशन फ्री ट्रैक्टर है, जो आवाज नहीं करता है। इसकी हाई स्पीड 24.93 किलोमीटर प्रति घंटे है। इसमें आईपी 67 कम्प्लायंट वाली 25.5 किलोवॉट नेचुरल कूलिंग कॉम्पैक्ट बैटरी दी गई है। इसे रेगुलर होम चार्जिंग की मदद से 10 घंटे में चार्ज किया जा सकता है। वहीं फास्ट चार्जिंग की मदद से ग्राहक इसे महज 4 घंटे में चार्ज कर सकते हैं।

### बिकवाली के दबाव में लगातार चौथे दिन टूटा शेयर बाजार

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को चौतरफा बिकवाली के दबाव के कारण प्रमुख सूचकांक लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। ऑटो, बैंकिंग, वित्त समेत ज्यादातर सेक्टरों के शेयरों में बिकवाली रही। सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट के साथ बंद हुए। मुनाफावसूली हावी होने से घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली के भारी दबाव के कारण पूरे सत्र के दौरान उतार-चढ़ाव का दौर बना रहा। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को बीएसई के 30 शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 515.40 अंक की तेजी के साथ 52,059.70 पर खुला और 609.83 अंक उछलकर 52,235.97 पर बंद हुआ। वहीं एनएसई का निफ्टी भी 135.90 अंक की बढ़त के साथ 15,299.20 पर खुला और 151.40 अंक की बढ़त के साथ 15,314.70 की रिकार्ड ऊंचाई पर बंद हुआ।

## वित्त मंत्री ने उद्योग-जगत से नए निवेश का जोखिम उठाने का आह्वान किया



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय उद्योग जगत से आत्मविश्वास दिखाने और नए नए निवेश करके भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाने में योगदान करने का आह्वान किया। उन्होंने अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) के एक कार्यक्रम में शामिल उद्योग जगत की दिग्गज हस्तियों से कहा कि सरकार ने निवेश के अनुकूल वातावरण बनाने के लिए कंपनी आयकर की दरों में कमी करने सहित कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मैं चाहूंगी कि अब भारत में निजी निवेशक और निजी उद्योग आत्मविश्वास के साथ कदम बढ़ाएं, ताकि यह साबित किया जा सके कि भारत के लिए यह संभव है। हमें क्षमता बढ़ाने की जरूरत है, हमें विस्तार की जरूरत है, हमें बहुत से ऐसे उत्पादों के विनिर्माण की जरूरत है, जो अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि कर में कमी करने के बाद मैं कामधंधों के विस्तार का इंतजार कर रही हूं, मैं भारत में निजी क्षेत्र से अधिक निवेश देखने का इंतजार कर रही हूं। सरकार ने वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सितंबर 2019 में कॉरपोरेट कर की दर में भारी कटौती की थी।

## अगले महीने लांच होंगे सैमसंग गैलेक्सी ए 72, ए 52

### मार्च के दूसरे हफ्ते के आसपास होगा लॉन्च



**नई दिल्ली।** साउथ कोरियाई कंपनी सैमसंग के स्मार्टफोन्स गैलेक्सी ए 52 और गैलेक्सी ए 72 अगले महीने लांच हो सकते हैं। भारत में कंपनी इन दोनों स्मार्टफोन्स को मार्च के दूसरे हफ्ते के आसपास लॉन्च कर सकती है। हालांकि, कंपनी की तरफ से अब तक इन दोनों अपकमिंग स्मार्टफोन के स्पेसिफिकेशन्स और लॉन्च डीटेल के बारे में कोई ऑफिशल जानकारी नहीं दी है। दोनों स्मार्टफोन्स को लेकर पिछले कुछ हफ्तों में काफी लीक्स आई हैं।

बीते दिनों खबर आई थी कि गैलेक्सी ए52 5जी कथित तौर पर गूगल प्ले लिस्टिंग पर देखा गया था। लिस्टिंग के अनुसार फोन में स्नैपड्रैगन 750जी एसओसी प्रोसेसर दिया गया है और यह ऐंड्रॉयड 11 आउट-ऑफ-द बॉक्स ओएस पर काम करता है। गूगल प्ले लिस्टिंग के अनुसार इस फोन में 6जीबी रैम के साथ स्नैपड्रैगन 750जी एसओसी ऑफर किया जा सकता है। फोन में पंच-होल कटआउट के साथ फुल एचडी+ इनफिनिटी-ओ स्क्रीन मिलने की उम्मीद है। ओएस की बात करें तो यह ऐंड्रॉयड 11 ओएस के साथ आ सकता है। शुरूआत में आई कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया था कि कंपनी इस फोन में 6.5 इंच का डिस्प्ले ऑफर कर सकती है। फोटॉग्रफी के लिए इस फोन में चार रियर कैमरे मिल सकते हैं। इसमें 64 मेगापिक्सल के प्राइमरी कैमरा के साथ एक 8 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाइड ऐंगल सेंसर, एक 5 मेगापिक्सल और एक 2 मेगापिक्सल का सेंसर मिल सकता है। सेल्फी के लिए फोन में 32 मेगापिक्सल का कैमरा मिल सकता है। यह फोन 8जीबी तक की रैम और 256जीबी तक के इंटरनल स्टोरेज के साथ स्नैपड्रैगन स्नैपड्रैगन 720जी एसओसी दिया जा सकता है।

गैलेक्सी ए72 में ओएस के तौर पर ऐंड्रॉयड 11 आउट-ऑफ-द बॉक्स मिल सकता है। फोटॉग्रफी के लिए फोन में 64 मेगापिक्सल के प्राइमरी कैमरा के साथ एक 8 मेगापिक्सल, एक 12 मेगापिक्सल और 2 मेगापिक्सल का कैमरा मिल सकता है। वहीं, फोन के फ्रंट में 32 मेगापिक्सल का कैमरा मिलने की उम्मीद है।

## मारुति सुजुकी की जिम्नी जल्द उतरेगी कार बाजार में

-महिंद्रा थार से होगा कड़ा मुकाबला



नई दिल्ली (ईएमएस)। देश की सबसे बड़ी कार निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड जल्द ही भारतीय कार में अपनी कॉम्पैक्ट ऑफ-रोडर जिम्नी को बाजार में उतार सकती है। दरअसल, साल 2020 के ऑटो एक्सपो के दौरान इस एसयूवी को शोकेस किया गया था और तभी से भारत में इसकी लॉन्चिंग का इंतजार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, अब कंपनी भारत में इस एसयूवी की लॉन्चिंग के लिए तैयारी कर रही है और जल्द ही लॉन्चिंग डेट्स का ऐलान भी किया जा सकता है। अभी हाल ही में भारत से इस एसयूवी का निर्यात शुरू किया गया था और 184 इकाइयों वाला पहला बैच मुंद्रा बंदरगाह से कोलंबिया और पेरू जैसे लैटिन अमेरिकी देशों के लिए रवाना रवाना किया गया था।

इंजन और पावर की बात करें तो भारत में लॉन्च की जाने वाली जिमी में 1।5 लीटर 4-सिलेंडर युक्त पेट्रोल इंजन का प्रयोग किया जाएगा। ये इंजन माइल्ड-हाईब्रिड तकनीक से लैस होगा। ये इंजन 104बीएचपी की मैक्सिमम पावर और 138एनएम का पीक टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम होगा। वहीं यह वर्तमान में मौजूद जिमी सिएरा से साइज में अधिक लंबी होगी। इसके डायमेंशन की बात करें तो लंबाई 3550 मिमी, चौड़ाई 1645 मिमी और ऊंचाई 1730 मिमी होगा।

मारुति सुजुकी जिम्नी एक ऑफ रोडिंग एसयूवी है ऐसे में इसका मुकाबला भारत में पहले से मौजूद महिंद्रा की पॉपुलर ऑफ रोड एसयूवी थार से होगा, जिसका नया मॉडल 2020 में लॉन्च किया गया है।

## सरकार मार्च तक जारी करेगी 2.97 लाख करोड़ की अतिरिक्त फूड सब्सिडी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष 2020-21 के बचे 2 महीनों फरवरी और मार्च में 3 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त फूड सब्सिडी जारी करेगी। इस बात की जानकारी खाद्य मंत्रालय से मिली। खाद्य मंत्रालय ने पंजाब और हरियाणा को सख्त निर्देश दिया है कि किसानों को उनकी फसलों के लिए एमएसपी अनिवार्य रूप से डिजिटल भुगतान के जरिये करें। मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक ई-मोड से एमएसपी पेमेंट का नियम पूरे देश में लागू हो चुका है लेकिन 2015-16 से लगातार पंजाब और हरियाणा इसे आगे टालते आ रहे हैं लेकिन इस बार उन्हें राहत नहीं मिलेगी. केंद्र सरकार ने अब तक रिकॉर्ड 1,25,217.62 करोड़ रुपए से अधिक फूड सब्सिडी के लिए जारी किए हैं और चालू वित्त वर्ष में फूड सब्सिडी के तौर पर 2,97,196.52 करोड़ रुपए और जारी किए जाएंगे. इसमें से 1,16,653.96 करोड़ रुपए पब्लिक फाइनेंसियल मॉड्यूल सिस्टम के तहत पंजाब को जारी किए जाएंगे और 24,841.56 करोड़ रुपए हरियाणा को जारी किए जाएंगे।

गौरतलब है कि सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) और दूसरे कल्याणकारी योजनाओं के तहत सब्सिडी पर खाद्यान्न उपलब्ध कराती है। केंद्र सरकार हर महीने 80 करोड़ से अधिक लोगों को प्रति व्यक्ति 5 किग्रा गेहूं और चावल 2-3 रुपये प्रति किग्रा के भाव पर उपलब्ध कराती है। मंत्रालय ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक तरीके से किसानों, आढ़तिया और मंडी को पेमेंट करने पर पारदर्शिता सुनिश्चित हो सकेगी और लीकेज को खत्म किया जा सकेगा।

केंद्र सरकार का कहना है कि 2015-16 से ही पंजाब और हरियाणा को इलेक्ट्रॉनिकिली पेमेंट के लिए कहा जा रहा है लेकिन हर साल दोनों राज्यों की सरकारें इसे लागू करने के लिए अतिरिक्त समय की मांग करती हैं लेकिन इस बार अब उन्हें राहत नहीं दी जाएगी।

### बीएसएनएल ने लांच किया 47 रुपए का प्रीपेड प्लान

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने 47 रुपए वाला नया फर्स्ट रिचार्ज (एफआरसी) लांच किया है। बीएसएनएल एफआरसी 47 चेन्नै और तमिलनाडु टेलिकॉम सर्किल में नए यूजर्स के लिए उपलब्ध होगा। नया रिचार्ज प्रीपेड सब्सक्राइबर्स के लिए है। एफआरसी 47 पहली बार रिचार्ज कराने वाले नए ग्राहकों के लिए ही उपलब्ध है। इस प्लान में वॉइस कॉलिंग, डेटा और एसएमएस के लाभ मिलते हैं। देश में बीएसएनएल द्वारा ऑफर किया जाने वाला यह सबसे सस्ता अनलिमिटेड कॉम्बो प्रीपेड प्लान है। प्लान में अनलिमिटेड वॉइस कॉलिंग लाभ मिलते हैं। यानी ग्राहक नैशनल रोमिंग, एसटीडी और लोकल कॉल फ्री कर सकते हैं। इनमें मुंबई और दिल्ली का एमटीएनएल नेटवर्क भी शामिल है।

## बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी के चंडीगढ़ संस्करण का समाप्न

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़ : बीएमडब्ल्यू मोटोराड इंडिया ने बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी 2021 के चंडीगढ़ संस्करण का समापन किया। सफारी को चंडीगढ़ के कृष्णा ऑटोमोबाइल्स से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। चार दिन और 1600 किलोमीटर लम्बी बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी में राइडर्स ने चंडीगढ़ से बीकानेर तक के सफर को भारतीय थार रेगिस्तान के इलाके और ट्रेल्स में राइडिंग का अनुभव करते तय किया। प्रतिभागियों ने इस सफारी का सबसे ज्यादा लुफ्त उठाया, चंडीगढ़, बीकानेर, खिमसर और मंडावा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में टारमैक, बजरी, और रेत के टीलों पर अपने राइडिंग कौशल को और अधिक निखारते हुए। बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी एडवेंचर के दीवानों के लिए एक टूर-बेस्ड कॉन्सेप्ट है। यह न सिर्फ जबर्दस्त मनोरंजन का वादा करता है बल्कि प्रतिभागियों को नए राइडिंग कौशल सीखने में मदद करता है। यह राइडिंग की आजादी का जश्न मनाता है और एक जैसी सोच एवं रुचियों वाले लोगों के साथ नए स्थानों को एक्स्प्लोर करता है। यह खूबसूरत इलाकों, लाजवाब मोड़ और यहां तक कि लंबे राजमार्गों का अनुभव करने का अवसर है।

## एक्टर माही गिल ने कहा कि आर्मी में चुने जाने के कारण वो सैनिकों की कहानियों से खुद को जोड़कर देख सकती हैं

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़ : हॉटस्टार स्पेशल्स लेकर आया है 1962: द वॉर इन द हिल्स। यह सच्ची घटनाओं से प्रेरित उन सैनिकों की कहानी है, जिन्होंने कम संख्या में होने और साधारण हथियारों से लेस होने के बावजूद घुसपैठ कर रही एक सेना को रोक दिया और यह सेना के इतिहास के महानतम लास्ट स्टैण्ड्स में से एक बन गया। लगभग 60 साल पहले, हमारे सैनिक हमारे देश के हिस्से लद्दाख की सुरक्षा के लिये डटे रहे; लद्दाख के लिये लड़ाई आज भी चल रही है। यह 125 भारतीय सैनिकों की कहानी है, जिन्होंने 3000 चीनी सैनिकों के विरूद्ध एक लड़ाई लड़ी, जिसने युद्ध की स्थिति बदल दी। आरे स्टूडियो के साथ भागीदारी में निर्मित 10 एपिसोड के इस वार-ड्रामा को चारूदत्त आचार्य ने लिखा है और बॉलीवुड के बेहतरीन फिल्ममेकर्स में से एक महेश मांजरेकर ने इसे निर्देशित किया है। उन्होंने न केवल युद्ध को, बल्कि सैनिकों के निजी जीवन को भी खूबसूरती से दिखाया है और यह कि उन्होंने देश की सेवा के लिये क्या त्याग किया।एक्टर माही गिल ने कहा, मेरे लिये देश से बढ़कर कुछ नहीं है। मुझे सेना में चुना गया था और मैं ट्रेनिंग के लिये भी गई थी। मैंने सैनिकों की जिन्दगी का अनुभव किया है, इसलिये उनके बलिदानों को बहुत मजबूती से महसूस करती हूँ और 1962: द वॉर इन द हिल्स की कहानी से खुद को जोड़ कर देख सकती हूँ। हमारा देश सुरक्षित रहे, यह सुनिश्चित करने के लिये वे जिस तरह की जिन्दगी जीते हैं, मैं उसकी सराहना, तारीफ करती हूँ और उसे सलाम करती हूँ। 1962: द वॉर इन द हिल्स का हिस्सा बनना मेरे लिये एक बेहतरीन अनुभव रहा है, क्योंकि खासकर मैंने इससे पहले ऐसा कुछ नहीं किया था। मेरी किस्मत अच्छी है और मैं धन्य हूँ कि मुझे शगुन सिंह की भूमिका निभाने का मौका मिला और मैंने महेश मांजरेकर जैसे महान निर्देशक और शानदार कलाकारों और प्रोडक्शन के साथ काम किया- यह मेरे लिए एक बेहद भावुक अनुभव था।हॉटस्टार स्पेशल्स पेश करते हैं 1962: द वॉर इन द हिल्स, 10 एपिसोड का एक वार-ड्रामा, जो 26 फरवरी 2021 को खासतौर से डिजनी+हॉटस्टार वीआईपी और डिजनी+हॉटस्टार प्रीमियम के सब्सक्राइबर्स के लिये लॉन्च होने के लिए तैयार है।

## झंडु च्यवनप्राश पेश करता है प्राकृतिक गुड़ के साथ एक नया वैरिएंट

» मदरलैंड संवाददाता




चंडीगढ़ : इमामी समूह का, 100 साल से अधिक वर्षों का विश्वसनीय ब्रांड झंडु, भारत के बाजार में पहली बार प्रस्तुत करता है, झंडु च्यवनप्राश अवलेह का एक नया संस्करण - जैग्गरी (गुड़) जो कि अधिक पौष्टिक है। 39 बहुमूल्य आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों के साथ बनाया गया झंडु च्यवनप्राश अवलेह जैग्गरी (गुड़), प्राचीन आयुर्वेदिक ग्रंथ, सारंगधारा संहिता से लिया गया है। इसमें रिफाइंड सुगर (व्हाइट शुगर/टेबल शुगर) बिल्कुल ही नहीं है। यह प्राकृतिक गुड़ मिला कर बनाया जाता है। वैज्ञानिक रूप से, यह प्रतिरक्षा क्षमता बढ़ाने के लिए के लिए 2& प्रमाणित है।प्राकृतिक गुड़ शरीर को आवश्यक विटामिन और सूक्ष्म पोषक तत्व प्रदान करने के लिए जाना जाता है। यह एंटी-ऑक्सीडेंट को बढ़ाने और श्वसन प्रक्रिया को बेहतर बनाने में मदद करता है। स्वास्थ्य और पोषण के दृष्टिकोण से, गुड़ को सार्वभौमिक रूप से परिष्कृत चीनी (व्हाइट शुगर / टेबल शुगर) से अधिक स्वास्थ्यप्रद विकल्प माना जाता है, जो कम पोषण-मान के कारण, कोई बड़ा स्वास्थ्य लाभ नहीं देती हैं।झंडु की नई पेशकश के बारे में जानकारी देते हुए, इमामी लिमिटेड के निदेशक, श्री हर्ष वी. अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान में, उपभोक्ताओं की जागरूकता और स्वस्थ जीवन शैली पर ध्यान देने के कारण, लोग, प्राकृतिक आयुर्वेदिक समाधानों के संबंध में, जिस पर वे सुरक्षित होने का भरोसा कर सकें, अधिक सजग-सचेत हो गए हैं। उन्होंने बताया कि च्यवनप्राश एक बहुत ही लोकप्रिय आयुर्वेदिक उत्पाद है जो भीतर से प्रतिरक्षा को मजबूत करने के लिए जाना जाता है। झंडु च्यवनप्राश अवलेह जैग्गरी (गुड़) भारत में पहला च्यवनप्राश ब्रांड है जो उपभोक्ताओं को चीनी के बदले गुड़ का स्वस्थ विकल्प देगा। हमारे जीएमपी प्रमाणित संयंत्र में उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ निर्मित, झंडु च्यवनप्राश अवलेह जैग्गरी (गुड़), गुड़ की प्राकृतिक अच्छाई प्रदान करेगा और बिना किसी दुष्प्रभाव के, परिवार के प्रत्येक सदस्य के स्वास्थ्य, ऊर्जा और प्रतिरक्षा स्तर में सुधार करेगा।

## विश्व कॉर्पोरेट शतरंज चैंपियनशिप भारत के युवा ग्रांड मास्टर निहाल, प्रग्गानंधा और आर वैशाली भाग लेंगे

**नई दिल्ली ।** विश्व शतरंज संघ अब भी विश्व शतरंज चैंपियनशिप लगातार ऑनलाइन आयोजित कर रहा है।

फीडे कॉर्पोरेट विश्व शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता मे दुनिया भर की 288 कॉर्पोरेट संस्थानों की टीमें भाग ले रही हैं। साथ ही इस प्रतियोगिता के साथ विश्व शतरंज संघ दिव्यांग और वृद्ध शतरंज खिलाड़ियों की सहायता के लिए फंड भी एकत्रित



कर रही है। हालांकि आपको बता दें कि प्रतियोगिता मे नॉर्वे के विश्व चैम्पियन मेगनस कार्लसन, रूस के इयान नेपोंनियची, नीदरलैंड के अनीश गिरि जैसे बड़े नाम पुरुष वर्ग मे तो महिला वर्ग मे बुल्गारिया की एंटोनिया स्टेफ़नोवा और उक्रेन की मारिया मुजयचूक खेलते नजर आएंगी।

भारत के विभिन्न संस्थानो की ओर युवा ग्रांड मास्टर निहाल सरीन, प्रग्गानंधा और आर वैशाली नजर आएंगी, जबकि ग्रांड मास्टर श्रीराम झा, इंटरनेशनल मास्टर दिनेश शर्मा, समीर कुलकर्णी और चिन्मय कुलकर्णी भी प्रतिभागिता करेंगे।

## आस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में मेदवेदेव और जोकोविक का होगा मुकाबला

**मेलबर्न ।** रूस के दानिल मेदवेदेव ने पांचवीं वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास को हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया, जहां उनका सामना नोवाक जोकोविच से होगा। क्वार्टर फाइनल में रफेल नडाल को चार घंटे तक चले मुकाबले में हराने वाले सिटसिपास उस लय को बरकरार नहीं रख सके और मेदवेदेव ने उन्हें 6.4, 6.2, 7.5 से हराया। यूनान के 22 वर्ष के सिटसिपास पर थकान का असर साफ नजर आ रहा था। दूसरी ओर मेदवेदेव शानदार फॉर्म में थे और उनकी सर्विस सिर्फ एक बार टूटी। उन्होंने 17 ऐस और 46 विनर लगाए। फाइनल में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी मेदवेदेव का सामना आठ बार के आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन जोकोविच से होगा जो 17 ग्रैंडस्लैम अपने नाम कर चुके हैं। जोकोविच ने सेमीफाइनल में 114वीं रैंकिंग वाले क्वालीफायर असलान करात्सेव को मात दी थी। मेदवेदेव 2019 अमेरिकी ओपन के फाइनल में नडाल से हारे थे। वह महानतम खिलाड़ियों में से एक के खिलाफ मेरा पहला फाइनल था और रविवार को मैं एक और महान खिलाड़ी से फाइनल खेलूंगा। मेदवेदेव को सेमीफाइनल जीतने में बस 75 मिनट लगे। सिटसिपास ने तीसरे सेट में लगातार तीन गेम जीतकर वापसी की कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हुए।

## मुंबई में हो सकते हैं आईपीएल लीग स्टेज के सभी मुकाबले

**नई दिल्ली ।** आईपीएल की फ्रैंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक पार्थ जिंदल के अनुसार आईपीएल-2021 के लीग स्टेज के सभी मुकाबले मुंबई में हो सकते हैं। इसके बाद नॉक आउट स्टेज के मैच अहमदाबाद में हो सकते हैं। जिंदल ने कहा जो मैं सुन रहा हूं और देख रहा हूं, उस हिसाब से अगर इंग्लैंड दौरे पर आ सकता है। अगर आईएसएल (इंडियन सुपर लीग) पूरा का पूरा गोवा में हो सकता है, अगर विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी हो सकती है। मैं नहीं समझता कि आईपीएल को भारत से बाहर जाना चाहिए। पार्थ जिंदल ने ईएसपीएक्रिकइंफो से कहा मुझे लगता है कि प्रबंधन इस बारे में विचार कर रहा है कि लीग स्टेज को एक ही शहर में आयोजित करवाया जाए और प्लेऑफ किसी अन्य मैदान पर करवाए जाएं। चर्चा इस बात पर है कि सारे लीग मैच एक ही शहर, मुंबई में करवा लिए जाएं, क्योंकि यहां तीन मैदान (वानखेड़े स्टेडियम, ब्रेब्रोन स्टेडियम और डीवाई पाटिल स्टेडियम) हैं। इसके अलावा प्रैक्टिस के लिए भी काफी सुविधाएं मौजूद हैं। जबकि, नॉक आउट मैच अहमदाबाद में करवाए जाएं। यह सब अभी अपुष्ट है, लेकिन मैं वही कह रहा हूं जो सब सुन रहा हूं। जिंदल ने यह भी कहा कि अगर लीग स्टेज के सभी मैच मुंबई में होते हैं तो दिल्ली की टीम को भी फायादा होगा। उनकी टीम में कप्तान श्रेयस के अलावा अजिंक्य रहाणे और पृथ्वी साव भी मुंबई के रहने वाले हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### टी20 लीग खेलने के लिए खिलाड़ियों को संन्यास लेना पड़ता है : संगकारा

मुंबई । श्रीलंकाई दिग्गज बल्लेबाज कुमार संगकारा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर आईपीएल फ्रेंचाइजी लीग को प्राथमिकता देने के विरुद्ध हैं लेकिन वह चाहते हैं कि खेल के फायदे के लिए आईसीसी और सदस्य देश दोनों में संतुलन बनाए। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने हाल ही में संकेत दिया था कि इंग्लैंड के खिलाफ दो जून से शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला से तारीखों का टकराव होने पर भी वह अपने खिलाड़ियों को आईपीएल खेलने से नहीं राकेगा। राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक संगकारा ने कहा कि यह विदित ही है कि सारे अनुबंध अंतरराष्ट्रीय अनुबंध से नीचे हैं। आईपीएल अनुबंध ऐसे बनाया गया है कि खिलाड़ियों को इसमें भाग लेने के लिए अपने बोर्ड से एनओसी लेनी पड़ती है। मुझे यकीन है कि संतुलन बनाया जा सकता है। यह कभी भी आदर्श या परफेक्ट संतुलन नहीं हो सकता लेकिन संतुलन जरूरी है ताकि घरेलू बोर्ड और खिलाड़ियों दोनों का फायदा हो सके। संगकारा ने कहा कि घरेलू बोर्ड और फ्रेंचाइजी लीग में खेलने वाले खिलाड़ियों में तनाव के चलते खिलाड़ियों को संन्यास लेना पड़ता है।जिससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को नुकसान होता है। यह बहस लंबे समय से चल रही है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में क्या आईपीएल के लिए विंडो होनी चाहिए। आईपीएल और घरेलू बोर्डों के बीच यह बातचीत होगी और शायद आईसीसी से भी बात हो। उन्होंने कहा कि यह अहम है कि घरेलू बोर्ड क्या चाहता है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिये सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का उपलब्ध होना जरूरी है। आईपीएल से खिलाड़ियों को काफी फायदा हुआ है। आईपीएल ने दुनिया भर के खिलाड़ियों को इस प्रारूप में अपने फन को निखारने का मौका दिया है जिसका असर वनडे और टेस्ट क्रिकेट में भी खेलने को मिला है। हमने देखा है कि भारत को इससे कितना फायदा मिला है। हाल ही में भारत ने आखिरी टेस्ट में आस्ट्रेलिया को जिस तरह से हराया, वह इसकी बानगी है।

### हरभजन की जगह टीम में जगह मिलने से उत्साहित हैं गौतम

अहमदाबाद । ऑलराउंडर कृष्णप्पा गौतम ने चेन्नई सुपर किंग्स में जगह मिलने पर कहा कि यह सपने के सच होने जैसा है और इस टीम में अपने आदर्श हरभजन सिंह की जगह लेना एक शानदार अहसास है। चेन्नई ने गुरुवार को हुई नीलामी में गौतम को 9.25 करोड़ रुपए की भारी भरकम कीमत में खरीदा है। गौतम ने कहा, हम सब जानते हैं कि चेन्नई सुपर किंग्स किस तरह की फ्रेंचाइजी है। वह यह सुनिश्चित करती है कि खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बाहर आए। मुझे बेहद खुशी है कि मैं महेंद्र सिंह धोनी और अन्य लोगों के साथ खेलूंगा। उन्होंने कहा, 'हम अहमदाबाद में अपने कमरों में थे और तनावपूर्ण माहौल था। मैं बहुत नर्वस था और मुझे कंपन हो रही थी। पत्नी के साथ फोन कॉल पर बात कर रहा था। इतने में हार्दिक और रोहित मुझसे मिलने आए। दोनों मेरे लिए बहुत खुश थे। उन्होंने मुझे गले लगाया और तहेदिल से बधाई दी। यह पल मेरे लिए बेहद खास था। कर्नाटक के आफ स्पिनर गौतम ने अपने आइडल हरभजन सिंह की जगह चेन्नई टीम में प्रमुख आफ स्पिनर के रूप में जगह बनाने के बारे में कहा, जब आपका कोई आइडल हो और आपको उनके स्थान को भरने का मौका मिले तो बहुत अच्छा लगता है। मैं इस खुशी को शब्दों में बयां नहीं कर सकता। यह कुछ ऐसा होता है जिसे हम केवल सोच सकते हैं और कभी-कभी जब यह सच हो जाता है तो सच में आश्चर्य होता है। आईपीएल की पिछले 2 सत्रों की बात करें इसमें गौतम का पंजाब किंग्स की तरफ से प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा है। दोनों सत्रों में गौतम ने केवल 9 मैच खेले और इसमें उन्होंने सिर्फ दो विकेट लिए। साथ ही बहुत अधिक रन रेट से रन भी लुटाए, हालांकि इस पर चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजी कोच लक्ष्मीपति बालाजी ने कहा कि पंजाब किंग्स में गौतम के आंकड़ों ने चेन्नई टीम प्रबंधन को परेशान नहीं किया। बालाजी के मुताबिक कर्नाटक के इस 32 वर्षीय आलरांडर के पास काफी अनुभव है और यह फ्रेंचाइजी के बड़े खिलाड़ी हो सकते हैं।

### श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं खेलेंगे शाकिब

ढाका । बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ईपीएल 2021 के पूरे सत्र में उपलब्ध रहने के कारण अप्रैल में श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से बाहर रहेंगे। वह फिटनेस टेस्ट के बाद तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में उपलब्ध हो सकते हैं। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के क्रिकेट संचालन अध्यक्ष अकरम खान ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि बोर्ड ने शाकिब को आईपीएल खेलने के लिए छुट्टी दे दी है। शाकिब ने हाल ही में हमें एक पत्र लिख कर श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से बाहर होने के बारे में बताया था, क्योंकि वह आईपीएल में हिस्सा लेना चाहते हैं। हमने उन्हें अनुमति दे दी है, क्योंकि कोई ऐसा कोई कारण नहीं है कि किसी ऐसे खिलाड़ी पर जोर डाला जाए जो टेस्ट खेलने के लिए इच्छुक नहीं है। शाकिब की यह दूसरी अंतररष्ट्रीय श्रृंखला होगी जिसमें वह शामिल नहीं होंगे। इससे पहले शाकिब को फरवरी-मार्च में न्यूजीलैंड के व्हाइट-बॉल दौरे से बाहर होने के लिए पितृत्व अवकाश दिया गया था। शाकिब एकमात्र ऐसे खिलाड़ी नहीं हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय टीम की तरफ से खेलने के बजाय आईपीएल को चुना है। इसकी पूरी संभावना है कि इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड भी अपने खिलाड़ियों को आईपीएल प्लेऑफ के वक्त न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए वापस न बुलाए। शाकिब ने एक साल के प्रतिबंध के बाद हाल में क्रिकेट में वापसी की थी। हालांकि इस प्रतिबंध के चलते वह आईपीएल के पिछले सत्र में नहीं खेल पाए थे।

## मोटेरा में टीम इंडिया सिर्फ 33 फीसदी टेस्ट जीती, इंग्लैंड यहां कभी नहीं जीता

**नई दिल्ली ।** भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट 24 फरवरी से अहमदाबाद के मोटेरा स्टेडियम में होना है। सीरीज के बचे दोनों टेस्ट इसी मैदान पर होंगे। चार मैचों की सीरीज अभी 1-1 से बराबर है। मोटेरा के इतिहास को देखें तो टीम इंडिया के प्रदर्शन को संतोषजनक कहा जा सकता है लेकिन बहुत अच्छा नहीं। दूसरी ओर इंग्लिश टीम यहां एक भी टेस्ट नहीं जीत सकी है। ऐसे में यह रिकॉर्ड टीम इंडिया के पक्ष में जाता है। टीम इंडिया ने मैदान पर अब तक कुल 12 टेस्ट खेले हैं। 4 में जीत मिली है। दो में हार मिली, जबकि 6 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। टीम ने यहां छह टीमों के खिलाफ टेस्ट




खेले हैं। विंडीज और दक्षिण अफ्रीका से एक-एक मैच में हार मिली है। भारत और इंग्लैंड के बीच यहां दो मुकाबले खेले गए हैं। एक मैच टीम इंडिया ने जीता है जबकि एक मुकाबला ड्रॉ रहा। टीम इंडिया ने मैदान पर अंतिम टेस्ट नवंबर 2012 में इंग्लैंड से ही खेला था। टीम ने यह मैच 9 विकेट से जीता था। मैच में भारत की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर प्रज्ञान ओझा ने 9 जबकि ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने 4 विकेट लिए थे। मैच में चेतेश्वर पुजारा ने नाबाद दोहरा शतक लगाया था। पुजारा दूसरी पारी में भी 41 रन बनाकर नाबाद रहे थे। यानी उन्हें इंग्लिश गेंदबाज आउट नहीं कर सके थे। टीम इंडिया के मौजूदा खिलाड़ियों की बात की जाए तो सिर्फ 5 खिलाड़ियों को मैदान पर टेस्ट खेलने का अनुभव है और सभी ने एक-एक ही टेस्ट खेला है। इनमें कप्तान विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा, आर अश्विन, इशांत शर्मा और उमेश यादव हैं। पुजारा ने बल्लेबाजी करते हुए आउट ही नहीं हुए हैं और 247 रन बनाए हैं। कोहली यहां पर हालांकि अर्धशतक नहीं लगा सके हैं और उनका उच्चतम स्कोर 19 रन है। वे कुल 33 रन बना चुके हैं। अश्विन ने 23 जबकि इशांत और उमेश अब तक रन नहीं बना सके हैं। मैदान पर सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले खिलाड़ी की बात करें तो राहुल द्रविड़ टॉप पर हैं। उन्होंने 7 मैच में 3 शतक और 1 अर्धशतक के सहारे 771 रन बनाए हैं। मौजूदा टीम में शामिल गेंदबाजों की बात करें तो मोटेरा में ऑफ स्पिनर आर अश्विन और तेज गेंदबाज उमेश विकेट के मामले में टॉप पर हैं। दोनों गेंदबाज ने एक-एक टेस्ट खेला है और 4-4 विकेट लिए हैं। इसके अलावा तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने एक टेस्ट में दो विकेट लि हैं। मैदान पर सबसे ज्यादा विकेट के मामले में लेग स्पिनर अनिल कुंबले टॉप पर हैं। उन्होंने 7 मैच में 36 विकेट लिए हैं। 115 रन देकर 5 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## श्रीलंकाई टीम के नए गेंदबाजी कोच का दायित्व चामिंडा वास ने संभाला

**कोलंबो ।** श्रीलंकाई क्रिकेट टीम में नए गेंदबाजी कोच का दायित्व पूर्व तेज गेंदबाज चामिंडा वास ने संभाल लिया है। श्रीलंका क्रिकेट ने आगामी वेस्ट इंडीज दौरे से पहले शुक्रवार को यह घोषणा की। डेविड सकर के निजी कारणों से गेंदबाजी कोच के पद से इस्तीफा देने के बाद वास को नियुक्त किया गया है। सकर को 2019 में यह पद दिया गया था। वास इससे पहले श्रीलंका के हाई-परफॉरमेंस सेंटर में तेज गेंदबाजी कोच के रूप में कार्यरत थे। वास ने अपने अंतररष्ट्रीय करियर में 111 मैचों में 355 टेस्ट विकेट और 322 मैचों में 400 एकदिवसीय विकेट लिए हैं।



श्रीलंका को तीन मार्च से होने वाले विंडीज दौरे में में तीन टी-20, तीन वनडे और दो टेस्ट खेलने हैं। सभी मैच एंटिगा में दर्शकों के बिना खेले जाएंगे।

## आईपीएल नीलामी 2021 में श्रीलंकाई खिलाड़ियों का ना चुना जाना बड़ा संदेशः जयवर्धने

**नई दिल्ली ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 के लिए टीमों ने नीलामी में अपने खिलाड़ियों का चयन कर लिया है। ऐसे में मुंबई इंडियंस के हेड कोच महेला जयवर्धने ने कहा कि ये दुखद है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 की मिनी ऑक्शन में एक भी श्रीलंकाई खिलाड़ी को नहीं चुना गया। उन्होंने कहा, ये एक बड़ा संदेश है कि श्रीलंकाई खिलाड़ियों को अपने खेल को सुधारने की जरूरत है। लसिथ मलिंगा के संन्यास लेने के फैसले और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के नीलामी के आगे इसुरु उदाना को रिलीज करने




के फैसले का मतलब है कि श्रीलंका का कोई भी खिलाड़ी अपने इतिहास में पहली बार लीग का हिस्सा नहीं होगा। उडाना, कुसल परेरा और थिसारा परेरा नीलामी का हिस्सा थे, लेकिन सभी अनसोल्ड हो गए जबकि रोकी जाफना लेग स्पिनर विजयकांत विलासंती ने उन 298 खिलाड़ियों में से एक बना दिया जिन्हें नीलामी के लिए चुना गया था। जयवर्धने ने इस बारे में बात करते हुए एक स्पोर्ट्स वेबसाइट से कहा, मुझे लगता है कि हमारे पास अभी भी प्रतिनिधित्व है, इसलिए हम खुश हैं (आईपीएल में अपने और संगकारा के बारे में मजाक करते हुए)। लेकिन हां, थोड़ा निराश हूं। मुझे यकीन है कि कुछ लोग रडार पर थे, लेकिन मुझे लगता है कि यह एक कठिन जगह है क्योंकि आप विदेशी खिलाड़ियों के लिए 20-स्लॉट देख रहे हैं और अधिकांश स्लॉट उन तेज गेंदबाजों और ऑलराउंडरों के लिए हैं, जिनकी मुझे लगता है कि श्रीलंका में कमी है। उन्होंने आगे कहा, लेकिन मुझे यकीन है कि युवा पीढ़ी इसके माध्यम से आगे आएगी और तब तक यह निराशाजनक है, लेकिन यह वही है। आईपीएल एक ऐसी जगह है जहां आप कोशिश करते हैं और विश्व से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों आते हैं और खेलते हैं। यह श्रीलंकाई खिलाड़ियों के लिए अच्छा खेल है कि वे अपने खेल के स्तर को ऊंचा उठाएं, प्रतिस्पर्धात्मक हों, जिससे वे आईपीएल का हिस्सा बन सकते हैं।




इटली में चल रही स्की वर्ल्ड चैम्पियनशिप के दौरान अमेरिका के रिवर आगे निकलने की होड़ में।

## जिम्बाब्वे के विरुद्ध टेस्ट श्रंखला खेलेंगे राशिद खान

### नहीं खेल पाएंगे कई पीएसएल मैच

**करांची ।** अफगानिस्तान के क्रिकेट सितारा खिलाड़ी स्पिनर राशिद खान जिम्बाब्वे के विरुद्ध दो मैचों की टेस्ट श्रंखला का हिस्सा होंगे जिस कारण वह पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के कई मैच नहीं खेल पाएंगे। इस 22 वर्षीय स्पिनर राशिद लाहौर कलंदर्स टीम का हिस्सा हैं। वहीं अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच टेस्ट सीरीज 2 मार्च से अबू धाबी में होगी। असगर अफगान अफगानिस्तान का नेतृत्व करेंगे। अफगानिस्तान की टीम में मुनीर अहमद कक्कड़, शाहिदुल्लाह कमाल, बहिर शाह मोहबूब, फजल हक फारूकी, अब्दुल मलिक, सलीम सफी और जिया उर रहमान अकबर के साथ कई नए चेहरे भी हैं, जो अपना पहला टेस्ट खेलेंगे, अगर वह इलेवन में शामिल नहीं होता है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने ट्वीट करते हुए कहा, यहां संयुक्त अरब अमीरात में जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी 2 टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए अफगानिस्तान टीम है। **अफगानिस्तान की टीम :** असगर अफगान (कप्तान), इब्राहिम जद्रन, रहमत शाह, जावेद अहमदी, हशमतुल्ला शाहिदी, अफसर जजई, नासिर जमाल, अब्दुल मलिक, मुनीर अहमद काकर, शाहिदुल्लाह कमाल, बहिर शाह मोहबूब, राशिद खान, अमीर हमजा, फजल हजल, फजल हजल शिरजाद, सलीम सफी, वफादार मोमेंट, ज़िया उर रहमान अकबर, यामीन अहमदजई। **जिम्बाब्वे की टीम :** सीन विलियम्स (कैप्टन), रेयान बर्ल, सिकंदर रजा, रेगिस चकावा, केविन कसुजा, वेसली मधेवरे, वेलिंगटन मसाकाद्जा, प्रिंस मसवुरे, ब्रैंडन मावुटा, तारिषा मुसकंडा, रिचमंड मुटुंबामी, आशीर्वाद मुजाराबानी, रिचर्ड

## रबाडा ने आईपीएल से पहले दक्षिण अफ्रीकी टीम को दी प्राथमिकता

**नई दिल्ली ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम दिल्ली कैपिटल्स को बड़ा झटका लगा है। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने संकेत दिये हैं कि वो आईपीएल 2021 के पहले हफ्ते से बाहर रह सकते हैं। दिल्ली कैपिटल्स के इस दिग्गज खिलाड़ी ने ये बात इसलिए कही है क्योंकि रबाडा ने आईपीएल से पहले दक्षिण अफ्रीकी टीम को प्राथमिकता देने का फैसला किया है, जो कि उस वक्त पाकिस्तान में सीरीज खेल रही होगी। हालांकि अबतक आईपीएल की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान की सीरीज की वजह से रबाडा आईपीएल में एक हफ्ते की देरी से जुड़ सकते हैं। दक्षिण अफ्रीकी वेबसाइट से बातचीत में रबाडा ने साफतौर पर कहा कि वो आईपीएल से पहले देश के लिए ही खेलेंगे। बता दें रबाडा पिछले आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेकर पर्पल कप विनर बने थे। उन्होंने 17 मैचों में कुल 30 विकेट अपने नाम



किये थे। रबाडा ने कहा, 'देश पहले आता है हो सकता है मैं आईपीएल के हफ्ते में नहीं खेल पाऊं। अगर पाकिस्तान के साथ सीरीज उसी वक्त शुरू होती है तो ऐसा हो सकता है। वैसे दिल्ली मेरा भारत में दूसरा घर है लेकिन देश की सेवा पहली प्राथमिकता है।' बता दें दक्षिण अफ्रीका को पाकिस्तान में 4 टी20 और 3 वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। ये दौरा 2 अप्रैल से 16 अप्रैल तक चलेगा। ऐसे में माना जा रहा है कि दिल्ली कैपियल्स को रबाडा की सेवाएं पहले हफ्ते में शायद ही मिल पाएंगी। बता दें दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2021 नीलामी में कुछ ऐसे तेज गेंदबाज खरीदे हैं जो रबाडा की जगह ले सकते हैं। दिल्ली ने उमेश यादव को अपनी टीम में शामिल किया है साथ ही टी20 स्पेशलिस्ट टॉम करन भी दिल्ली के साथ जुड़े हैं। इसके अलावा दिल्ली के एनरिच नॉर्खिया, इशांत शर्मा, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, डेनियल सैम्स, लुकमान मैरीवाला जैसे तेज गेंदबाज भी मौजूद हैं। आईपीएल 2021 के लिए दिल्ली कैपिटल्स की टीमः शिखर धवन, पृथ्वी शॉ, अजिंक्य रहाणे, ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, अमित मिश्रा, इशांत शर्मा, रविचंद्रन अश्विन, ललित यादव, हर्षल पटेल, आवेश खान, प्रवीन दुबे, कगिसो रबाडा, एनरिच नॉर्खिया, मार्कस स्टोइनिस, शिमरोन हेटमायर, क्रिस वोक्स, डेनियल सैम्स, स्टीव स्मिथ, उमेश यादव, रिपल पटेल, विष्णु विनोद, लुकमान हुसैन मैरीवाला, एम सिद्धार्थ, टॉम करन, सैम बिलिंग्स।



## के-पॉप नृत्य शैली की ओर आकर्षित हो रहीं माधुरी दीक्षित

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने आजकल लोकप्रिय के-पॉप नृत्य शैली की ओर आकर्षित हो रही हैं। उनका कहना है कि 'यह नृत्य कला है क्योंकि इसमें कोरियोग्राफी है। युवाओं को यह बहुत पसंद आ रही है।' माधुरी ने बताया कि 'ऐसी कई सारी नृत्य शैलियां हैं, जो हमें देखने को मिल रही हैं। इनमें कुछ फ्री स्टाइल डांस हैं, तो कुछ प्रयोगित नृत्य हैं। कुल मिलाकर जब भी आप डांस में कुछ नया करने की कोशिश करते हैं, हमें एक अलग डांस फॉर्म देखने को मिलता है। ऐसे नए डांस फॉर्म देखना हमेशा आकर्षक होता है।' जानकारी के अनुसार, माधुरी दीक्षित ने 3 साल की उम्र से नृत्य करना शुरू कर दिया था और वह एक प्रशिक्षित क्लासिकल डांसर हैं। उन्होंने कथक नृत्य सीखा है।



## दिलजीत बने प्रोड्यूसर

पंजाबी अभिनेता–गायक दिलजीत दोसांझ इस दशहरे में आ रही फिल्म 'हौसला रख' के लिए निमार्ता की कुर्सी संभाल रहे हैं। फिल्म में दिलजीत अभिनय करते भी नजर आएंगे। इसमें सोनम बाजवा, शहनाज गिल जैसी अभिनेत्रियां भी हैं। दिलजीत ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर फिल्म के फर्स्ट लुक को साझा किया है। इसमें स्केच्ड वर्जन में दिलजीत एक बेबी कैरियर और एक मुस्कुराते हुए बच्चे के साथ नजर आ रहे हैं। दिलजीत ने पोस्टर के साथ फिल्म के रिलीज होने की तारीख की भी घोषणा की। दिलजीत और सोनम एक जोड़ी के रूप में पहले से ही काफी मशहूर हैं। साल 2019 में आई हिट फिल्म 'शदा' के गाने 'टॉमी' में इन दोनों के डांस को दर्शकों ने खूब पसंद किया था।



## कर्टनी ने ट्रैविस बार्कर से अपने रिश्त का किया खुलासा

कोर्टनी कार्दशियन ने लंबे समय के दोस्त ट्रैविस बार्कर के साथ अपने रिश्ते का खुलासा किया है। रियलिटी टीवी स्टार कर्टनी ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह अपने प्रेमी संगीतकार ट्रैविस का हाथ थामे हैं। शेयर फोटो के साथ उन्होंने कोई कैप्शन नहीं लिखा। मगर, उनके टैटू से उनकी पहचान की जा सकती है। इसके अलावा ट्रैविस ने भी पोस्ट पर एक दिल वाला इमोजी पोस्ट कर उस तस्वीर को रीपोस्ट किया। बता दें कि यह पहला मौका है जब कर्टनी अपने पार्टनर स्कॉट डिसिक के साथ अलग होने के बाद किसी के साथ अपने रिश्ते को लेकर सार्वजनिक हुई है, उनके तीन बच्चे हैं।



ट्रैविस बार्कर



## संतुलन बहुत जरूरी है, तब भी जब आप गिर रहे हों: सनी लियोनी

बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी ने जिंदगी में ऊपर उठने के लिए एक मंत्र दिया है।

हाल में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक क्लिप पोस्ट करते हुए बुद्धिमत्तापूर्ण बात भी शेयर की हैं। सनी ने इंस्टाग्राम पर एक स्लो-मोशन वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने मस्टर्ड कलर का जंपसूट पहना है और ऐसे पोज दे रही हैं, जैसे वह धीरे-धीरे पूल में गिर रही हों। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा कि 'संतुलन बहुत जरूरी है, तब भी जब आप नीचे गिर रहे हों।' बता दें कि सनी इस समय एमटीवी के रियलिटी शो 'स्प्लिट्सविला' की शूटिंग के लिए केरल में हैं। वहीं पिछले महीने उन्होंने मुंबई में अपने पहले वेब शो 'अनामिका' का पहला शेड्यूल किया था। इसका निर्देशन विक्रम भट्ट कर रहे हैं।













